सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 08 मार्च, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 64, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। } 14

## मुर्मू ने ममता को छोटी बहन बताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ममता बनर्जी को अपनी छोटी बहन बताया और हैरानी जताई कि क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री किसी बात को लेकर नाराज हैं, क्योंकि उत्तर बंगाल दौरे के दौरान उनका स्वागत करने के लिए न तो मुख्यमंत्री आईं और न ही कोई अन्य मंत्री मौजूद था। } 16



# ईरान ने इजरायल पर किया भीषण हमला, अमेरिकी सिस्टम 'थाड' को बनाया निशाना





तेल अवीव/तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज आठवां दिन है।ईरान ने बीते एक हफ्ते में सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) सिस्टम को निशाना बनाया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस पर लगे थाड का रडार सिस्टम तबाह हो गया है।एक थाड सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि थाड के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार थाड सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 थाड सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है। ईरान का एक युद्धपोत कफकर लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। कफकर लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे।इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत कफकर देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था।हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए। यमन के सना में, शुक्रवार को ईरान और लेबनान के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हूती समर्थकों ने खामेनेई की याद में रैली निकाली। इस दौरान लोग खामेनेई की तस्वीरों वाले पोस्टर पकड़े हुए थे। ब्रिटेन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले के लिए मांगी माफी



दुबई। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए शनिवार को माफी मांगी, जबकि उसी दौरान उनके मिसाइल और ड्रोन खाड़ी अरब देशों की ओर बढ़ रहे थे।

गत 28 फरवरी को हुए हवाई हमले में युद्ध शुरू होने और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने यह संदेश ठीक एक सप्ताह बाद दिया। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार आत्मसमर्पण की मांगों को भी खारिज कर दिया। ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। पेजेश्कियान के संदेश के तुरंत बाद, ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को निशाना बनाया जायेगा और आज ईरान पर जबरदस्त प्रहार किया जायेगा। ट्रंप ने अपनी वेबसाइट ट्रुथ सोशल पर ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्होंने तेहरान के हमलों को लेकर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा पड़ोसी देशों से माफी मांगने का जिक्र किया। ट्रंप ने लिखा ईरान के खराब व्यवहार के कारण अब ऐसे इलाकों और लोगों के समूहों को भी निशाना बनाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, जिन्हें अब तक निशाना बनाने के लिए नहीं सोचा गया था। पेजेश्कियान ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग एक ऐसा ख्वाब है, जिसे उन्हें अपनी कब्र तक साथ ले जाना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी बना विश्वास का प्रतीक : योगी

## सरकार व समाज मिलकर काम करते हैं तो निकलते हैं अच्छे परिणाम, बेहतर स्वास्थ्य सेवा का सबको अधिकार

**विशेष संवाददाता**

आगरा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज, सरकार व संस्थाएं एक साथ एक दिशा में सोचना शुरू करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास में बदलता है। विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होनी चाहिए। इसके लिए लोगों को प्रयास करना होता है। यूपी आज विश्वास का प्रतीक बना है। मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने अपने संबोधन में 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश में मेडिकल क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं। स्वास्थ्य सुविधा सही, सस्ती और विश्वसनीय होनी चाहिए। सीएम ने आशा जताई कि यथार्थ ग्रुप अवश्य परिणाम देगा और लोगों को स्वस्थ जीवन देकर पुण्य अर्जित करेगा। सरकार भी इस क्षेत्र में हर सहयोग देने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने कहा कि हर व्यक्ति को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा का अधिकार मिलना चाहिए और हर संप्रभु देश को अपने नागरिकों को यह सुविधा देनी चाहिए। 11 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया में नई पहचान मिली है। हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत को देख रहे हैं। यहां विरासत व विकास के अद्भुत समन्वय का स्वरूप है तो समग्र विकास की सभी अवधारणाओं को भी साकार रूप से उद्घाटित होते हुए देख रहे हैं। हाईवे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, रेलवे की नई लाइनें और टेक्नोलॉजी के साथ ही वंदे भारत, अमृत भारत, नमो भारत में यात्रा करने का आनंद प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, लेकिन जब ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अयोध्या की तरह मथुरा में भी बनेगा भव्य श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर : योगी

**जिला संवाददाता**

मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मथुरा के दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की और ब्रज क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 7 मार्च 2025 को मथुरा के बरसाना में राधा रानी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित मंदिर तक जाने के लिए नए रोपवे का इस्तेमाल किया और ब्रज क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों (जैसे 118 विकास परियोजनाएं) की समीक्षा की। सीएम ने बरसाना की प्रसिद्ध होली और ब्रज विकास के तहत राधा रानी के दर्शन किए। 15.89 करोड़ रुपये की लागत से बने नए रोपवे के जरिए वे मंदिर पहुंचे, जिससे श्रद्धालुओं को 251 सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ेंगी। मथुरा-वृंदावन के विकास कार्यों का निरीक्षण किया और संतों के साथ बैठक की। सीएम ने ब्रज क्षेत्र में अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकास का आश्वासन दिया और फूलों की होली भी खेली। यह दौरा उत्तर प्रदेश में तीर्थ स्थलों के विकास और सांस्कृतिक विरासत को बहाल करने की योगी सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## रसोई गैस सिलेंडर 60 रुपये महंगा

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है।

हालांकि, सरकारी सूत्रों ने तुरंत स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 853 रुपये थी। एक साल से भी कम समय में कीमत में यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को भी इतनी ही वृद्धि झेलनी होगी। उन्हें अब 300 रुपये की सब्सिडी के बाद प्रति सिलेंडर 613 रुपये देने होंगे। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के कारण यह वृद्धि आवश्यक थी। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## मीटर के नाम पर वसूले गये करोड़ो रुपये वापस करें : नियामक आयोग

लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग ने शनिवार को बिजली कंपनियों को आदेश दिया है कि 1 अप्रैल 2026 से जिन भी विद्युत उपभोक्ताओं से निर्धारित दरों से अधिक धनराशि वसूली गई है, उसे उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में समायोजित किया जाए। साथ ही समायोजन की पूरी विस्तृत रिपोर्ट 31 जुलाई 2026 तक आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त 2026 को होगी, जिसमें पावर कॉर्पोरेशन के निदेशक (वाणिज्य) को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश जारी किया गया है। विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह द्वारा फैसले पर हस्ताक्षर करके बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किए गए। उल्लेखनीय है कि 10 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक, जब तक नई कॉस्ट डाटा बुक लागू नहीं हुई थी।

## बालेंद्र शाह की पार्टी ने हासिल की भारी जीत

काठमांडू। रैपर से राजनीतिक नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में जेन जेड के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में शनिवार को भारी जीत की ओर अग्रसर है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित आरएसपी ने अब तक घोषित 50 सीटों के परिणाम में से 39 सीट जीत ली हैं जिनमें काठमांडू जिले के 10 निर्वाचन क्षेत्रों में इसकी प्रचंड जीत शामिल है, तथा अन्य 80 सीट पर आगे है। पार्टी ने बलेंद्र शाह को प्रधानमंत्री पद का अपना उम्मीदवार घोषित किया था और मधेश के धनुषा जिले के जनकपुर से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। वह संबंधित प्रांत में सूपड़ा-साफ करती दिख रही है।

# केशव मौर्य के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

## तकनीकी खराबी के चलते अचानक निकलने लगा धुआं

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कौशांबी जा रहे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर को लखनऊ से उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी आने के कारण आपात स्थिति में उतारा गया। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मौर्य के करीबी माने जाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को लखनऊ से कौशांबी जा रहे थे। कौशांबी में पूर्वाह्न साढ़े गयारह बजे आयोजित सरस महोत्सव कार्यक्रम में उन्हें शामिल होना था। जानकारी के मुताबिक उनके हेलीकॉप्टर से अचानक धुआं निकलने लगा, जिसके बाद एहतियातन तुरंत



अमौसी हवाई अड्डे पर उनके हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया। मौर्य, उनके सहयोगी विवेक और दो पायलट सहित हेलीकॉप्टर में सवार सभी पांच लोग सुरक्षित हैं। भाजपा नेता ने बताया कि शनिवार सुबह उपमुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर लामार्टिनियर ग्राउंड से उड़ान भरकर कौशांबी के लिए रवाना हुआ था। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलीकॉप्टर में तकनीकी समस्या के संकेत मिले और उसमें से धुआं निकलता दिखा। स्थिति को देख पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीकॉप्टर को वापस अमौसी हवाई अड्डे पर उतार दिया और किसी प्रकार की अनहोनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गुरमीत राम रहीम हत्या मामले में बरी

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक पत्रकार की हत्या के 2002 के मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को बरी कर दिया है। उच्च न्यायालय ने डेरा प्रमुख को इस मामले में एक विशेष सीबीआई अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सात साल बाद बरी किया। डेरा प्रमुख राम रहीम (58) अभी रोहतक की सुनारिया जेल में है। वह अपनी दो शिष्याओं के दुष्कर्म के जुर्म में 2017 में दी गयी 20 साल की जेल की सजा काट रहा है। मई 2024 में उच्च न्यायालय ने सीबीआई की विशेष अदालत के एक अन्य आदेश को पलट दिया था और 2002 में डेरा के पूर्व प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या के मामले में राम रहीम और चार अन्य को बरी कर दिया ...शेष पृष्ठ 14 पर

# हिंदू व सिख शरणार्थियों को देंगे नागरिकता

## एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर निकालेगी सरकार : शाह

**प्रमुख संवाददाता**

हरिद्वार। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के विरोध के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार केदारनाथ से लेकर कन्याकुमारी तक एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर निकालेगी। शाह ने यहां बैरागी कैंप में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) आया था तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने उसका जमकर विरोध किया था। उत्तराखंड में



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार के चार साल पूरे होने के मौके पर जन जन की सरकार, चार साल बेमिसाल नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए शाह ने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आए हिंदू, सिख, बौद्ध तथा जैन शरणार्थियों को इसी कारण आजादी से ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:16 | 5:02 | 6:09 | 5:14 |

### भीतर पढ़ें

- पं. गोविंद वल्लभ पंत के कार्यों से मिलती है प्रेरणा (पृष्ठ-02)
- खेल अनुशासन व चरित्र निर्माण का माध्यम (पृष्ठ-02)
- गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.03 करोड़ टन तय (पृष्ठ-14)
- ईपीएस-95 पेंशनभोगी करेंगे प्रदर्शन (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** — ईरान के युद्धपोत पर हुए अमेरिकी हमले को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने जतायी चिंता

# भारत अपनी शक्तियों से तय करेगा विकास की दिशा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत का उदय रोका नहीं जा सकता और देश अपनी शक्तियों के आधार पर ही अपने विकास की दिशा तय करेगा, न कि दूसरों की गलतियों के आधार पर।

रायसीना डायलॉग में जयशंकर की टिप्पणियां अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के उस बयान के दो दिन बाद आईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, भारत को उसी प्रकार के आर्थिक लाभ प्रदान करने की गलती नहीं दोहराएगा, जो उसने चीन को दिए थे और जिसके कारण बीजिंग एक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बन गया। जयशंकर ने हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग पर हुई चर्चा में कहा, आज जब हम देशों के उत्थान की बात करते हैं, तो देशों का उत्थान खुद उन्हीं देशों




द्वारा निर्धारित होता है। भारत का उत्थान भी भारत द्वारा ही निर्धारित होगा। उन्होंने किसी देश का नाम लिये बिना कहा यह हमारी ताकत से तय होगा, न कि दूसरों की गलतियों से। तीन दिन पहले श्रीलंका अपतटीय क्षेत्र में ईरान के युद्धपोत पर हुए अमेरिकी हमले को लेकर कुछ चिंताओं के बीच, जयशंकर ने हिंद महासागर में एक प्रमुख सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश तो डाला, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इससे क्षेत्र की वास्तविकताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस संदर्भ में उन्होंने डिएगो गार्सिया, जिबूती और हंबनटोटा के सैन्य अड्डों का उल्लेख किया। विदेश मंत्री ने इस सप्ताह कोच्चि में ईरानी नौसैन्य पोत आइरिस लावन के लिए तत्काल डॉकिंग की भारत की मंजूरी की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा हमें ईरान की तरफ से एक संदेश मिला कि एक पोत, जो संभवतः उस समय हमारी सीमाओं के सबसे करीब था, हमारे बंदरगाह में आना चाहता है। उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ समस्याएं आ रही हैं। एक मार्च को हमने उनसे कहा- आप आ सकते हैं। उन्हें आने में कुछ दिन लगे और फिर उन्होंने कोच्चि में लंगर डाला। श्रीलंका के अपतटीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एसआईआर में नाम जोड़ने के लिए करीब 70 लाख प्रपत्र मिले

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत छह जनवरी से छह मार्च के बीच मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए प्रपत्र-6 के माध्यम से 70.69 लाख से अधिक दावे और प्रपत्र-7 के माध्यम से 2.68 लाख आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को यह जानकारी दी।

रिणवा ने लोक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि दो महीने के दावे और आपत्ति अवधि के दौरान प्रपत्र-छह के माध्यम से 70,69,810 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 35,72,603 प्रपत्र महिलाओं और 34,96,911 पुरुषों द्वारा प्रस्तुत किए गए। यह दर्शाता है कि महिलाओं के आवेदनों की संख्या पुरुषों से अधिक है। तृतीय लिंग मतदाताओं ने इसके तहत 296 आवेदन प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि 27 अक्टूबर, 2025 से (जब पुनरीक्षण प्रक्रिया की घोषणा की गई थी) राज्य को प्रपत्र-छह के रूप में 86,69,073 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें पुरुषों से मिले 43,06,364, महिलाओं से मिले 43,62,323 और तीसरे लिंग के मतदाताओं से मिले 386 आवेदन शामिल हैं। रिणवा ने नामावलियों से नाम हटाने की आपत्तियों के ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# पं. गोविंद वल्लभ पंत के कार्य प्रेरणास्रोत : योगी

## यूपी के विकास के लिए पं. गोविंद वल्लभ पंत ने अनेक कदम उठाए

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पूर्व गृह मंत्री व उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भारत मां का महान सपूत, प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कुशल अधिवक्ता व सुयोग्य प्रशासक बताया। सीएम ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अपने समय में उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म वर्तमान उत्तराखंड में हुआ था, उस समय उत्तराखंड संयुक्त प्रांत का हिस्सा था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वह वकालत छोड़कर स्वाधीनता संग्राम में कूद पड़े थे। जब देश गुलाम था, तब 1937 में उत्तर प्रदेश के प्रीमियर के रूप में उनका चयन हुआ था। उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में पं. गोविंद बल्लभ पंत जी का स्मरण सभी करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पंत जी ने विकास की जो आधारशिला रखी और जो विजन प्रस्तुत किया, उसका अनुसरण करते हुए उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना हुआ है। यूपी आज जो कुछ भी कर पा रहा है, उसके पीछे पं. गोविंद बल्लभ पंत की सोच है। उन्होंने अपने समय में उत्तर प्रदेश के विकास व सुधार के लिए अनेक कदम उठाए। उन्होंने गृह मंत्री के रूप में देश को अमूल्य सेवाएं दीं। राजभाषा हिंदी के प्रोत्साहन, प्रचार-प्रसार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। देश की स्वाधीनता में अमूल्य योगदान तथा उत्तर प्रदेश व देश की बहुमूल्य सेवा के लिए 1957 में उन्हें भारत रत्न प्रदान किया गया। पं. गोविंद बल्लभ पंत के कार्य आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड में तैयार हो रहा नया इंडस्ट्रियल हब

- औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ते कदम, तेजी से हो रहा भूमि अधिग्रहण
- अब तक 24 हजार एकड़ भूमि अर्जित, बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स की तैयारी

**लखनऊ।** बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है जिससे क्षेत्र में बड़े निवेश और उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार बीडा क्षेत्र में कुल 33 गांवों में लगभग 56,662 एकड़ भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। इसमें प्रथम चरण में 35,298 एकड़ और द्वितीय चरण में 21,364 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है। अब तक कुल 24,201 एकड़ से अधिक भूमि अर्जित की जा चुकी है, जिससे औद्योगिक परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया तेज हो गई है। योगी सरकार का लक्ष्य बुंदेलखंड को देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना है। इसके लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास, निवेश आकर्षित करने और उद्योगों को स्थापित करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण की गति बढ़ने से अब क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाओं के लिए जमीन उपलब्ध हो रही है, जिससे निवेशकों की रुचि भी बढ़ी है। सरकार की यह पहल बुंदेलखंड को औद्योगिक दृष्टि से मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे आने वाले समय में यह क्षेत्र निवेश और उद्योगों का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इस क्षेत्र में करीब 300 एकड़ भूमि पर नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के साथ दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इससे बुंदेलखंड देश के प्रमुख औद्योगिक कॉरिडोर से सीधे जुड़ सकेगा और यहां उद्योगों की स्थापना को नई गति मिलेगी। औद्योगिक विकास के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में भी बड़े निवेश की योजना बनाई जा रही है। करीब 250 एकड़ भूमि पर बैटल टैंक की एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल) सुविधा तथा कॉम्बैट व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना है।

# कांग्रेस सभी धर्मों का सम्मान करती है

## बोले अविनाश पाण्डेय, कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर हुआ रोजा इफ़्तार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रमजान के अवसर पर शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय लखनऊ पर रोजा इफ़्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर से आए रोजेदारों, शहर के सम्मानित नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इफ्तार के समय सभी ने मिलकर देश की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ की।

रोजा इफ्तार कार्यक्रम में ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महल्ली, मशहूर शिया धर्म गुरू मौलाना यासूब अब्बास, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजले मन्नान वाइजी, मौलाना सूफियाना निजामी, मौलाना वासिफ वाइजी, सीनियर एडवोकेट और बार काउंसिल नेता सैय्यद महफूजुर रहमान फैजी पूर्व मंत्री मोईद अहमद समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। रोजा इफ़्तार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना राष्ट्रीय सचिव, सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर एवं तौकीर आलम, शहनवाज आलम शामिल रहे। इसके साथ ही रोजा इफ्तार कार्यक्रम में राज्य सभा में उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, राकेश राठौर, इमरान मसूद, तनुज पुनिया सांसदगणों ने भी रोजा इफ़्तार कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर अविनाश पाण्डेय ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें आपसी भाईचारे, प्रेम, त्याग, और इंसानियत का संदेश देता है, यह महीना समाज में एकता, सद्भाव, और आपसी विश्वास को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से सभी धर्मों का सम्मान करती आई है और देश में गंगा जमुनी तहजीब और सामाजिक सौहार्द बनायें रखने के लिए समय-समय पर होली मिलन और रोजा इफ़्तार जैसे कार्यक्रमों के माध्यमों से मानवता का संदेश देती आई है।

इस मौके पर अजय राय ने कहा कि यह रमजान का पवित्र माह इबादत और आत्मिक शुद्धि का अवसर होता है, जिसमें हम अल्लाह की इबादत और कुरान का पाठ कर अपने आचरण को पवित्र बनाते हैं। इसके साथ ही अपनी क्षमता अनुसार गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करके पुण्य कमाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद पीएन पुनिया, कमल किशोर कमाण्डो, पूर्व मंत्री राजबहादुर, डा. मसूद, पूर्व विधायक सतीश अजवानी, श्याम किशोर शुक्ला, अंशू अवस्थी, चौधरी सलमान कादिर सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं रोजेदारों ने रोजा इफ्तार कार्यक्रम में इफ्तार किया।

# भाजपा सपा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही

## पार्टी को बदनाम करने के लिए एक गाना लांच कराया गया, लिखायेंगे एफआईआर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व कई नेताओं ने शनिवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया। अखिलेश यादव ने सभी नये साथियों का पार्टी में स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि सबकी एकजुटता से 2027 में भाजपा सत्ता से बाहर जाएगी और सपा सत्ता में आएगी।

सपा की सदस्यता लेने वालों में प्रमुख रूप से रोहित कुमार पाण्डेय एडवोकेट जो संतकबीर नगर में कांग्रेस के चुनाव निशान पर लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। बीएसएफ के पूर्व डीआईजी राम सलत राम एवं मुजफ्फरनगर के अंकित सिंह। प्रगतिशील शिक्षक एवं प्रबुद्ध समाज मंच की प्रयागराज, लखनऊ, इटावा, लखीमपुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, कौषाम्बी, आजमगढ़, संतकबीरनगर, ललितपुर, कानपुर नगर, कुषीनगर, गोरखपुर ग्रामीण एवं नगर, अम्बेडकर नगर, सिद्धार्थनगर, लखनऊ इकाईयों के तमाम शिक्षकों एवं बुद्धिजीवियों ने बड़ी संख्या में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधान परिषद में विरोधी दल के नेता लाल बिहारी यादव के विशेष प्रयासों प्रगतिशील शिक्षक एवं प्रबुद्ध समाज मंच सपा में शामिल हुआ। इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार माफियाओं की सरकार है। यह सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के कारण महंगाई चरम पर पहुंच गई है। यह सरकार टैक्स लगाकर मंहगाई बढ़ाती जा रही है। आज ही एलपीजी गैस के दाम 60 रुपये बढ़ गये है। जब किसी चीज की मंहगाई एक बार बढ़ जाती है तो वह कम नहीं होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सपा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। सपा को बदनाम करने के लिए एक गाना लांच कराया गया है। पार्टी की तरफ से उस गाने पर एफआईआर लिखायी जाएगी। उन्होंने पार्टी को बदनाम करने वाले गाने पर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि सपा का विजन विकास, नौकरी, रोजगार है लेकिन भाजपा और उसके लोग सपा को बदनाम करने के लिए षडयंत्र करते रहते है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा थर्मल पावर प्लांट लगाये गये। भाजपा सरकार ने अपने नौ साल के कार्यकाल में बिजली का एक भी पावर प्लांट नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि सपा सबके साथ से पीडीए सरकार बनाकर सभी को सामाजिक न्याय दिलायेगी ओर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करेगी। चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग झूठा है अगर सपा ने इतना शोर न मचाया होता तो भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोट कटवाने की तैयारी की थी। चुनाव आयोग बताए कि इतनी बड़ी संख्या में प्रिन्टेड फार्म 7 कहां से आए थे? सुल्तानपुर में वोट कटवाने के लिए नंदलाल की दस्तखत किसने किया था।

# यूपी बनेगा आधुनिक टेक्नोलॉजी बेस्ड गोसंरक्षण मॉडल स्टेट

## आईआईटियन 300 गोशालाओं में लगायेंगे बायोगैस प्लांट

- सॉफ्टवेयर कंपनी को छोड़कर यशराज किसानों के साथ करेंगे गो संरक्षण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोसंरक्षण के विजन को अब आधुनिक तकनीक की शक्ति मिलेगी। योगी सरकार ने आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्र और उनकी टीम के सहयोग से अब उत्तर प्रदेश की 300 से अधिक गोशालाओं में बायोगैस प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई है। इन प्लांटों के माध्यम से गोबर-गोमूत्र से स्वच्छ ऊर्जा, जैविक खाद एवं अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे, जो ग्रामीण रोजगार का बड़ा जरिया बनेंगे। मुख्यमंत्री के विजन को अब नयी पीढ़ी की तकनीक और युवाओं की ऊर्जा का साथ मिलने से यूपी देश का आधुनिक टेक्नोलॉजी बेस्ड गोसंरक्षण मॉडल वाला राज्य बनने जा रहा है।

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गोसंरक्षण को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचगव्य से तैयार उत्पादों को उद्योग से जोड़कर युवाओं के लिए आजीविका का नया मॉडल बनेगा। इस पहल की अगुवाई आईआईटी खड़गपुर के पासआउट छात्र यशराज गुप्ता कर रहे हैं, जिन्होंने शनिवार को जालौन में अपने चार अन्य साथियों के साथ गोसेवा आयोग की टीम से मिलकर गोसंरक्षण पर काम करने की रणनीति बनाई है। जालौन से इस परियोजना की शुरूआत होने जा रही है। खास बात यह है कि यशराज ने एक प्रतिष्ठित सॉफ्टवेयर कंपनी का दो करोड़ रुपये का सालाना पैकेज छोड़कर गोसेवा से जुड़े इस सामाजिक और पर्यावरणीय मिशन को चुना है। यशराज का कहना है कि गो आधारित अर्थव्यवस्था भारत की परंपरा और स्थायी विकास मॉडल, दोनों से जुड़ी है। अगर तकनीक का सही उपयोग किया जाए तो यह ग्रामीण आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन सकती है।

शुरूआत में जालौन जिले की गोशालाओं में बायोगैस प्लांट्स स्थापित करने की योजना बनाई गई है, जिनसे जैविक खाद, बायो-सीएनजी और बिजली का उत्पादन किया जा सकेगा। सफल प्रयोग के बाद प्रदेश के 300 से अधिक गोआश्रय स्थलों में इसी तकनीक का विस्तार किया जाएगा। यशराज और उनकी टीम ने पंचगव्य वैल्यू चेन (गोमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी) के औद्योगिक उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। गोसेवा आयोग के पदाधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ मिलकर यह टीम ऐसे उत्पाद तैयार करेगी, जिनकी बाजार में ब्रांडिंग और बिक्री की संभावनाएं मौजूद हैं। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि योगी सरकार गोसंरक्षण के साथ-साथ उससे जुड़े आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों को भी आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री के विजन के तहत गोआश्रय स्थल अब पशुधन संरक्षण के साथ ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के केंद्र बनेंगे। इससे गांवों में रोजगार बढ़ेगा और किसान की आमदनी में सीधा इजाफा होगा। जालौन से शुरू हो रही यह परियोजना यूपी के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। स्टार्टअप के माध्यम से आईआईटी खड़गपुर से निकले सॉफ्टवेयर इंजीनियर यशराज और उनकी टीम ने आने वाले समय में इस मॉडल को प्रदेश भर में लागू करने का लक्ष्य बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि गोसंरक्षण केवल सेवा या परंपरा का विषय नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का आधार बने।

# खेल युवाओं में अनुशासन और चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम

विशेष संवाददाता (vol)

- डा. राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन, विजेताओं को दी 1 लाख की प्रोत्साहना राशि
- डा. राजेश्वर सिंह ने अर्पित त्रिवेदी को दी श्रद्धांजलि, परिवार को 1 लाख सहायता की घोषणा



**लखनऊ।** सैनिक वॉलीबॉल क्लब सरोजनीनगर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए डा. राजेश्वर सिंह ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य, अनुशासन और चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान हमें यह सिखाता है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता–नियमित अभ्यास, टीमवर्क और दृढ़ संकल्प ही जीत की राह बनाते हैं।

इस दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, नियमित अभ्यास, टीमवर्क और दृढ़ संकल्प से ही जीत मिलती है। खेल हमें यह भी सिखाते हैं कि कोई अकेला नहीं जीतता, पूरी टीम जीतती है। जीवन में भी सहयोग, नेतृत्व और परिश्रम से ही बड़ी उपलब्धियाँ हासिल होती हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखकर उनमें सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए श्यामेन्द्र सिंह चौहान एवं विष्णु प्रताप सिंह को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ने का प्रेरणादायक अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजन के लिए 1 लाख का सहयोग भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सरोजनीनगर के अत्यंत प्रतिभाशाली खिलाड़ी और प्रिय सदस्य स्वर्गीय अर्पित त्रिवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डा. राजेश्वर सिंह ने उनकी स्मृति में उनके परिवार को 1 लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की।

इस अवसर पर उनके पिता अवधेश त्रिवेदी की उपस्थिति ने सभी को भावुक कर दिया और अर्पित की स्मृतियां फिर से ताजा हो गईं। डा. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद, मिल्खा सिंह और नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों ने दुनिया को दिखाया है कि मेहनत और अनुशासन से भारत का युवा विश्व में अपना परचम लहरा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और देश के गौरव के लिए खेलें। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि खेल को जीवन का हिस्सा बनाकर हम एक स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान शिव शंकर सिंह, शंकरी, पार्षद गीता देवी, पार्षद प्रतिनिधि संजय गुप्ता, शिव कुमार सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, मोनू, अवधेश त्रिवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, अंकित त्रिवेदी, अमन शुक्ला, अतुल यादव, अनुराग सिंह तथा राहुल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मध्य कमान में रणनीतिक संचार सम्मेलन का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मध्य कमान भारतीय सेना ने 7 मार्च को लखनऊ में अपना पहला स्ट्रेटिजिक कम्युनिकेशन कॉनक्लेव आयोजित किया, जिसमें लगभग 500 लोग शामिल हुए। लखनऊ कैंटोनमेंट के सूर्य ऑडिटोरियम में आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे में रणनीतिक संचार पर विचार-विमर्श और पैनल चर्चाएँ हुईं। पैनलिस्टों और वक्ताओं में वरिष्ठ राजनयिक, सरकारी संचार विशेषज्ञ और मीडिया जगत से रक्षा और विदेश नीति के विशेषज्ञ शामिल थे। उपस्थित लोगों में मध्य कमान, भारतीय सेना के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, और सरकारी तथा निजी क्षेत्रों के संचार पेशेवर शामिल थे। सम्मेलन में संस्थागत और राष्ट्रीय सुरक्षा आयामों पर एक विशेषज्ञ नीति-स्तरीय सत्र शामिल था। दो विषयगत मीडिया पैनल चर्चाओं में धारणा प्रबंधन और सूचना शक्ति पर बात की गई, जिसके बाद मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस पर एक विशेष संवाद सत्र हुआ, जिसमें नीति और परिचालन दृष्टिकोणों को एकीकृत किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में, मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि संघर्षों की प्रकृति में एक मौलिक बदलाव आया है, क्योंकि अब युद्ध क्षेत्र में सूचना और संज्ञानात्मक क्षेत्र भी शामिल हैं।

धारणा प्रबंधन की भूमिका के महत्वपूर्ण होने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि धारणा ही वैधता को आकार देती है, वैधता प्रभाव को आकार देती है, और प्रभाव ही परिणामों को आकार देता है।

सेना कमांडर ने आख्यानों के हथियार के रूप में इस्तेमाल और युद्ध की सीमा से नीचे के संघर्षों से उत्पन्न खतरे के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि रणनीतिक संचार केवल प्रतिक्रियात्मक, प्रासंगिक या किसी व्यक्ति विशेष पर आधारित नहीं हो सकता, बल्कि इसे संस्थागत बनाया जाना चाहिए, यह सिद्धांत-समर्थित और क्षमता-संचालित होना चाहिए। प्रसिद्ध रक्षा और रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ, नितिन गोखले ने मुख्य भाषण दिया, जिसने सम्मेलन के मुख्य विषय झ ₹उभरते सूचना क्षेत्र में रणनीतिक संचार₹ झ पर आगे के विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार किया।

पहले सत्र का विषय था कि उभरते सूचना क्षेत्र में भविष्य की तैयारी के लिए एक क्षमता के रूप में रणनीतिक संचार का संस्थागतकरण₹। इस सत्र का संचालन नितिन गोखले ने किया। राजदूत रुचिरा कंबोज, राजदूत यशवर्धन सिन्हा और लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला ने इस सत्र को संबोधित किया।

एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय था ₹उभरते बहु-क्षेत्रीय अभियानों में रणनीतिक संचारः रणनीतियाँ, संरचनाएँ, प्रक्रियाएँ और तत्परता₹। इस सत्र का संचालन लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) ने किया। सत्र को राजदूत दिलीप सिन्हा, डॉ. शांतनु मुखर्जी, वीणा जैन, शरत चंदर और लेफ्टिनेंट जनरल डी.पी. पांडे (सेवानिवृत्त) ने संबोधित किया।

# महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभरा

- प्रदेश में 9 हजार से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप बना रहे नयी पहचान
- निधि योजना के तहत 25 महिला संचालित स्टार्टअप्स को मिली वित्तीय सहायता

**लखनऊ।** प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार के साथ महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और यह संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति और पहचान बना रही हैं। महिला संचालित स्टार्टअप्स की यह बढ़ती संख्या प्रदेश में बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है, जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को आगे बढ़ा रहा है।

प्रदेश में महिला उद्यमिता के इस विकास के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं की अहम भूमिका मानी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं ने महिलाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित किया है। इन पहलों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे अपने व्यावसायिक विचारों को वास्तविक उद्यम में बदल पा रही हैं। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शुरू किया गया निधि (नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हर्नेसिंग इनोवेशन्स) कार्यक्रम महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस सहयोग से कई महिला उद्यमियों को अपने नवाचार को आगे बढ़ाने और व्यवसाय को विस्तार देने का अवसर मिला है। स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी का कहना है कि शुरूआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता स्टार्टअप्स के लिए बेहद अहम होती है और इससे नए उद्यमों को टिकाऊ बनने में सहायता मिलती है। वित्तीय समर्थन के मामले में यूपी स्टार्टअप फंड भी महिलाओं के लिए एक बड़ा सहारा बनकर उभरा है। योगी सरकार द्वारा बनाए गए 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड में से अब तक लगभग 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इनमें 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को लाभ मिला है। यह वित्तीय सहयोग महिलाओं को अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने और बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि छोटे शहरों और कस्बों की महिलाएं भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। कई महिला उद्यमी टेक्नोलॉजी आधारित समाधान, एग्रीटेक प्लेटफॉर्म और सेवा क्षेत्र में नए मॉडल विकसित कर रही हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि नवाचार को भी नई दिशा मिल रही है।

## मुख्यमंत्री युवा योजना से जुड़कर तूबा ने बनाया सॉइल कॉन्सेप्ट ब्रांड

- तूबा ने पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक सौंदर्य उत्पाद तैयार कर पेश की मिसाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें उद्यमी बनाने की दिशा में शुरू किया गया मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस योजना के तहत युवाओं को बिना बैंक गारंटी और ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा मिल रही है। इससे वे अपना व्यवसाय शुरू कर रोजगार मांगने के बजाय रोजगार देने वाले बन रहे हैं। लखनऊ की रहने वाली बायोटेक्नोलॉजिस्ट तूबा की सफलता की कहानी इसी पहल का उदाहरण है। उन्होंने सॉइल कॉन्सेप्ट ब्रांड के माध्यम से न केवल पर्यावरण के अनुकूल प्राकृतिक सौंदर्य उत्पाद तैयार किए, बल्कि कई युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश की है। तूबा ने बताया कि उन्होंने प्राकृतिक पर्सनल केयर सॉइल कॉन्सेप्ट ब्रांड की शुरूआत कर पर्यावरण के अनुकूल रोजमर्रा में उपयोग होने वाले उत्पाद बनाने का लक्ष्य बनाया। अपने उत्पादों में एक ऐसा ब्रांड बनाने की यात्रा शुरू की जो पर्यावरण के अनुकूल हो। शुरूआती दिनों में इनको कच्चा माल तैयार करने और मशीनरी इत्यादि खरीदने में समस्याओं का सामना करना पड़ा। इंटीग्रेटेड फाउंडेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा योजना की जानकारी मिली। योजना के लिए आवेदन किया और महज 15 दिनों के अंदर ही 05 लाख रुपए का ऋण मिला, जो बिना किसी बैंक गारंटी और पूर्ण रूप से ब्याजमुक्त है। अब वे रसायनमुक्त सौंदर्य प्रसाधन बनाती हैं। तूबा ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत मिले 05 लाख के ऋण से मैने मशीनरी और कच्चा माल खरीदा। आज हम बड़े-बड़े ऑर्डर लेकर काम कर रहे हैं।

# नारीश्री सम्मान से सम्मानित की गयीं 21 महिला प्रधान

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारीश्री महिला ग्राम प्रधान सम्मान का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष डॉक्टर बबिता सिंह की ओर से लखनऊ की मोहनलाल गंज तहसील की 21 महिला प्रधानों को सम्मानित किया गया। निगोहां स्थित बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण में ग्राम प्रधानों की भूमिका विषय पर सेमिनार का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान व विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त विकास कुमार पांडे रहे।

सरल केयर फाउंडेशन ने एमडी ट्रेड लाइन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. बबिता सिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं को अंतिम पंक्ति तक सम्मान दिलाना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और गांव की सरकार में महिला प्रधानों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो काम समाज के लिए किया जाता है, वही हमेशा याद किया जाता है।

भारत की संस्कृति की पहचान उसके संस्कारों से है और उन संस्कारों को जीवित रखने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। डॉक्टर बबीता सिंह चौहान ने कहा की ह्यहर दिन महिलाओं का होता है 8 मार्च महिला सम्मान दिवस के लिए मनाया जाता है। विशिष्ट अतिथि एसीपी विकास कुमार पांडे ने कहा कि महिलाएं आज नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने महिला प्रधानों से गांवों में शिक्षा, सुरक्षा और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

संक्षेप

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल, रेफर

**प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कुंअरमऊ राजापुर निवासी संदीप साहू पुत्र चन्द्रकेश साहू शनिवार को बाइक से अपनी ससुराल जियन तिवारी का पुरवा से घर आ रहा था। इसी बीच ससुराल के समीप ही सामने से आ रहे टैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी सांगीपुर भेजवाया गया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिवार के लोग घायल को इलाज के लिए एम्स रायबरेली लेकर चले गये।

## प्रधान पर अनियमितता का आरोप, शिकायत

**प्रतापगढ़।** मनरेगा के पैसे में अनियमितता को लेकर प्रधान के खिलाफ शिकायत की गयी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के नसीरपुर निवासी राहुल सिंह पुत्र ओमप्रकाश ने एसडीएम को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रधान द्वारा मनरेगा में अपात्र व्यक्तियों के नाम से जॉब कार्ड बनवाकर अनियमितता बरती जा रही है। पीड़ित ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बीडीओ सांगीपुर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## दो के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी गांव की केवला देवी पत्नी रोंघई ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच मार्च की रात करीब नौ बजे रंजिश को लेकर उसका पुत्र दिनेश वर्मा अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। शोर सुनकर बचाव में पीड़िता पहुंची तो आरोपी दिनेश वर्मा ने गांव के संतोष वर्मा पुत्र संकठा के साथ मिलकर उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मासूम के अपहरण का आरोपी भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** मासूम के अपहरण व पास्को एक्ट के मुकदमें में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक बनवारी लाल पाल पुलिस फोर्स के साथ सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर गोसाई का पुरवा अमावां निवासी अपहरण व पास्को एक्ट के मुकदमें में वांछित विकास पटेल उर्फ अमन पुत्र हरिकेश कुमार को महिमापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## कृषकों की बैठक 10 को

**इटावा।** अधिशासी अभियंता, प्रखंड निचली गंग नहर ने बताया कि 10 मार्च को सुबह 11 बजे शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार इटावा प्रखंड के प्रागंण में स्थित नवीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग हाल मे कृषकों की उपस्थिति में आयोजित की जायेगी। जिसकी अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित द्वारा की जायेगी।

# अफवाहों से गैस एजेंसियों पर भीड़

### एलपीजी, पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम



**सिद्धार्थनगर।** शनिवार को विभिन्न गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ देखी गई। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की आधा किलोमीटर तक लंबी कतारें लग गईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुछ गैस एजेंसी संचालकों को पुलिस की मदद लेनी पड़ी खुनुवा बाईपास स्थित उत्तमा एचपी गैस एजेंसी, बढ़नी की युग कृष्णा इंडियन गैस एजेंसी और कंदवा बाजार की जीण माता एचपी गैस एजेंसी सहित पूरे जिले में सुबह से ही उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए जुटे थे। लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर ईरान-इजरायल युद्ध के कारण पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कमी होने की अफवाहें फैलने से लोगों में घबराहट पैदा हो गई। इसी के चलते वे पहले से ही गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंचने लगे। हालांकि, जिला पूर्ति अधिकारी ने पहले ही एक पत्र जारी कर स्पष्ट किया था कि जनपद में एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। सभी आवश्यक ईंधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने भी लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने पुष्टि की कि सिद्धार्थनगर जनपद में एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और किसी प्रकार की कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने वालों पर प्रशासन की नजर है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं गैस एजेंसियों पर भीड़ बढ़ने का एक कारण ऑनलाइन बुकिंग में आ रही तकनीकी समस्या भी बताई जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग करते समय मोबाइल पर ओटीपी समय से नहीं पहुंच रहा है, जिससे ऑनलाइन बुकिंग में दिक्कत हो रही है। इसी कारण लोग सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंचकर सिलेंडर लेने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे भीड़ और अधिक बढ़ गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों से बचें और अनावश्यक भीड़ न करें।

# सीएचसी में मरीज को इलाज न मिलने का आरोप

जिला संवाददाता (vol)

**सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उसका बाजार में स्वास्थ्य व्यवस्था में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। इलाज न मिलने पर परिजनों ने एक मरीज को गोद में उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अस्पताल की अव्यवस्था साफ दिख रही है। घटना शनिवार, 7 मार्च को सुबह लगभग 11 बजे हुई, जब मरीज को सीएचसी लाया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर उन्हें कोई जिम्मेदार डॉक्टर नहीं मिला और अधीक्षक कक्ष भी खाली था। काफी देर इंतजार के बाद भी जब मरीज को देखने कोई नहीं आया, तो लोगों में नाराजगी बढ़ गई।

● **परिजनों ने गोद में उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, वीडियो बनाकर अधीक्षक पर लगाया आरोप**

वायरल वीडियो में कुछ युवक अस्पताल के अधीक्षक कक्ष को दिखाते हुए आरोप लगा रहे हैं कि अधीक्षक डॉ. एस.के. पटेल अक्सर अस्पताल में अनुपस्थित रहते हैं। उनका दावा है कि मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन उन्हें देखने वाला कोई नहीं होता। मरीज की बिगड़ती हालत को देखते हुए, स्थानीय लोगों ने उसे अपने हाथों और गोद में उठाकर अस्पताल से बाहर निकाला। इसके बाद उसे एक वाहन में बैठाकर तत्काल उपचार के लिए सिद्धार्थनगर जिला अस्पताल भेजा गया।

ग्रामीणों ने इस घटना को स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही बताया है। उनका कहना है कि सरकारी अस्पताल होने के बावजूद मरीजों को बुनियादी इलाज भी नहीं मिल पा रहा है।

स्थानीय लोगों ने सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों पर भी सवाल उठाया है। हालांकि, इस पूरे मामले पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी मिली है और मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 94 शिकायतों में 7 निस्तारित



**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में चौरान्नवे शिकायतों में अफसरो ने सात का निस्तारण कराया। लालगंज तहसील सभागार में हुए समाधान दिवस में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ आशुतोष मिश्र ने संयुक्त रूप से शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस में मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक के आने की सूचना पर अफसरो मे हडकंप मच गया। हालांकि कुछ देर बाद अफसरो के अन्यत्र जिले प्रस्थान करने की सूचना पर समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को राहत में देखा गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की अटठावन, पुलिस इक्कीस, विकास छः, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत पांच, आपूर्ति तीन की रहीं। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए मौके पर पहुंचने के लिए कहा। उन्होने लंबित शिकायतो के निस्तारण में लापरवाह अधिकारियों की सूची डीएम को भेजवाये जाने के भी निर्देश दिये। इस मौके पर तहसीलदार गरिमा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक लालगंज आलोक कुमार, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, लीलापुर प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, ईओ इन्द्र प्रताप, खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा आदि रहे।

## मारपीट व धमकी को लेकर पीड़ित ने दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कैथौला निवासी शेर बहादुर सिंह पुत्र स्व0 संतबक्श सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच मार्च को दोपहर करीब दो बजे गांव के कुछ लोगों ने रंजिशन गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित व उसके भाई को पत्थर फेंक कर मारा। जिससे पीड़ित चुटहिल हो गया। जमीन के विवाद को लेकर आरोपियो ने जानलेवा धमकी भी दी। पीडित का यह भी आरोप है कि आरोपीगण पूर्व में भी धमकी दे चुकें हैं। इससे पीड़ित व उसके परिवार लोग डरे सहमे हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## लोक अदालत को लेकर बैठक संपन्न

**श्रावस्ती।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के अनुपालन तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश धर दुबे के आदेशानुसार आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती के विश्राम कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) श्रावस्ती एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अवनीश गौतम तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाए, जिससे आमजन को त्वरित व सुलभ न्याय मिल सके। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिकाधिक वाद नियत किए जाएं तथा संबंधित पक्षों को समय से नोटिस भेजकर उनकी तामीला सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिकतम मामलों का निस्तारण संभव हो सके। उन्होंने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी क्राइम आलोक कुमार सिंह, उद्यमी मित्र जिला उद्योग केंद्र साकेत रंजन, नगर पालिका परिषद भिनगा की ईओ डा. अनीता शुक्ला, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग रवि कुमार गौतम, पूर्ति निरीक्षक अवधेश कुमार मौर्य तथा आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिपं बोर्ड बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा



**भिनगा, श्रावस्ती।** जिला पंचायत सभागार भिनगा में जिला पंचायत बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने की। बैठक में जनपद के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी ली गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिला मंत्री अरुण पाण्डेय सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के बाद सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं भी दीं।

# 33 में 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर कराया गया निस्तारण

जिला संवाददाता (vol)



**बांसी सिद्धार्थनगर।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में बांसी तहसील सभागार में गत शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, उनके साथ एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती व तहसीलदार पीयूष कु0 श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए सम्बंधित को निर्देशित किया , और कहा कि तहसील समाधान दिवस में मिलने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सुचिता पूर्ण माहौल एवं पक्षों के उपस्थित में अभिलेखिय व स्थलीय निरीक्षण जांच कर निस्तारण कराये, जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा व जनहित के मद्देनजर फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए उन्होंने सार्थक प्रयास करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु निर्देश दिया, डीएम ने आगाह करते हुए कहा कि जटिल समस्याओं के समाधान निस्तारण कराये जाने हेतु आवश्यकता अनुसार संयुक्त पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर जनसमस्याओं का निस्तारण कराये जिससे धरातल पर समाधान दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सके,इस अवसर पर उपस्थित एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती व तहसीलदार बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी के शब्दों पर बल दिया गया, साथ में उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित को सुपुर्द कर समय सीमा अन्तर्गत निस्तारण किए जाने हेतु निर्देश दिया, सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में प्राप्त कुल 0 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से जिलाधिकारी ने एसडीएम निखिल चक्रवर्ती व तहसीलदार पीयूष कु0 श्रीवास्तव के सहयोग से राजस्व के 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित को सुपुर्द कर अविलम्ब निस्तारण किए जाने हेतु निर्देश दिया गया।

# विकसित भारत का उद्देश्य शांतिपूर्ण विकास व संप्रभुता की सुरक्षा







**प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में शनिवार को सप्तदिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। पूर्व प्राचार्य प्रो0 डॉ0 राजकुमार पाण्डेय व प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार एवं एसडीओ दूरसंचार इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया। शिविरार्थी छात्रा आकांक्षा व चांदनी ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान तथा देशगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने प्रारम्भ में शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ0 राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि विकसित भारत का उद्देश्य बहुमुखी विकास के साथ दुनिया को भारत के शांति दर्शन की मजबूती व राष्ट्रीय सम्प्रभुता की सुरक्षा है। उन्होने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य अनुशासन के साथ चरित्र निर्माण व विविध सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्तरदायित्व के प्रति सजगता है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने युवा शक्ति की सफलताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीओ दूरसंचार इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने युवाओं से लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आहवान किया। संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया।

● **एचएन बहुगुणा पीजी कालेज के एनएसएस शिविर का समारोहपूर्वक हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के साथ शिविरार्थियों को उड़ीसा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सेमिनार में प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रमाण पत्र भी अतिथियों ने प्रदान किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने किया। इस मौके पर डॉ0 वाचस्पति मिश्र, डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 ऐश्वर्य तिवारी, डॉ0 सियाराम मौर्य, डॉ0 ओमप्रकाश पाण्डेय, डॉ0 प्रियंका शुक्ला, डॉ0 आयुषी शुक्ला आदि रहे।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**परशदेपुर, रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों का ईपीएफ का भुगतान न करने पर ब्लाक अध्यक्ष शशिधर तिवारी की अगुवाई में सभी ग्राम रोजगार सेवकों ने शनिवार को अपर आयुक्त मनरेगा लखनऊ को सम्बोधित ज्ञापन सलोन भाजपा विधायक अशोक कुमार को सौंपा है। विधायक को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि ब्लाक के अधिकारियों की उदासीनता के चलते ई पीएफ का भुगतान नही किया जा रहा है जो कि अन्य ब्लॉकों में 2015 से सभी मनरेगा कर्मियों का भुगतान किया गया है। विधायक अशोक कुमार ने रोजगार सेवकों को जल्द ईपीएफ का भुगतान दिलाये जाने का आश्वासन दिया है।इस मौके पर रामू कोरी, राजेश मौर्या, सतेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, राजू, कैलाश नाथ, संतबख्श, शिवकुमार, सुरेंद्र मौजूद रहे।

## कुलपति ने प्रधानाचार्यों के साथ की बैठक




**इकौना, श्रावस्ती।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रविशंकर सिंह ने शनिवार को जगतजीत इंटर कॉलेज, इकौना में श्रावस्ती जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किए जा रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों तथा भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कुलपति प्रो. (डॉ.) रविशंकर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों एवं विभागों की स्थापना की जा रही है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि श्रावस्ती जनपद की स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रोजगारपरक एवं उपयोगी पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात संस्थापक स्वर्गीय रामकुमार खरे की प्रतिमा पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामबिहारी वाजपेयी ने कुलपति का औपचारिक एवं वाचिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष ज्योति प्रकाश पाण्डेय ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आभार ज्ञापन उच्च शिक्षा श्रावस्ती के नोडल अधिकारी एवं महामाया राजकीय महाविद्यालय श्रावस्ती के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने किया, जबकि संचालन श्री दिवाकर पाण्डेय ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से राजेश यादव, प्रदीप श्रीवास्तव, दिनेश कुमार मिश्र, मनीष यादव, तुषार सत्या सहित जनपद के अनेक प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रिक्रूट आरक्षियों की 5 किमी दौड़

**भिनगा, श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन श्रावस्ती स्थित आरटीसी भिनगा में प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों की शारीरिक दक्षता परखने के उद्देश्य से शनिवार को बीपीईटी (05 किलोमीटर दौड़) का आयोजन किया गया। यह दौड़ प्रातः लगभग 6:57 बजे पुलिस लाइन स्थित सलामी गार्द से प्रारंभ होकर एसएसबी मुख्य गेट तक निर्धारित मार्ग पर संपन्न कराई गई। दौड़ में शामिल सभी प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर 5 किलोमीटर की दौड़ पूरी करते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर प्रतिभाग किया। अधिकारियों ने पूरे मार्ग पर दौड़ की निगरानी करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया, ताकि कार्यक्रम सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न हो सके।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक कैसरगंज (बहराइच) धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पुलिस उपाधीक्षक भिनगा सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी लाइन्स संजय सिंह तथा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन अखिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त आरटीसी कार्यालय के समस्त कर्मचारी, पुलिस लाइन मेजर, यातायात शाखा के अधिकारी व कर्मचारी, एम्बुलेंस तथा क्यूआरटी टीम भी सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था के लिए मौके पर तैनात रही। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात और स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुनिश्चित की गईं।

# सांसद पाल ने होली मिलन समारोह को किया संबोधित, भाईचारा मजबूत करने पर दिया जोर

**इंटवा सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल ने होली मिलन समारोह को सम्बोधित किया, उन्होंने कहा आपसी प्रेम सद्धभाव भाई चारे का उत्सव पर्व है होली त्योहार है,इटवा तहसील के करहिया यश मैरेज हाल में भाजपा युवा नेता जयवर्धन तिवारी के द्वारा शनिवार को आयोजित होली मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कही उन्होने कहा कि भाई चारा जब तक मजबूत रहेगा आप हमेशा मजबूत रहेगे भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि होली का पर्व महत्वपूर्ण पर्व है प्रयागपुर के विधायक सुबास चन्द तिवारी ने कहा कि हिन्दू सनातन का महा पर्व है होली इसे मतभेद भुलाकर सभी को एक साथ रहने की प्रेरणा देता है युवा जयवर्धन तिवारी ने कहा कि युवाओं में जोश भरने का पर्व होली है एस पी अग्रवाल सुधीर तिवारी माधव यादव ' राजेन्द्र दुबे प्रचारक अवनीश भाई साहब राजेन्द्र पाण्डेय चिनकू यादव रामतेज शुक्ल विपिन सिह लक्ष्मीरमण त्रिपाठी सुकृत त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी फते बहादुर सिह कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानन्द पाण्डेय ने किया,इस अवसर पर तमाम गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



# अपर मुख्य सचिव ने मद्य निषेध संगोष्ठी में किया प्रतिभाग

श्रावस्ती। अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा महानिदेशक-उपाम व एसआईआरडी एल. वेंकटेश्वर लू (आईएएस) एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर श्रावस्ती पहुंचे। लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. अमरनाथ यति ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।

तत्पश्चात कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित ह्लकर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारतह्व विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर मुख्य सचिव, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगोष्ठी में अधिकारियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मद्य निषेध एवं नशा मुक्ति को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य पर भी चर्चा की गई और नशे को समाज के विकास में बाधक बताते हुए इसके उन्मूलन के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। साथ ही सभी को कर्मयोग की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान तहसील जमुनहा के ग्राम संगम पुरवा निवासी मंगली पुत्र सुभाष चन्द्र को राप्ती नदी में डूब रहे चार बच्चों में से तीन बच्चों की जान बचाने के साहसिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। अपर मुख्य सचिव और जिलाधिकारी ने उन्हें 5100 रुपये नगद पुरस्कार, अंगवस्त्र, किचन सेट, कम्बल, तिरपाल तथा लाइफ जैकेट प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मंगली का नाम ह्लजीवन रक्षा पदकह्व के लिए भी प्रस्तावित किया जाएगा।

इस अवसर पर डेनमहामंकोल के प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र एवं गीता भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सद्भावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी को उनके सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सभी को मिलकर योगदान देना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत ऋषियों और मुनियों की पावन भूमि है तथा विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को मंथन और चिंतन कर सकारात्मक कार्यों की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

संक्षेप

## पिता-पुत्री को पीटकर घायल किया

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नागरीलोलपुर में दरबाजे पर खड़ी किशोरी के ऊपर नामजद आरोपितो ने पानी डाला किशोरी के पिता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपितो ने पिता और पुत्री को मारपीट कर घायल किया। ग्राम नागरीलोलपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र डब्बली प्रसाद ने थाने मे प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चार मार्च शाम 5 बजे उसकी पुत्री प्रिया घर के बाहर खड़ी थी तभी संदेश पाल पुत्र सांय सिंह उसकी पुत्री के ऊपर गंदा पानी फेंक दिया जिस पर उसकी पुत्री ने विरोध किया तो नामजद आरोपित लोग उसके साथ गाली गलौज करने लगे शोर सुनकर संतोष कुमार घर के बाहर आया तो उसने भी गंदा पानी डालने का विरोध किया तो संदेश ने अपने भाई अम्बरीश को मौके पर बुला लिया ।पुलिस ने पीडित पिता के प्रार्थना पत्र पर संदेश कुमार व अम्बरीश कुमार निवासीगण ग्राम नागरीलोलपुर थाना बकेवर के विरुद्ध मामला दर्जकर जांच पड़ताल शुरू की।

## सुलह का दबाव नहीं माना तो नाबालिग बेटे का कर दिया चालान

**पिपरौली,गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के नगवा गांव की एक महिला ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता का आरोप है कि दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय पुलिस उल्टा उस पर ही सुलह का दबाव बना रही है और बात न मानने पर उसके नाबालिग बेटे का चालान कर दिया।

नगवा निवासी मीरा देवी ने एसएसपी को सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 4 मार्च की शाम उनका बेटा वॉलीबॉल खेलकर घर लौट रहा था। तभी गांव के ही 6 लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बदसलूकी की।आरोप है कि दबंगों ने उनका दुपट्टा खींच लिया, कान की बाली छीन ली और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस बुलाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें थाने आने को कहा।5 मार्च को पीड़िता ने गीडा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।उनका कहना है कि 6 मार्च को गीडा पुलिस ने उन पर आरोपियों से सुलह करने का दबाव बनाया। जब उन्होंने इससे इनकार किया, तो पुलिस ने द्वेषपूर्ण कार्रवाई करते हुए उनके नाबालिग लड़के का ही चालान कर दिया। शनिवार को एसएसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में गीडा थाना निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोई नाबालिक नहीं था। दारोगा जी ने दोनों पक्षों का शांति भंग चालान किया था।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, जगत नारायण रोड लखनऊ द्वारा संचालित मेरा पूर्व मध्यमा प्रथम परीक्षा वर्ष 2005 अनुक्रमांक नं. 168717, पूर्व मध्यमा द्वितीय परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक नं. 313721 तथा उत्तर मध्यमा प्रथम परीक्षा वर्ष 2007 अनुक्रमांक नं. 864872, उत्तर मध्यमा द्वितीय परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक नं. 571429 उत्तीर्ण किया था। **सूर्यकान्त पाण्डेय पुत्र राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय नि.- ग्रा व पो. बघौला, पूरे बरमदी, सलोन, रायबरेली।**

**न्यायालय सूचना**

**अतिरिक्त न्यायालय सं. 1 आगरा केस सं. 21132 सन 2023**
**सुनील बनाम कन्हैया**
**अ. धारा- 138एनआई एक्ट**
**थाना- रकाबगंज, आगरा।**
**ता. पेशी - 10.03.2026**

अभियुक्त सम्पत्ति की उपसंगति के लिए अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारायें 82, अनुसूची 5, प्रपत्र संख्या 4)
न्यायालय मजिस्ट्रेट
चूंकि मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि कन्हैया गुलाटी पुत्र स्व. शेखर गुलाटी चेयरमैन मै. कैनविज इण्डस्ट्रीज प्रा. लि.,30 बी शेखर प्राइड स्कूल शाहदरा कॉलोनी , स्टेडियम रोड़ बरेली (उप्र ) द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा के अधीन दण्डनीय अपराध किया गया है और तदुपरि निकाले गये गिरफ्तारी के किये जाने का सन्देह किया जाता अधिपत्र को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त को पाया नहीं जा सका है और चूंकि समाधानप्रद रूप में यह सन्दर्भित कर दिया गया है कि उक्त अपपलायन कर गया है। हफ्त अधिपत्र की तामील से बचने के लिये अपने को छिपा रहा है। अतएव एतद् द्वारा उद्घोषण की जाती है कि यह ............. निवासी ................ से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक 10 मास 3 सन 2026 ई. को इस न्यायालय में मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए उपस्थित हो। सन 2026 ई. के 2 मास के 27 दिवस को दिनांकित।

**मजिस्ट्रेट**
**अतिरिक्त न्यायालय सं. 1 आगरा।**

# केंद्रीय मंत्री का मानीराम क्षेत्र में हुआ भव्य स्वागत



**सरहरी ,गोरखपुर।** पूर्व विधायक स्वर्गीय ओमप्रकाश पासवान की पुण्यतिथि आगामी 25 मार्च को प्रतापपुर सिंहोरवा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर बालिका इंटर कालेज परिसर में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और समर्थक शामिल होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। शनिवार को स्वर्गीय ओमप्रकाश पासवान के बड़े पुत्र तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद कमलेश पासवान अपने पूर्व विधानसभा क्षेत्र मानीराम के विभिन्न गांवों के भ्रमण पर पहुंचे।उल्लेखनीय है कि पूर्व विधानसभा क्षेत्र मानीराम का कुछ हिस्सा वर्तमान में पिपराइच तथा कुछ कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र में शामिल है।क्षेत्र में पहुंचते ही ढोल नगाड़े से उनका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।समर्थक, कार्यकर्ता और शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से उनका अभिवादन किया। इस दौरान लोगों ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वह आगे भी क्षेत्र में नियमित रूप से आते रहें। भ्रमण के

क्रम में रामपुर गोपालपुर ग्राम सभा के गोनरपुरा टोला में प्रधान प्रतिनिधि सिद्धांत सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक इस अवसर पर उपस्थित रहे।

भ्रमण के दौरान कमलेश पासवान ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर स्वर्गीय ओमप्रकाश पासवान के आदर्शों को स्मरण किया।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है।साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से 25 मार्च को प्रतापपुर सिंहोरवा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। दौरे के दौरान सबसे पहले मोहरीपुर में भूपेंद्र पासवान ने उनका स्वागत किया। बैजनाथपुर स्थित बंसराज यादव स्मारक इंटर कालेज में छत्रसाल ने उनका अभिनंदन किया। नवापार में पूर्व प्रधान उमेश पासवान और ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पासवान ने स्वागत किया। भगवानपुर में वह जिला पंचायत सदस्य संगीता पासवान के आवास पहुंचे तथा सियारामपुर धर्मपुर में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रामकरण निषाद के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पासवान परिवार सदैव अपने लोगों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेगा।

## दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर सीडीओ से की कोटेदार के विरुद्ध शिकायत

**गौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा जगदीशपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील दिवस पर पहुंच कर मुख्य विकास अधिकारी शास्वत त्रिपुरारी से गांव के कोटेदार द्वारा की जा रही धांधली के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। तथा जांच कर कार्रवाई की मांग किया।

शनिवार को विकास खंड पिपराइच के ग्राम सभा जगदीशपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील दिवस पर पहुंच कर हस्ताक्षर बनाकर कोटेदार द्वारा की जा रही धांधली के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कोटेदार द्वारा ग्रामीणों को मानक के अनुरूप राशन न देकर मनमानी तरीके से राशन दिया जाता है।शिकायत करने पर तरह तरह की धमकियां कोटेदार द्वारा दी जाती है।ग्रामीणों ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर उक्त कोटेदार के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करते हुए कोटा निरस्त करने की मांग किया है। शिकायत करने वालों में रामसिंह ऋषीकेश धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, अच्छेलाल, राहुल, चन्दन नागेन्द्र विश्वकर्मा कमला प्रसाद सर्वेश पंकज सहित तमाम लोग रहे।

## तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती प्रार्थना पत्र

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस पर चौरीचौरा पहुंचे डीएम गोरखपुर दीपक मीणा को बार एसोसिएशन चौरीचौरा के दर्जनों अधिवक्ताओं ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही व निस्तारण की मांग किया है। अधिवक्ताओं ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि अधिवक्ताओं के समक्ष मूल समस्या समरी मुकदमा निर्विवाद धारा 34 का है। वकीलों का कहना है कि धारा 34 राजस्व संहिता के मामले में आयुक्त गोरखपुर के निदेर्शानुसार एसडीएम चौरीचौरा द्वारा बैठक कर एक सप्ताह में निस्तारण का आश्वासन दिया गया था। परिणाम स्वरूप अधिकतर नामांतरण वाद अदम पैरवी में निरस्त किया गया। कुछ पत्रावलियां गायब हैं। आरोप है कि नायब तहसीलदार सरदार नगर व नायब तहसीलदार राजधानी में पत्रावली नियमित दर्ज नहीं होती है। तथा समयबद्ध 45 दिनों में निस्तारण नहीं होता है। आरोप है कि लेखपाल रिपोर्ट में नामांतरण पत्रावली 2से3 माह तक लेखपाल के पास रहती है।जो नामांतरण प्रक्रिया से लंबित करने का प्रयास मात्र है। आरोप है कि एसडीएम के स्तर पर दुरुस्ती कागजात के मामले अनावश्यक अलग बांध कर रखा गया है।

## केके कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**इटावा।** केके. कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ 7 मार्च को मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डाक्टर श्रीनिवास यादव, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान सरवर सिंह, अध्यक्ष शिक्षक संघ केके कालेज प्रो. शिवराज सिंह यादव, लेफ्टिनेंट प्रो सुनील सिंह सेंगर, कार्यक्रम अधिकारी डा. अजीत कुमार दीक्षित द्वारा फीता काटकर, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा एन.एस.एस. गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत कुमार दीक्षित ने विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डा. श्रीनिवास यादव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा की सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना विकसित होगी। वे समाज से जुड़ेंगे और उनकी कठिनाइयों से परिचित होंगे तथा उन्हें दूर करने में अपना सहयोग देंगे। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा करते हुए बताया कि एन.एस.एस. की देश में उस समय शुरूआत हुई जब यह समझा गया कि युवाओं को समाज से जोड़ने की महती आवश्यकता है। देश में युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ अपने व्यक्तित्व को निखारने की भी आवश्यकता है। छात्र जीवन में व्यक्तित्व विकास के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एक बेहतर मंच है।साथ ही स्वयंसेवकों को ग्राम में जाकर विभिन्न कुपोषित बीमारियों के संबंध में देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न निशुल्क टीकाकरण के बार में जागरूक करने पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में एन.एस.एस. की स्थापना, उद्देश्य एवं समाज में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा प्रदीप, डॉ.नीता पांडे, डॉ.नमिता पांडे, आशीष पटेल, संजीव पटेल, बंटू आदि शिक्षक, कर्मचारी एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों के द्वारा दोपहर भोजन के उपरांत श्रमदान का कार्य भी किया गया।

## हादसों में युवती सहित चार की मौत, तीन मारपीट में घायल

**इटावा।** जनपद में हुए अलग अलग हादसों में युवती सहित चार लोगों की मौत हो गयी। मारपीट वहीं कई लोग घायल हो गए। पुलिस सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर मोहन निवासी युवती मुस्कान राजपूत पुत्री नितिन कुमार उम्र 16 ने घर पर पंखे पर साड़ी बांधकर लटक गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। जितेन्द्र कुमार पुत्र अवधेश उम्र 26 निवासी अटिया थाना ऊसराहार की हाइवे पर बाइक गाय से टकराने के बाद घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अड्डा अजुद्दी निवासी रामगोपाल पुत्र छुटकाई राजपूत उम्र 62 की ट्रक की टकराकर मौत हो गयी।गोपाल पुत्र राजू उम्र 24 निवासी रामपुर वली थाना इकदिल निवासी की कुएं में गिरने से मौत हो गयी।पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।इकदिल क्षेत्र के मानिकपुर विष्णु पेट्रोल पंप के पास सौरभ यादव निवासी अशोकनगर, संदीप यादव निवासी रणवीरनगर व अंकुर पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी तुलसीनगर थाना फ्रेंडस कालोनी आदि मारपीट के दौरान घायल हो गये।

## हत्या के प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना पुलिस ने दो माह पूर्व दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उपनिरीक्षक शिवशंकर ने बताया कि 10 जनवरी को वादी पवन पुत्र संपत सिंह ने चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया था।मामले में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं, जबकि एक आरोपी फरार चल रहा था।पुलिस को शुक्रवार रात सूचना मिली कि आरोपी संजय पुत्र नारायण निवासी सुगंध नगर, सुगंध नगर जाने वाले रास्ते पर मंदिर के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है।सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और चारों तरफ से घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्म निर्भरता समाज की प्रगति के लिए जरूरी



**चरगांवा, गोरखपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को फातिमा हॉस्पिटल पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों और तीमारदारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सेंट एंड्रयूज कॉलेज गोरखपुर बॉटनी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ निधि लाल ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और हमें उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि जेसीआईस्वरज की अध्यक्ष सुश्री ऋचा जायसवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहींबल्कि समाज की जिम्मेदारी है।जब महिलाएं स्वस्थ और आत्मविश्वासी होंगी तभी समाज का विकास संभव है।इस दौरान डॉ निकिता गुप्ता ने महिलाओं के स्वास्थ्य, विशेषकर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।उन्होंने उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों को गर्भावस्था के दौरान सावधानियों, समय पर जांच कराने और संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सुश्री ऐश्वर्या पांडेय, क्लिनिकलसाइकोलॉजिस्ट, फातिमा हॉस्पिटल ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक संतुलन परविशेषज्ञ व्याख्यान दिया।कार्यक्रम की शुरूआत फातिमा हॉस्पिटल टीम द्वारा प्रार्थना गीत से हुई। इसके बाद फातिमा हॉस्पिटल के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अपने संबोधन में फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन ने कहा कि महिलाएं समाज और परिवार की मजबूत आधारशिला हैं। उनके स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज का समग्र विकास संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ और शिक्षित महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव रखती है।

## रेलवे फाटक बंद होने की सूचना से चिंतित व्यापारी और राहगीर

**भरथना, इटावा।** भारतीय रेल व्यवस्था के अन्तर्गत दिल्ली-हावडा रेलमार्ग पर स्थित भरथना रेलवे स्टेशन की पूर्वी केविन पर स्थित 20बी रेलवे फाटक आगामी 9 मार्च से बन्द होने की सूचना से व्यापारियों व राहगीरों में सुगम यातायात को लेकर चिन्ता की लकीरें दिखने लगी हैं।रेलवे लाइन के दोनों ओर के भाग को जोडने वाला इकलौता रेलवे उपरिगामी सेतु का पालीबम्बा माइनर का करीब 800 मीटर सडक मार्ग अत्यन्त ऊबड-खाबड व संकरा होने तथा माइनर की पुलिया भी क्षतिग्रस्त है, ऐसे में रेलवे फाटक का बन्द होना व्यापारियों व राहगीरों के लिए बेहद संकटदायक व कष्टप्रद साबित होगा। क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र सिंह गौतम व पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू की सूझबूझ के चलते उक्त पालीबम्बा पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। वहीं उपजिलाधिकारी काव्या सी के निर्देशन में सिंचाई, लोक निर्माण, विद्युत, नगर पालिका, पुलिस, राजस्व आदि के अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच सम्पन्न हुई बैठक में पालीबम्बा मार्ग में सुगम यातायात में बाधक बने प्रमुख कार्य को यथाशीघ्र कराने के लिए निर्देशित किया गया है। सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णय में उक्त पुलिया, मार्ग पर होने वाले कार्य के चलते प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगें। वहीं नगर के सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षिक संगठनों द्वारा ज्ञापन से संबंधित अफसरों को अवगत कराया गया कि यदि 20बी रेलवे फाटक बन्द कर दिया गया, तो नगर दो भागों में विभाजित हो जायेगा। चूंकि नगर का काफी व्यापार रेलवे लाइन के उस पार मुहल्ला मोतीगंज में भी संचालित है। ऐसी स्थिति में पालीबम्बा मार्ग, पुलिया क्षतिग्रस्त होने की दशा में व्यापारियों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जब तक पालीबम्बा मार्ग का चौडीकरण व पुलिया निर्माण न हो जाये, तब तक जनहित व व्यापारीहित में उक्त 20बी रेलवे फाटक को बन्द न किया जाये।

# मेरठ में दो सप्ताह पूर्व सर्राफ से एक करोड़ की ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

मुकेश कुमार गुप्ता

**मेरठ।** करीब दो सप्ताह पूर्व एक ग्राहक को रकम की आरटीजीएस करने तथा जीएसटी बिल उपलब्ध कराने का झांसा देने के नाम पर ग्राहक प्रतिनिधि बनकर एक ज्वेलर्स से एक करोड रुपए की ठगी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस कप्तान अविनाश पांडे के दिशा निदेर्शों में थाना सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा करते हुए उनके कब्जे से करीब 80 लाख रुपए के आभूषण तथा 90 हजार रुपए की नगदी बरामद की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस गिरोह के तार कई अन्य राज्यों से जुड़े होने की भी संभावना है जिस पर मेरठ पुलिस गंभीरता से जांच में जुटी है ,यह जानकारी पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को दी ।पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने इस पूरे मामले पर विस्तार से जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया की विगत 18 फरवरी को रघुनंदन ज्वेलर्स के शोरूम से एक करोड रुपए की ठगी की गई थी इस मामले में पीड़ित ग्राहक प्रवीण शर्मा ने भी काफी हंगामा किया था लेकिन पुलिस ने सहनशीलता रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के दिशा निदेर्शों में छह पुलिस टीमों का गठन किया गया पुलिस टीम ने बारीकी के साथ सीसीटीवी फुटेज तथा अन्य माध्यम से इस घटना का खुलासा मात्र दो सप्ताह के भीतर करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके तीन साथियों की पुलिस को अभी तलाश है। पुलिस अधीक्षक नगर के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में हापुड़ का राजा वीर सिंह (31) निशांत तोमर (26) मेरठ के सरधना का सचिन (40) तथा हरियाणा के हिसार का पंकज भारद्वाज (40) शामिल है पुलिस अधिकारी के मुताबिक पंकज भारद्वाज ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि सचिन, कृष्णा तिवारी तथा राजा वीर के साथ मिलकर उसने धोखाधड़ी की साजिश रची थी तथा कृष्णा तिवारी ने प्रवीण शर्मा से आरटीजीएस करने के नाम पर तथा जीएसटी बिल उपलब्ध कराने के नाम पर कुछ कमीशन के बदले इस पूरी घटना को अंजाम दिया था जहां पंकज भारद्वाज खुद कृष्णा बनकर आबूलेन स्थित रघुनंदन ज्वेलर्स की दुकान पर गया था तथा घटना को अंजाम देते हुए मुकाम तक पहुंचाया था पुलिस अधिकारी के मुताबिक 3 मार्च को रघुनंदन ज्वेलर्स के मालिक तन्मय अग्रवाल ने कृष्णा ,ग्राहक प्रवीण शर्मा तथा कई अन्य लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी।

## ट्रामा सेंटर के सीएमओ को फोन पर मिली धमकी

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ को ड्यूटी के दौरान फोन पर गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। चिकित्सक ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इटावा के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी डॉ. विवेक चैधरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में सीएमओ पद पर तैनात हैं। शनिवार दोपहर वह ट्रामा सेंटर में ड्यूटी के दौरान मरीजों का उपचार कर रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल फोन पर एक नंबर से कॉल आई, लेकिन मरीज देखने में व्यस्त होने के कारण वह कॉल रिसीव नहीं कर सके। कुछ देर बाद उसी नंबर से दोबारा कॉल आने पर जब उन्होंने फोन उठाया तो आरोप है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित किया। साथ ही ड्यूटी समाप्त कर इटावा जाने पर रास्ते में जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर में बताया गया है कि फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम राहुल यादव निवासी बिहारी भटपुरा थाना सैफई बताया है। पीड़ित चिकित्सक ने मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षा भूपेंद्र राठी कहना है कि तहरीर मिली है, प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सुघर सिंह कॉलेज में प्रतियोगिताएं आयोजित



**जसवन्तनगर, इटावा।** फामेर्सी के जनक प्रो. महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के अवसर पर चैधरी सुघर सिंह फामेर्सी कॉलेज, जसवंतनगर में शुक्रवार 6 मार्च 2026 को विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में फामेर्सी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रस्तुतीकरण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण तथा बिना आग के व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विषय ज्ञान, रचनात्मक सोच और प्रस्तुति कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, औषधि सुरक्षा तथा जनस्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने सराहा। प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने फामेर्सी शिक्षा, दवा निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं तथा समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका से जुड़े विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों ने आधुनिक फामेर्सी के विभिन्न पहलुओं को वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव तथा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जिससे उनका ज्ञान, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निखरता है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महिला केवल परिवार की धुरी ही नहीं बल्कि समाज की आधारशिला भी

- पीजीएसएस की तरह अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**चरगांवा,गोरखपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति, उनके संघर्ष, उनके आत्मसम्मान एवं समाज को जागरूक करने समेत सम्पूर्ण नारी सशक्तिकरण एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देने का विशेष अवसर भी है। नारी शक्ति आज घर-परिवार को संभालते हुए हर क्षेत्र में अपने मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही। या यूं कहे कि नारी आज केवल परिवार की धूरी ही नही बल्कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला भी बन रही है।

उक्त बातें कैथोलिक धर्मप्रान्त गोरखपुर के बिशप मैथ्यू नेल्लिकुनेल ने कही। वे कैथोलिक धर्मप्रान्त की दिशा निर्देश में संचालित सामाजिक सरोकार के लिए कार्य करने वाली संस्था पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति ( पी० जी० एस० एस० ) की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल धूसण के टोला हैदरगंज पूर्वी स्थित प्रांगण महिला सशक्तिकरण दिवस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। बिशप ने कहा कि, आज समाज में बदलाव लाना है तो सबसे पहले अपने बेटियों को शिक्षा देना होगा, ,शिक्षा वह शक्ति हैं जो बेटियों को आत्म निर्भर बनाएगी व समाज में उन्हें आत्म सम्मान दिलाएगी । कैथोलिक धर्मप्रान्त के वीकर जनरल व पीजीएसएस के उपाध्यक्ष रेवरन फादर पोली ने कहा कि नगरीकरण व प्रतिस्पर्धा के युग में आत्म निरीक्षण, स्वयं के प्रति सम्मान, समस्या के समाधान को लेकर निर्णय लेने की शक्ति क्षीण होती जा रही है। व्यक्ति के अंदर प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संघर्ष करने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होने समूह की महिलाओं से अपील किया कि बच्चों के हाथ में मोबाइल न दे मोबाईल के गलत इस्तेमाल से बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बिशप मैथ्यू नेल्लिकुनेल, विकर जनरल फादर पोली, कैथोलिक डायोसिस के फाइनेंस ऑफिसर फादर बिन्नी, डायरेक्टर पीजीएसएस फादर साजी अस्सिटेंट डायरेक्टर पीजीएसएस फादर लीजो व मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्वेता सिंह द्वारा दीप प्रज्जववन से किया गया। तदुपरांत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बेटियो को शिक्षा दिए जाने पर त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को पारदर्शी बनाने में जागरूक मतदाता की भूमिका पर जागरूकता गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बिशप मैथ्यू नेल्लिकुनेल ने पी० जी० एस० एस ०के निदेशक फादर साजी व सहायक निदेशक फादर लीजो सहित सिस्टर गण व पी जी एस एस के वरिष्ठ समन्वयक अब्दुल हमीद व अन्य कर्मचारी गण के प्रयासों की सराहना की।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई—टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 10/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई—टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : समइं/पीलीभीत अनुभाग के अंतर्गत पीलीभीत—टनकपुर खंड में बनवासा—टनकपुर के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बेरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 4,69,20,211.39, बयाना राशि रूपयों में : रू. 3,84,600/—, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह। 1. ई—निविदा दिनांक 30.03.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई—निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.),**
मुजाधि/डब्लू — 499 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T29, दिनांकः 06-03-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.-01,** कार्य का नामः दो साल की अवधि के लिये एन.ई.आर. के इज्जतनगर मंडल में 08-व्हीलर टॉवर वैगनों के लिये व्यापक वार्षिक रखरखाव हेतु अनुबंध। टेंडर रिफरेंश नं.: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T29, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में ₹ 4,44,12,479.63, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटीः ₹ 3,72,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 30-03-2026, 11:00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधिः 24 माह।
- खुली ई–निविदा दिनांक 30-03-2026 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
मुजाधि/विद्युत–295 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## बजाज चीनी मिल में स्थित शिव मंदिर का मना 23 वां वार्षिक उत्सव

पलियाकलां खीरी। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया में स्थित शिव मंदिर का 23 वाँ वार्षिकोत्सव आज बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी रामेंद्र मिश्र ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड ओ पी सिंह चौहान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उदय प्रताप सिंह, विकास मलिक, संजीव दूबे, राजीव तोमर, मनोज मिश्र, तनवीर अहमद, सहित श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। हवन पूजन से पूर्व सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सभी भक्त जनों को प्रसाद वितरित किया गया।

## लापता युवक का शव बरामद

लखीमपुर खीरी। जेबीगंज बर्खिरिया जाट से लापता हुए एक युवक की हुई बरामदगी दूसरे का प्राप्त हुआ शव। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजेंद्र गुप्ता यज्ञसैनी उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्र राममूर्ति गुप्ता निवासी जेबीगंज जिनकी गुमशुदगी की सूचना 6 मार्च को पसगवां थाने में परिजनों द्वारा दी गयी थी, जिसके बाद पसगवां थाना के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस चौकी जेबीगंज के प्रभारी राघुवेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल सक्रिय होते हुए अजेंद्र निवासी जेबीगंज के परिजनों को हरिद्वार थाने की सूचना के आधार पर परिजनों को बताया, उसके बाद परिजन उनको नशे की हालत में लेकर 7 मार्च की सुबह घर ले आये, अभी तक वे कैसे यहाँ से कल गये और उनके साथ क्या हुआ कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। एक दूसरी गुमशुदगी की सूचना 6 मार्च को ही बर्खिरिया जाट से दर्ज हुई थी, वह युवक 4 मार्च से लापता था, नाम शीवा चौधरी उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र बाबू, उसके परिजनों के अनुसार उसको दौरे की शिकायत थी, जिसकी लाश को पुलिस ने कोऑपरेटिव सोसायटी के पीछे के नाले से 7 मार्च को बरामद कर, शव को आवश्यक विधिक कानूनी कार्यवाही करते हुए, पोस्टमार्टम हेतु जिले पर भेज दिया।

## घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमुनहा में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जमुनहा निवासी पिंकी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च को शाम करीब चार बजे गांव के ही पंकज यादव, पिंक उर्फ राकेश कुमार और रामसागर उसके घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि जब वह बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के दौरान उसने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया। आरोप है कि पुलिस के आने की जानकारी मिलने पर आरोपी भविष्य में ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अफसर

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में तहसील पलिया के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

इस अवसर पर सीडीओ ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सीडीओ व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 37, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 04, नगर निकाय 03, विकास विभाग की 02, आपूर्ति विभाग की एक, अन्य की 08 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता से संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, तहसीलदार सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों को किया सम्मानित, बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया।

सीडीओ अभिषेक कुमार व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह के साथ दोनों योजनाओं के 05-05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस दौरान बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स और लंच पैकेट भी दिए गए। सीडीओ ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए सहयोग प्रदान करना है।

## 31 शिकायतों में 4 का निस्तारण

पुरवा, उन्नाव। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी न्यायिक विदेश कुमार और उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने कुल 31 फरियादियों की शिकायतें सुनीं, जिनमें से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 27 मामलों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से 14, पुलिस विभाग से 9, विकास विभाग से 4 तथा अन्य विभागों से 4 मामले शामिल रहे। संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम करसौर निवासी रमेश ने बताया कि उसे वृद्धावस्था पेंशन मिल रही थी, लेकिन कुछ समय से पेंशन आना बंद हो गई है। वहीं कस्बा पुरवा के मोहल्ला दलीगढ़ी निवासी रेहाना ने बताया कि उसके पति का दो वर्ष पूर्व निधन हो गया था, लेकिन अब तक मृत प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। उन्होंने दो वर्षों से भटकने के बाद भी प्रमाण पत्र न मिलने की शिकायत करते हुए इसे बनवाने की मांग की। ग्राम केसरीखेड़ा निवासी प्रेम कुमार ने शिकायत में बताया कि घर जाते समय उसकी बहन बिटोल और छोटकी ने बेड की फंट्टी से मारपीट कर दी और गाली-गलौज की, जिससे उसे चोटें आई हैं।

## सड़क हादसे में दो मौसेरे भाइयों की मौत

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर आई हॉस्पिटल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पुलिस ने इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान एक को मृत घोषित कर दिया दूसरे को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जहां उसने भी दम तोड़ दिया है पुलिस के अनुसार महेशपुर निवासी गिरधारी 30 वर्षीय अपनी बाइक पर पीछे मौसेरे भाई सूरज 25 वर्षीय को बैठाकर रिश्तेदारी में गए थे शुक्रवार रात 8:30 बजे करीब घर वापस लौटते समय आई हॉस्पिटल के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए जिन्हें आनन फानन में एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था डॉक्टर ने जांच के दौरान गिरधारी को मृत घोषित कर दिया था वहीं बाइक पर पीछे बैठे सूरज की हालत नाजुक होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया था जहां उसने भी इलाज के दौरान कुछ ही देर में दम तोड़ दिया था। मृतक के पास मिले दस्तावेजों से परिजनों को सूचना दी गई गिरधारी के शव की शिनाख्त होने पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लखीमपुर भेजा गया है। जबकि दूसरे मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल शाहजहांपुर में ही रहा है। मृतक गिरधारी की पत्नी स्वीटी और अबोध पुत्र कमलेश और पुत्री कुसुम का रो रो कर बुरा हाल है। दूसरे मृतक सूरज के पिता छोटेलाल और मां सुनीता कहना है बड़ा पुत्र था जिसके विवाह की बात चल रही थी शायद ईश्वर को मंजूर नहीं था। मृतकों के शवों की एक झलक देखने को उमड़ी भीड़ दोनों एक ही गांव में रहते थे आपस में सगे मौसेरे भाई थे। पोस्टमार्टम हाउस से शव गांव पहुंचे तो एक झलक पाने के लिए भीड़ इकट्ठा हो गई एक साथ दोनों की अर्थी उठते ही कोहराम मच गया।

## पचपेड़ी घाट पर डूबे युवक का शव बरामद

निघासन खीरी। शारदा नगर नदी पचपेड़ी घाट स्थित पैंटून पुल के पास शारदा नदी में डूबे युवक का शव दो दिन बाद शनिवार को बरामद हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली सदर लखीमपुर शहर के सेट घाट रोड मोहल्ला प्रकाश नगर निवासी अजय कश्यप (25) पुत्र रामलाल कश्यप गुरुवार को अपने एक दोस्त के साथ पचपेड़ी घाट पैंटून पुल शारदा नदी पर घूमने आया था। बताया जा रहा है कि दोनों ने शारदा नदी में स्नान किया। इसी दौरान अजय नदी में डूब गया। सूचना मिलने पर थाना फूलबेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई, लेकिन गुरुवार और शुक्रवार को उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार को स्थानीय पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बरामद कर लिया।

## तेज गति से बाइक चलाने का विरोध करने पर पीटा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मोटरसाइकिल तेज चलाने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बांसी निवासी शिव प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे उसके घर के बाहर बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान गांव का ही हिमांशु तेज गति से मोटरसाइकिल लेकर कई बार वहां से गुजर रहा था। इस पर शिव प्रकाश ने उसे मोटरसाइकिल धीरे चलाने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर हिमांशु अपने साथ राम प्रसाद और वीरेंद्र कुमार को लेकर आ गया और तीनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ लात-घूंसों व ईंट से मारपीट की। हमले में उसके सिर व शरीर में चोटें आईं और वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उसे जानमाल की धमकी भी दी है। उसने पुलिस से मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## किशोरी पर बाघ का हमला, घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोटखेरवा में खेत में बकरी चरा रही एक किशोरी पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में किशोरी घायल हो गई, जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि ग्राम कोटखेरवा निवासी लालता प्रसाद की 17 वर्षीय पुत्री राज प्रभा अपने साथियों रामवती, किरण, राज, सोमा, दीपिका और मीना देवी के साथ गांव के पास स्थित सुनील वर्मा के खेत में बकरियां चरा रही थी। इसी दौरान अचानक खेत के पास से निकले बाघ ने एक बकरी पर हमला कर दिया। बकरी को बचाने के लिए राज प्रभा शोर मचाने लगी और उसे भगाने की कोशिश करने लगी। इसी दौरान बाघ ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घटना के समय साथ मौजूद महिलाओं और अन्य लोगों ने शोर मचाया, जिस पर बाघ किशोरी को छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल किशोरी को उसके भाई प्रभात बाइक से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ तपिश माहिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल किशोरी का हालचाल जाना। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वहीं घटना के बाद आसपास के गांवों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

## हरगांव में धड़ल्ले से कट रहे प्रतिबंधित हरे पेड़, वन विभाग पर मिलीभगत के आरोप

सीतापुर। हरगांव वन रेंज क्षेत्र में इन दिनों प्रतिबंधित हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान धड़ल्ले से जारी है। आरोप है कि लकड़ी कटान माफियाओं पर वन विभाग के जिम्मेदार इस कदर मेहरबान हैं कि रात के अंधेरे के साथ-साथ दिन के उजाले में भी हरे-भरे पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। कुछ मामलों में खानापूर्ति के तौर पर छोटी-मोटी कार्रवाई कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है, जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। बताया जाता है कि थाना हरगांव क्षेत्र के गुरधपा के मजरा बेनीपुर गांव में बीते दिनों लकड़कट्टों ने वन विभाग की कथित मिलीभगत से एक किसान के अर्जुन के सात हरे पेड़ों को काट दिया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वन विभाग से की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण क्षेत्र में हरियाली तेजी से उजड़ रही है। लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर कब तक जिम्मेदार लोग लकड़ी कटान माफियाओं का साथ देकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने देंगे। इस संबंध में जब वन रेंजर बीनू पाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भटकी बालिका को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली पुलिस को सदर चैराहे पर एक रोती हुई बालिका भटकती हुई मिली।

ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी उसे कोतवाली लेकर आए, जहां भूखी-प्यासी बालिका को भोजन कराया गया और उससे उसके घर के बारे में जानकारी ली गई। पूछताछ में बालिका ने अपना नाम दीपिका प्रजापति (14) पुत्री रवेंद्र प्रजापति बताया। वह कक्षा 9 की छात्रा है और जिला सुल्तानपुर के थाना जयसिंहपुर क्षेत्र के ग्राम मेंघन की रहने वाली है। पुलिस ने तत्काल उसके परिजनों से संपर्क कर उन्हें गोला बुलाया। परिजनों ने बताया कि बालिका घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी, लेकिन रास्ते में भटककर ट्रेन में बैठ गई और इसी दौरान वह गोला गोकर्णनाथ पहुंच गई। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने बालिका को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। अपनी बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों ने गोला पुलिस का आभार जताया।

# इफ्तार में जुटे रोजेदार, अमन-चैन की मांगी दुआ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। पवित्र रमजान माह के अवसर पर शहर के ईदगाह मैदान में जिला पंचायत सदस्य वारिस अली अंसारी की ओर से रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों, क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों और आम लोगों ने शिरकत की। इफ्तार के समय सभी ने एक साथ रोजा खोला और देश में अमन-चैन, तरक्की तथा आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।

कार्यक्रम के दौरान रमजान के महीने की अहमियत पर भी चर्चा हुई और लोगों से आपसी सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत और जरूरतमंदों की मदद का पैगाम देता है। इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी मेलजोल और सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। इफ्तार में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और क्षेत्र में शांति व भाईचारे के माहौल को बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रोजेदारों के लिए इफ्तार का विशेष इंतजाम किया गया था। इस अवसर पर सांसद उत्कर्ष वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, प्रीतिंदर सिंह कक्कू, संजीव कुमार मुन्ना, बीटू पटेल, जिला पंचायत सदस्य कैसर आलमी, क्षेत्र पंचायत सदस्य इश्तियाक खान, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुड्डू, खुर्शीद खान, मौलाना जियाउल हक, मौलाना अहसान अली नूरी, मौलाना गफ्फार हादी और फूल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

# वीआईपी मार्ग चौड़ीकरण में जारी नोटिसों पर रोक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। वीआईपी मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर गजेंद्र पुरी क्षेत्र के करीब 20 मकानों को जारी किए गए अतिक्रमण नोटिसों को नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। शनिवार को मोहल्ले के लोगों ने पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को वर्ष 1956 तक के पुराने दस्तावेज दिखाए, जिसके बाद प्रशासन ने माना कि ये नोटिस त्रुटिपूर्ण थे। पालिका अध्यक्ष के हस्तक्षेप और अधिशासी अधिकारी के आदेश के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।

बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पूर्व तहसील प्रशासन ने परिक्षेत्र में गाटा संख्या 382 की पैमाइश कराई थी, जिसमें भूमि नगर पालिका परिषद मेला प्रबंधन की दर्शाई गई थी। इसके आधार पर नगर पालिका परिषद ने वीआईपी मार्ग के मकान स्वामियों के अलावा गजेंद्र पुरी के करीब 20 भवन स्वामियों को भूमि पर काबिज दशार्ते हुए 15 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया था। नोटिस जारी होने के बाद क्षेत्र के लोगों में खलबली मच गई थी। शुक्रवार की शाम पुलिस ने भी नोटिस का रिमाइंडर जारी कर दिया, जिससे क्षेत्र के लोग चिंतित हो उठे। शनिवार को मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष को मौके पर बुलाकर आपत्ति जताई और अपने मकानों से संबंधित पुराने अभिलेख प्रस्तुत किए। लोगों का कहना था कि उनके मकान कई दशकों से बने हुए हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए पालिका अध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

इसके बाद अधिशासी अधिकारी ने वीआईपी मार्ग के मकान स्वामियों के अलावा अन्य क्षेत्रों को जारी नोटिसों को त्रुटिपूर्ण मानते हुए तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया, जिससे गजेंद्र पुरी क्षेत्र के लोगों ने राहत महसूस की।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक पर हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के पश्चिमी दीक्षिताना मोहल्ले में गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना निवासी श्रीकांत दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च को सुबह करीब 11: 30 बजे मोहल्ले के ही लकी शुक्ला और उसकी पत्नी सिया शुक्ला घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर दोनों ने एक राय होकर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और ईंट से हमला कर दिया। आरोप है कि ईंट लगने से उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी अक्सर उसे और उसके परिवार को गालियां देते हैं तथा जानमाल की धमकी देकर मानसिक रूप से परेशान करते रहते हैं।

# एसआईआर कार्य में धीमी प्रगति पर एसडीएम खफा



जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। एसआईआर कार्य में लगे सरकारी मुलाजिमो व कर्मचारियों की लापरवाही से प्वाइंट लेवल से नीचे चल रही कार्यप्रणाली से खफा एसडीएम धौरहरा ने शनिवार को संम्पूर्ण समाधान दिवस के तुरंत बाद सभी बी ई ओ व बाल विकास के सुपरवाइजरो के साथ आवश्यक मीटिंग करते हुए जवाबदेही तय करते हुए निर्देशित किया।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि को तहसील क्षेत्र में एसआईआर प्रगति की रिपोर्ट अधीनस्थों द्वारा सौंपे जाने से हरकत में आये एसडीएम ने धौरहरा, रमियाबेहड़, ईसानगर के बी ई ओ व बाल विकास परियोजना से सुपरवाइजरो से आनन फानन में मौजूद कर्मियों की डिटेल तलब की। मीटिंग के दौरान एक तथ्य निकलकर सामने आया कि राजस्व विभाग के कुछ लेखपाल,शिक्षा विभाग के टीचर्स व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने के चलते रेटिंग में कमी आई। बैठक में एसडीएम ने मौजूद जिम्मेदारो को अपने अपने अधीनस्थों की सूची तलब करने के साथ कार्य में तत्काल सुधार लाने की चेतावनी जारी की। सभागार में हुई मीटिंग में तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल की मौजूदगी रही।

# बॉथम वैश्य महासभा ने बिखेरे होली के रंग, एकजुटता का दिया संदेश




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बॉथम वैश्य महासभा के तत्वावधान में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने भारी संख्या में शिरकत की और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे एवं सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महासभा की ओर से समाज के वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र एवं मालाएं पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि ये समाज की जड़ों को मजबूत करने और आपसी सौहार्द बढ़ाने का सशक्त माध्यम भी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरमैन मीनाक्षी अग्रवाल उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार राम मोहन गुप्ता, पत्रकार लोकेश कुमार गुप्ता, चिल्ड्रेन एकेडमी के एमडी सतीश गुप्ता और फाउंडर सुशील कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन राम कृष्ण गुप्ता द्वारा किया गया। महासभा के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता और युवा अध्यक्ष अमित गुप्ता (हंसू) ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महफिल में चार चांद लगा दिए। समारोह के अंत में लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें नरेश चंद्र गुप्ता को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। अंत में सभी ने जलपान के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# एसपी रेलवे ने थाना जीआरपी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



लखीमपुर खीरी। रोहित मिश्रा पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग लखनऊ द्वारा थाना जीआरपी लखीमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर एवं रेलवे स्टेशन लखीमपुर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, यात्री प्रतीक्षालय, प्रवेश व निकास द्वार, प्लेटफॉर्म आदि का भ्रमण किया। मालखाना रजिस्टर, एस्कॉर्ट चेकिंग रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, नियुक्ति रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, 10 वर्षीय एवं 5 वर्षीय अपराधी रजिस्टर तथा टॉप 10 व टॉप 5 अपराधी रजिस्टर आदि की चेकिंग की। ट्रेनों एवं प्लेटफार्म पर चोरी, झपटमारी संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से रेलवे स्टेशन पर प्रभावी गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक जीआरपी लखीमपुर राम सहाय सिंह के साथ जीआरपी लखीमपुर का समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

**कार्यालय प्रभागीय निदेशक,सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, रायबरेली**

**पत्रांक-/15-1 रायबरेली,** **दिनांक, 2026**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को को सूचित किया जाता है कि इस वन प्रभाग की इन्दिरा गांधी वानस्पतिक उद्यान में वर्ष 2026-27 के लिए निम्नलिखित कार्यो/ठेकों के सफल संचालन हेतु रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से मुहर बन्द निविदा रजिस्टर्ड डाक दिनांक 25-03-2026 को सायं 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक-28-03-2026 को सायं 5:00 बजे अधोहस्ताक्षरी या उनके द्वारा मनोनीत अधिकारी, द्वारा इच्छुक निविदा दाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदाओं के साथ के साथ वांछित अभिलेख व धरोहर धनराशि का राष्ट्रीय बचत पत्र जो प्रभागीय निदेशक,सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,रायबरेली के नाम हो संलग्न होना चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र व निविदा की शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कार्य दिवसों में निर्धारित मूल्य देकर दिनांक-20-03-2026 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदादाता को निविदा के साथ अपना आचरण प्रमाण पत्र जिलाधिकारी रायबरेली से प्राप्त कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य/ठेके का विवरण | ठेके की अवधि | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इन्दिरा गांधी वानस्पतिक उद्यान में कैन्टीन ठेका | 01-04-2026 से 31-03-2027 | 10,000.00 | 236.00 |
| 2 | इन्दिरा गांधी वानस्पतिक उद्यान में वाहन पार्किंग ठेका | 01-04-2026 से 31-03-2027 | 10,000.00 | 236.00 |

**प्रभागीय निदेशक**
**सामाजिक वानिकी प्रभाग**
**रायबरेली**

UPID-247484 Date:07.03.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## लापता किशोरी की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के मयारी गांव स्थित घर से निकली किशोरी की लाश संदिग्ध अवस्था में लापता होने के चौथे दिन शनिवार की सुबह घर से पांच किलोमीटर दूर नहर की झाड़ में फंसी लाश मिली। इसके बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। सरपतहा पुलिस मामले में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर परिजनों संग तलाश में जुटी रही। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव 15 वर्षीय निवासिनी गोल्डी पुत्री राम अचल किसी बात पर क्षुब्ध होकर बुधवार पूर्वाह्न घर से निकल गयी थी घर से निकलने के बाद दो सौ मीटर की दूरी से गुजरी शारदा नहर की पुलिया पर उसके बैठे देखे जाने की बात के साथ ही नहर में छलांग लगाने की आशंका जताई जा रही थी।

## होली मिलन समारोह में दिखायी ताकत

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने शुक्रवार को मुंडा स्थित अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने कहा कि असत्य पर सत्य की विजय का यह पर्व हर वर्ष पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता, प्रेम और समृद्धि लेकर आता है। उन्होंने जनपदवासियों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह में नरेंद्र सिंह, ध्रुव सिंह, सतेन्द्र राय, मंजु सरोज, अरविंद जायसवाल, आजाद अरिमर्दन, विनोद राय, माला द्विवेदी, जयनाथ सिंह, देवेंद्र सिंह, हरेंद्र, प्रेम प्रकाश राय, विशाल श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कल आयेंगी महिला आयोग की सदस्य

आजमगढ़। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियंका मौर्या द्वारा 09 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे जनपद आजमगढ़ में महिला उत्पीड़न एवं महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के संदर्भ में महिला जनसुनवाई की जानी है, जिसमें जनपद आजमगढ़ की समस्त महिलाएं अपनी-अपनी समस्याओं के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, आजमगढ़ से संपर्क स्थापित कर सदस्य महोदया की जनसुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकती है। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष व अन्य सम्बन्धित विभाग के कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष उपस्थित होंगे, जिससे कार्यक्रम के दौरान प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो सके। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम सर्किट हाउस सभागार, जनपद आजमगढ़ में होनी प्रस्तावित है, जिसमें सम्मिलित होने हेतु वन स्टॉप सेन्टर, आजमगढ़ की केन्द्र व्यवस्थापक श्रीमती सरिता पाल के मोबाईल नम्बर 6393397509 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

## हादसा : गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने एक को कुचला

मीरजापुर। कटरा कोतवाली क्षेत्र स्थित पुलिस की रस्सी वाली डिवाईडर ने एक युवक की जान ले ली। रस्सी पार करते समय युवक के गिरने से ट्रक चपेट में आने से हुई मौत। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर लदे ट्रक से कुचलकर युवक की मौत हुई है। हादसा के बाद स्थानीय लोग इस ट्रैफिक व्यवस्था से नाराज दिखाई दिए हैं। लोगों ने कहा ट्रैफिक व्यवस्था जहां बदहाल हो रही है वहीं जल निगम के द्वारा खोदे गए गड्ढे से लगातार हादसा हो रहा है। कटरा कोतवाली क्षेत्र के सेण्टर मिल के पास की इस घटना में मृतक की पहचान राजेश कुमार लालगंज कस्बा निवासी के रूप में हुई है। हादसे के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी है। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा है।

# डीएम ने सुनीं फरियादें, निस्तारण के दिए निर्देश

- तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 79 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 05 का किया गया निस्तारण
- शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध होगी कठोरतम कार्रवाई : जिलाधिकारी

मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना।

इस अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 79 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 5 प्रार्थना पत्रो का निस्तारित करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारियो के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने उप जिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित करते हुए कहा कि एक शिकायत को लेकर बार-बारे आने वाले ऐसे शिकायत से स्वंय वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए प्राथमिकता पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करे ताकि एक ही शिकायत को लेकर शिकायर्ता को भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद के मामलो में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमे मौके जाते हुए दोनो पक्षो की उपस्थिति में उनके विवाद के कारण को सुनते हुए यथोचित न्याय उन्हें प्रदान करें। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओ में कब्जा किए गए चकरोड के मामले व ग्राम सभाओं की जमीन आदि पर किए गए कब्जे को फसल कटने उपरान्त अतिक्रमण से मुक्त कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित करते हुए गर्मी को देखते हुए हर घर नल से जल योजना के अन्तर्गत शत प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित कराए यदि कहीं कोई खराबी हो तो उसे तत्काल दुरूस्त करा लिया जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि गलत बिल में सुधार सहित अन्य आ रही जनता की शिकायतो को प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कितनी क्षमता का ट्रांसफार्मर कहा पर लगा हुआ है उसकी सूची बनाकर रखे ताकि निकट भविष्य ट्रांसफार्मरो में कोई खराबी है तो उसे समय रहते ठीक करा लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले फरियादियो के साथ मधुरता रखे। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में यथा- तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्राप्त 81 प्रार्थना पत्रो में से 12 का निस्तारण, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 39 प्रार्थना पत्रो में से 05 का निस्तारण एवं तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता के समक्ष प्राप्त 66 प्रार्थना पत्रो में से 1 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियो को पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसील लालगंज में परियोजना निदेशक डीआरडीए धरमजीत सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी लालगंज महेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक अंशुल हिन्दल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

लालगंज(मीरजापुर) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। डीएम ने सीएचसी पर स्वयं सीबीसी की जांच कराई और लिवर किडनी की जांच के लिए मशीनों को संचालित करने का भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औषधि भंडार, औषधि वितरण एवं एक्सपायर दवाओं का निरीक्षण किए। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर में प्रसव कक्ष में जन्म के समय टीकाकरण रजिस्टर का निरीक्षण कर जानकारी लिए, जिसमें विगत माह 77 के सापेक्ष 73 शिशुओं को जन्म का टीकाकरण लगाया गया मिला। एनबीएसयू का निरीक्षण किया जिसमें विगत फरवरी माह में 22 बच्चों को भर्ती किया गया था। वैक्सीन के रखरखाव को देखने के बाद वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर हाल चाल पूछा। लैब में पहुंचे डीएम ने निरीक्षण के तहत स्वयं का सीबीसी टेस्ट कराया। दो मिनट में रिपोर्ट भी पॉजिटिव मिला। एक्सरे सीवीनाट का भी निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह को लिवर किडनी की जांच के लिए मशीन संचालित करने का आदेश दिया। चिकित्साधीक्षक ने अस्पताल परिसर में क्षतिग्रस्त पानी टंकी और सोलर सिस्टम मरम्मत करने के लिए ध्यान आकृष्ट कराया। डीएम ने आश्वासन दिया इस दौरान साथ में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार भी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वय महेंद्र सिंह और अंशुल हिंदल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सीएल वर्मा, डॉ योगेश द्विवेदी, डॉ पंकज सिह, डॉ राजेश सहित अस्पताल के समस्त चिकित्सक कर्मचारी मौजूद रहे।

## सनातन धर्म का मूल मंत्र है अहिंसाः शंकराचार्य



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने शनिवार को क्षेत्र के जमैथा गांव में स्थित बाबा परमहंस आश्रम पर पहुंचकर बाबा परमहंस के समाधि पर पर पूजन अर्चन किया। इसके अलावा परिसर में स्थित शिवलिंग पर जलार्चन किया तथा हनुमानजी के दर्शन व पूजन किया। उसके बाद मंदिर के मठाधीश राजन दास जी महाराज से मंदिर तथा यमदग्नि ऋषि के तपोभूमि पर विस्तृत चर्चा किया।

उन्होंने भगवान परशुरामजी तथा उनकी माता रेणुका (अखंड देवी) की भी चर्चा करते हुए यमदग्नि ऋषि के तपोबल को बताया। उसके बाद शंकराचार्य मंदिर प्रांगण से बाहर आये। उन्होंने बाहर मौजूद मीडिया कर्मियों से कहा कि उन्होंने योगी सरकार को 30 जनवरी को 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था। जिसमे गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की थी। उन्होंने कहा वे 11 मार्च को लखनऊ में हजारों साधु संतों व समर्थकों के साथ गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध सभा करेंगे। उसके बाद आंदोलन होगा। उन्होंने लोगो से गो रक्षा की शपथ दिलवाया। उन्होंने कहा यमदग्नि ऋषि तथा भगवान परशुरामजी भी गोभक्त थे।उसके बाद उन्होंने अखड़ो पूल से अपने वाहनों के काफिले से उतरकर माता अखड़ो (अखंड देवी)को प्रणाम किया। इस दौरान ब्रतधारी शुक्ल,अमरसेन यादव,सजंय शुक्ल,बृजेश तिवारी आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार गौ प्रतिपक्ष धर्मयुद्ध शंखनाद कार्यक्रम के तहत ज्योतिष पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी का जिला कांग्रेस कार्यालय के पास कंचन कांप्लेक्स में शनिवार को हजारों लोगों ने शंखनाद और मूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत के बाद उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने कहा कि सनातन धर्म का मूल मंत्र है अहिंसा, हमारे धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है,जीवों पर दया और विश्व का कल्याण हिंदू धर्म का मूल सिद्धांत है। शंकराचार्य जी ने कहा कि गाय को माता हिंदू समाज मा के रूप में पूजता है, किंतु आज के परिवेश में सरकार बूचड़खानों में गौ माता को कटने के लिए खुली छूट दे रखी है, इसलिए संत समाज और सनातन धर्म के लोग गाय को राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा और सम्मान देने के लिए खड़ा हो चुका है, उन्होंने सबको ग्यारह मार्च को लखनऊ पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत से बीफ का कारोबार सरकार से मांग करेंगे और गौ माता को पूरा सम्मान दिलायेंगे। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने शंकराचार्य का पादुका पूजन, आरती एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## बड़ी संख्या में पीड़ितों ने समस्याएं उठायीं




जौनपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को तहसील शाहगंज में जिलाधिकारी डॉ०दिनेश चन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पहुंचकर जनता की समस्याओं की सुनवाई की।

इस दौरान बड़ी संख्या में पीड़ितों ने अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर तहसील पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास तथा अन्य विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। इसी प्रकार जिलाधिकारी के समक्ष राजस्व विभाग, भूमि विवाद, पथरगड्डी, पेंशन आदि से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष 57 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, मौके पर 09 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी शाहगंज, क्षेत्राधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## यूपीएससी में तीन युवाओं ने परचम लहराया

जौनपुर। जिले के तीन युवाओं ने यूपीएससी में परचम लहरा कर नाम रौषन किया। उत्कर्ष मिश्रा ने (337वीं रैंक) प्राप्त कर गांव की माटी का मान बढ़ाया। उत्कर्ष की सफलता सबसे खास इसलिए है क्योंकि उन्होंने तुलापुर (सिगरामऊ) जैसे ग्रामीण इलाके से निकलकर देश की सबसे कठिन परीक्षा पास की।

337वीं रैंक लाना यह बताता है कि संसाधनों से ज्यादा संकल्प मायने रखता है। उनके पिता चंद्रेश मिश्रा और पूरे तुलापुर गांव के लिए यह ऐतिहासिक पल है। शुभम सिंह चंदेल (378वीं रैंक) हासिल कर 5 वें प्रयास में लगातार चार बार असफल होने के बाद भी डटे रहना और पांचवीं बार में सफलता पाना उनकी मानसिक मजबूती को दशार्ता है। उनकी इंजीनियरिंग बैकग्राउंड ने उनके तार्किक कौशल को निखारा। शेरवा धोबहा (सिकरारा) के शुभम ने साबित कर दिया कि अगर लक्ष्य तय हो, तो रास्ता चाहे जितना लंबा हो, मंजिल मिल ही जाती है। इसी प्रकार अतुल सिंह ने (697वीं रैंक) वर्किंग प्रोफेशनल की प्रेरणाअतुल सिंह की उपलब्धि उन लोगों के लिए बहुत बड़ी है जो नौकरी के साथ तैयारी करते हैं। वह पहले से ही जौनपुर में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे। एक प्रशासनिक पद की जिम्मेदारी संभालते हुए, फील्ड की भागदौड़ के बीच न्च्छ की पढ़ाई करना और 697वीं रैंक के साथ कीर्तिमान बनाया बनना उनकी गजब की टाइम मैनेजमेंट और एकाग्रता को दिखाता है। मूल रूप से कोरांव के होने के बावजूद, जौनपुर की कर्मभूमि पर रहते हुए उन्होंने यह मुकाम पाया।

## ऑपरेशन के बाद विवाहिता की मौत, मचाया हंगामा




जौनपुर। शाहगंजकोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव स्थित एक हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद हुई विवाहिता की मौत पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल में हंगामा किया, जिसके बाद भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच कर किसी तरह से लोगों को शांत कराया। बताते है कि दिपाईपुर गांव निवासी यशपाल की पत्नी रेखा देवी बच्चेदानी के ऑपरेशन के लिए बड़ा गांव स्थित मां शांति अस्पताल में भर्ती हुई थीं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10 बजे चिकित्सक ने ऑपरेशन किया। जिसके बाद रेखा देवी की तबीयत बिगड़ने लगी।परिजनों का आरोप है कि तबीयत बिगड़ने के बावजूद अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। कर्मचारी ने फोन पर चिकित्सक से संपर्क करने के बाद इंजेक्शन लगाया। जिसके बाद रात करीब 3 बजे विवाहिता की मौत हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि चिकित्सक द्वारा कराई गई जांच की रिपोर्ट आने से पहले ही ऑपरेशन कर दिया गया। अस्पताल में हंगामा की सूचना पर क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान समेत सर्किल के कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई।

क्षेत्राधिकारी श्री चौहान ने परिजनों को शांत कराते हुए कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। मृतका के देवर ने चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा रहा।

## हम अधूरे नहीं, हम अभागे नहीं, बात इतनी कि हम जागे नहीं....

आजमगढ़। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नारी शक्ति संस्थान द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह-2026 एवं फाल्गुनोत्सव समारोह-2026 (होली मिलन) का आयोजन शारदा तिराहा स्थित होटल ग्रैंड एस.आर. के सभागार में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का विविधत शुभारंभ मां दुर्गा के चित्र के समक्ष संरक्षक मंडल व पदाधिकारीगण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर हुआ।




समारोह में वाराणसी से आयी लोक गायिका सरोज वर्मा, जौनपुर की सामाजिक कार्यकत्री सीमा सिंह, लखनऊ से एंकर व सोशल मीडिया क्रियेटर सुश्री प्राची तिवारी, आजमगढ़ से शिक्षा क्षेत्र में अंजना श्रीवास्तव व मऊ से आई डा. चन्दा सिंह को संस्थान की संरक्षक व पदाधिकारियों के हाथों नारी शक्ति संम्मान-2026 प्रदान करते हुए अंगवस्त्र, मेमेंटो, माला, कलेंडर, पौधा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जनपद की नारी शक्तियों को बैच, कैप, पौधा देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्रीमती ऊषा शर्मा ने कहाकि संस्थान की संस्थापिका डा. पूनम तिवारी ने बीज सा गल कर संस्था को पुष्पित और प्रज्वलित किया हैं बगैर बीज के गले कोई भी बीज पौधा नहीं बन सकता, किसी फल की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन्होंने जोश भरते हुए कहाकि हम अधूरे नहीं, हम अभागे नहीं, बात इतनी ही है, हम जागे नहीं, बीज, वट-वृक्ष होना भुलाये हुये, उर्वरा भूमि की कोख पाये हुये, प्राण गलना नहीं चाहते धूल में-फूल-फल, लालसायें, लगाये हुये।

- नारी शक्ति सम्मान-2026 से नवाजी गई सरोज वर्मा, सीमा सिह, प्राची तिवारी, अंजना श्रीवास्तव व डॉ. चन्दा सिंह

उन्होने आगे कहाकि महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन से वीरता की सीख लेनी चाहिए कि हम देवी है लेकिन विचार करें कि कहीं हमारी दिशा गलत तो नहीं जबकि वैदिक काल में नारी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था, जिसे ज्ञान, तेज और समाज के उत्थान की धुरी माना जाता था। वह ह्वविद्याह्न और ह्वतेजह्न का प्रतीक थी, जो न केवल अपने मायके बल्कि ससुराल (दो कुल) को भी अपने गुणों से सुशोभित करती थी। उस काल में वेदों की शिक्षा, यज्ञ और सभाओं में नारी की सक्रिय भूमिका थी।

उन्होंने आगे कहाकि आज हमारी बेटिया व परिवार सब विखण्डित होता जा रहा है, जबकि महिलाओं को वैदिक नियम पर चलने की जरूरत है। उन्होंने लिव इन रिलेनशिप पर कटाक्ष करते हुए कहाकि पहले बेटियों के शरीर को कोई स्पर्श नहीं कर सकता था लेकिन आज चंद मुलाकात में ही किसी से भी हाथ मिला लेते है जबकि बायां



हाथ पति के लिए होता है, उन्होंने शिव और मां पार्वती के प्रसंग का भी उल्लेख कर नारी शक्तियों में चेतना जगाया। सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए सचिव डा. पूनम तिवारी ने कहा कि आज हम समानता के अधिकार को बखूबी पहचान चुके है और हर कार्य में बराबरी के साथ शिखर पर पहुंच चुके है लेकिन हमें अभी भी बहुत सी अन्य महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए तत्पर रहना चाहिए तभी ऐसे आयोजनों को सफल बनाया जा सकता। नारी शक्ति संस्थान हर हाशिये पर खड़ी महिला को मुख्य धारा में लाने के लिए सदैव संकल्पित रहेगी। संस्था के बारे में विस्तार से बताते हुए अध्यक्ष मंजू उपाध्याय ने महिला स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा के प्रति समर्पण की प्रतिबद्धता को दोहराया। अध्यक्षीय संबोधन में संस्था कार्यकारी अध्यक्ष अर्चना वत्सल ने कहाकि बड़े-बड़े बदलाव के बारे में मात्र सोचने से अच्छा है कि घर से ही छोटे-छोटे बदलाव का सकारात्मक प्रयास करते हुए सशक्तिकरण के सपने साकार किया जाए। समारोह में बालिकाओं द्वारा नारी सशक्तिकरण पर नत्यु प्रस्तुत किया गया। वहीं डा नेहा दूबे द्वारा आई हुई समस्त नारी शक्तियों का स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नारी शक्तियों ने आज बिरज में होरी रे रसिया, होरी रे रसिया, बरजोरी रे रसिया.... गीत पर एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंगोत्सव में सराबोर दिखी। समारोह में नारी शक्ति संस्थान की समस्त संरक्षक सुधा तिवारी, रानी अनामिका सिंह, प्रियंका राय, प्रियंका पांडेय, सहित संस्था की समस्त सदस्य मौजूद रहीं।

## लेन-देन में युवक को पीटा, मौत

जौनपुर । बदलापुर तहसील क्षेत्र के कुशहां गांव में एक युवक राजीव जैसवार की कथित मारपीट के बाद मौत हो गई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पैसे के लेन-देन के विवाद में दो लोगों ने राजीव को बुरी तरह पीटा, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, राजीव जैसवार रामनगर बाजार में एक व्यापारी के यहां ड्राइवर का काम करते थे। उन्होंने कुछ समय पहले आर्थिक तंगी के कारण अपने मालिक से कुछ रुपए उधार लिए थे। इसी लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि राजीव अपने साले के साथ रामनगर बाजार पहुंचे थे, जहां पहले से मौजूद दो लोगों ने उनसे अपने पैसे की मांग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। परिजनों का आरोप है कि राजीव द्वारा विरोध करने पर दोनों लोगों ने मिलकर उन्हें लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। बीच-बचाव करने पर भी आरोपियों ने धमकी दी। गंभीर हालत में परिजनों ने राजीव को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिनों के इलाज के बाद शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक का शव उनके निवास स्थान बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर कुशहां पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मामला बढ़ता देख एसपी ग्रामीण अतिश कुमार सिंह, बदलापुर एसडीएम योगिता सिंह, सीओ सुनील कुमार और बदलापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझा-बुझाकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चोरी का पम्पसेट बरामद

आजमगढ़। बरदह थाना पुलिस ने खेत से किर्लोस्कर पम्पसेट चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया पम्पसेट बरामद कर लिया है। वहीं एक आरोपी के पास से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार थाना बरदह क्षेत्र के ग्राम भीरा निवासी मजनू सरोज ने 6 मार्च 2026 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 5 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति उनके खेत में लगा 5 हार्स पावर का किर्लोस्कर इंजन (पम्पसेट) चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान शनिवार को उपनिरीक्षक रितेश खरवार अपनी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर त्रिवेणी मोड़ पर पहुंच गए। यहां से पुलिस ने ग्राम भीरा निवासी पवन पुत्र नरसू सरोज और किशन सरोज पुत्र राजाराम को सुबह करीब 4:10 बजे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पवन के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने 5 मार्च को खेत से पम्पसेट चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी गया किर्लोस्कर पम्पिंग सेट बरामद कर लिया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं पवन के खिलाफ अवैध तमंचा बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

## 180 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

आजमगढ़। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद आजमगढ़ में विकास खण्ड परिसर मार्टिनगंज में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें 05 विकास खण्ड-ठेकमा, अहिरौला, फूलपुर, पवई, मार्टिनगंज एवं 01 नगर पंचायत के कुल 190 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था, जिसमें कुल-180 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लालगंज, नीलम सोनकर, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर तथा विशिष्ट अथिति के रूप में पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि सौरभ सिंह बीनू तथा अध्यक्ष नगर पंचायत मार्टिनगंज, अपूर्वा सिंह रही। विनोद राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह महत्वपूर्ण योजना है। नीलम सोनकर ने कहा कि अब समाज में बेटी होना गर्व की बात है। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी मार्टिनगंज इद्रीश अली, खण्ड विकास अधिकारी ठेकमा मनोज कुमार श्रीवास्तव, राजेश चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़, सहित गौरव यादव अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी मौके पर उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

हलिया, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव में अधेड़ की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए शिवपुर घाट में दाह संस्कार कर दिए। थाना क्षेत्र के सिकटा गाँव निवासी त्रिलोकी कहार (63)अपने बेटे से अलग रह कर घर से 500 मीटर दूर घर से खाना खाने के बाद प्रतिदिन की तरह परचून की दुकान में सोने गए थे शनिवार की सुबह अचानक तवियत विगड़ने पर परिजन आनन फानन में निजी साधन से दवा इलाज के लिये मीरजापुर जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई ।इसके बाद परिजन शिवपुर घाट पर दाह संस्कार कर दिया है। मृतक के बड़े पुत्र लवकुश ने बताया कि पिता की अचानक तवियत खराब होने पर मीरजापुर ले जा रहे थे कि अचानक रास्ते में मौत हो गई ।शिवपुर घाट पर दाह संस्कार कर दिया है ।मृतक ग्राम पंचायत का सदस्य है ।उसके चार पुत्र है। एक पुत्र अविवाहित है। मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी धनकुवरी रो कर बेहोश हो रही है। मौत पर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है की मौत की जानकारी नहीं है।

## एसपी ने हलिया थाने का किया औचक निरीक्षण दिया आवश्यक दिशा निर्देश

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशीक द्वारा शनिवार को हलिया थाने का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान साफ सफाई का निर्देश दिया गया निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखिय निरीक्षण शस्त्रागार महिला एवं पुरुष बैरीक महिला अपराध रजिस्टर तथा अपराधियों के बारे में जानकारी लिया गया वहीं थाने से संबंधित दर्ज गौ तस्करी के आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया तथा गो तस्करी में आरोपियों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि अगर उनकी संलिप्तता बनी हुई है तो उन पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया थाने में दर्ज गुंडा तथा मिनी गुंडा के आरोपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी लिया पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में 207 एमबी एक्ट के तहत सीज दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को भी देखा गया। इस दौरान थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एसआईआर की प्रक्रिया में बेईमानी करना चाहती है सत्तासीन भाजपाः हवलदार

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय, जनपद आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में भाजपा सरकार सत्ता के बल पर बेईमानी करना चाह रही है, लेकिन पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी सक्रियता के साथ 27 मार्च 2026 तक चलने वाली प्रक्रिया में जुटकर काम करें। उन्होंने बताया कि गरीबों, मजलूमों, पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के सम्मान के लिए संघर्ष करने वाले महान नेता मान्यवर कांशीराम साहब का 92वां जन्मदिवस समाजवादी पार्टी द्वारा नेहरू हाल, आजमगढ़ में भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें पूरे जनपद से पीडीए समाज के लोग शामिल होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक एवं पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते देश में बेरोजगारी, महंगाई, महंगी शिक्षा, दवाइयों की कीमतें और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है और एक वर्ग के लोगों का वर्चस्व होने के कारण पिछड़ों व दलितों पर दमन और उत्पीड़न बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे इन मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाएं। विधायक डॉ. संग्राम यादव, बेचई सरोज, अखिलेश यादव और पूजा सरोज ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ समाजवादी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, राकेश कुमार यादव, पूर्व मंत्री डॉ. राम दुलार राजभर, वर्मन यादव, करूणा कांत मौर्य, अजीत कुमार राव, हरिश्चंद्र यादव, अब्दुल्ला, अशोक यादव भोला, डॉ. धनराज यादव, जी.एस. प्रियदर्शी, वाले चंद कुशवाहा, जगदीश यादव, सोमनाथ यादव, वसीमुद्दीन शेख, राज नारायण यादव, राम आसरे चैहान, दुर्गेश यादव, विवेक सिंह, विनीत राय, दीपचंद विशारद, विनोद यादव, संतोष कुमार गौतम, सुशील आनंद, टिपलूर रहमान सहित समाजवादी पार्टी के अनेक नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सेल्समैन ने ग्राहक को पीटा

**ललितपुर।** मडावरा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर तेल कम देने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। सेल्समैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी राहुल सेन पुत्र दीपक सेन ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार रात करीब 7.50 बजे अपनी पत्नी के साथ सागर से लौट रहे थे। रास्ते में वह महरौनी स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने रुके। राहुल का आरोप है कि पेट्रोल डलवाने के बाद जब उन्होंने मात्रा कम होने की आशंका जताई और वहां मौजूद सेल्समैन महेश विश्वकर्मा से इस बारे में पूछा, तो वह अचानक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ ? पर आरोपी सेल्समैन ने अपने तीन अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और राहुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आपबीती सुनाई। तहरीर के आधार पर महरौनी पुलिस ने आरोपी सेल्समैन महेश निवासी टपरियन किसरदा और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**कुशीनगर।** जनपद के खड्डा तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित, पारदर्शी तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं नियमसम्मत समाधान किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाया गया तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, आपसी रंजिश, कानून-व्यवस्था तथा अन्य संवेदनशील मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शिकायतकताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

> ● मौके पर ही कई मामलों का किया गया निस्तारण, अधिकारियों को दिए कड़े

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित 23, पुलिस विभाग के 13, विकास विभाग के 6, पुलिस एवं राजस्व के संयुक्त 4 तथा अन्य विभागों के 17 प्रकरण शामिल रहे। इनमें से 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रेषित करते हुए उनकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवाद, वरासत, पैमाइश, सीमांकन एवं राजस्व अभिलेखों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है, इसलिए सभी अधिकारी इसकी गंभीरता को समझते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय की पत्रावलियों का अवलोकन कर लंबित मामलों की समीक्षा की और उपजिलाधिकारी को उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश बर्मा, उपजिलाधिकारी खड्डा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त थाना प्रभारी, जनपद स्तरीय अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रुद्रपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

जिला संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को रुद्रपुर तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 23, पुलिस विभाग के 08, विकास विभाग के 06 तथा अन्य विभागों के 14 मामले शामिल रहे। इसके अतिरिक्त 01 राशन कार्ड, 01 खतौनी दुरुस्तीकरण तथा 02 दिव्यांग प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरण भी प्राप्त हुए।

समाधान दिवस के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस क्रम में 01 पात्र लाभार्थी को राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया, 01 लाभार्थी की खतौनी का दुरुस्तीकरण कराया गया तथा 02 लाभार्थियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी रुद्रपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फरियादियों से बदसलूकी पड़ी भारी, एसडीएम ने तहसील कर्मी को भिजवाया जेल



**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील में फरियादियों के साथ अनुशासनहीन व्यवहार करने का मामला सामने आने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आए फरियादियों से अभद्रता करने की शिकायत पर उपजिलाधिकारी कसया ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तहसील के एक कर्मचारी को पुलिस बुलाकर गिरफ्तार करवा दिया और उसे जेल भेज दिया गया।बताया जा रहा है कि जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य को लेकर कई फरियादी तहसील पहुंचे थे। इसी दौरान तहसील का एक कर्मचारी उनसे अनुशासनहीनता और अभद्रता से पेश आने लगा। फरियादियों ने इसकी शिकायत सीधे उपजिलाधिकारी कसया से कर दी। शिकायत मिलते ही एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पुलिस को बुलाया और संबंधित कर्मचारी को हिरासत में लेकर जेल भेजने का निर्देश दिया।इस कार्रवाई से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। प्रशासन की सख्ती देखकर अन्य कर्मचारियों में भी खलबली मच गई। उपजिलाधिकारी कसया ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि तहसील में आने वाले फरियादी जनता की सेवा के लिए आते हैं। यदि कोई भी कर्मचारी किसी व्यक्ति के साथ अनुशासनहीनता या अभद्र व्यवहार करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हाई रिस्क गर्भवती का किया जाये समुचित प्रबंधः सीएमओ

**देवरिया।** सीएमओ कार्यालय के धन्वंतरि सभागार में शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी( सीएमओ) डॉ अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में चिकित्साको, स्टॉफ नर्स और एएनएम को गर्भावस्था में उच्च जोखिम ( हाई रिस्क) अवस्था के समय समुचित प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच और गर्भावस्था दौरान हाई रिस्क गर्भवती को समय से चिन्हित कर समुचित प्रबंधन की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रोकना और उन्हें समय से सुरक्षित प्रसव कराना है। कुशल प्रसव सहायक की मौजूदगी में मातृ मृत्यु दर में कमी आती है और प्रसव संबंधी किसी दिक्कत के समय महिला के घर के नजदीक जरूरी प्रसव सेवाओं का पैकेज उपलब्ध होने से भी मातृ मृत्यु दर में कमी आती है। कुशल प्रसव सहायक वह होता है जो प्रसव संबंधी दिक्कतों को संभाल सके।दिल्ली आईसीएमआर से आए प्रशिक्षक डॉ संदीप ने कहा कि सबसे पहले यह समझना चाहिए कि हर गर्भवती महिला जोखिम में है। गर्भवती की सभी जांचें सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रसूति पीड़ा के दौरान महिला और उसके परिवार को साफ और सुरक्षित प्रसव के लिए प्रेरित करें। महिला चिकित्सालय की चिकित्सक डॉ सुमन ने कहा कि प्रत्येक जन्म के समय कुशल सहायक की उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रसूति पीड़ा के दौरान महिला को उस स्थिति में रखे, जो उसे ठीक लगे और आरामदायक हो। प्रसव पीड़ा के तीसरे चरण का प्रबंधन सुनिश्चित करें ताकि प्रसव के उपरांत रक्तस्राव को बचाया जा सके। प्रशिक्षण में डिप्टी डॉ अश्वनी पाण्डेय, डिप्टी सीएमओ डॉ वाईपी यादव, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सहित चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, एएनएम मौजूद रहीं।

## लोक अदालत सुलह समझौते का माध्यम : न्यायाधीश

**देवरिया।** आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री धनेंद्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों कों निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज सी0डी0 श्रीमती शैलजा मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री बद्री विशाल पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण श्री इफ्तिखार अहमद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्री मनोज कुमार तिवारी, एवं समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती मंजू कुमारी,सिविल जज ( सी0डी0 ) श्री विवेक कुमार, व अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लीगल डिफेन्स कांउसिल, बैंक कर्मी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## गन्ने की सर्वाधिक उपज लेने वाले तीन किसान पुरस्कृत

**कुशीनगर।** गन्ने की वैज्ञानिक खेती के प्रति कृषकों को जागरूक करने एवं अधिक उपज लेने की प्रति कृषकों में प्रतिस्पर्धा उत्पन्न करने, अच्छी गन्ना फसल को देखकर दूसरे कृषकों को प्रभावित करने के लिए प्रतिवर्ष गन्ना विकास विभाग द्वारा क्षेत्रीय गन्ना प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता 2024 - 25 में कुशीनगर जिले में सर्वाधिक उपज लेने वाले तीन गन्ना किसानो को उपगन्ना आयुक्त देवरिया एपी सिंह ने अंगवस्त्र और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया है।गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पडरौना गन्ना विकास परिषद के अंतर्गत ग्राम खेसिया के किसान अजय पुत्र झिंगुर को गन्ना प्रजाति को. लख. 14201 को 1232 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज लेने पर प्रथम स्थान, खड्डा गन्ना विकास परिषद के अंतर्गत ग्राम सोहरौना के किसान देवी प्रसाद को गन्ना प्रजाति को. 118 से1193 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज लेने पर द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान खड्डा क्षेत्र के ग्राम पकड़ी के पंकज कुमार को मिला है जिन्होंने गन्ना प्रजाति को.पी. 9301 में 1165 कुंतल प्रति हेक्टर लिया है। इन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 5000, 3000, 2000 नकद का पुरस्कार दिया गया। पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता ने बताया कि कुशीनगर जिले का औसत उपज 800.28 कुंतल प्रति हेक्टेयर है। इससे यह सिद्ध होता है कि उपज बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।आवश्यकता है वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की। जिले में 2 लाख से अधिक किसान एवं उनके परिवार गन्ने की खेती पर निर्भर हैं। समारोह में उप गन्ना आयुक्त देवरिया ए पी सिंह ने बताया कि किसान अधिक उपज देने वाली प्रजातियों को ट्रेंच विधि से बोएं, वैज्ञानिक ढंग से खेती करें। उपज बढ़ेगी खुशहाली आएगी। सहायक सांख्यिकी अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष क्षेत्रीय गन्ना प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी कुशीनगर हुदा सिद्दीकी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खड्डा पवन कुमार पटेल, ऐके सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पडरौना, गन्ना विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए मार्च माह में चलेगा सघन अभियान

कुशीनगर। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी मु0 अजीम ने बताया कि पूर्व में आयोजित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी, द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति, दौरान दिए गए निदेर्शों के क्रम में शैक्षणिक वर्ष के प्रारम्भ होने के दृष्टिगत परिवहन विभाग, कुशीनगर द्वारा जनपद में पंजीकृत स्कूली वाहनों की फिटनेस की वैधता सुनिश्चित कराने के लिए मार्च माह में स्कूली वाहनों की सघन जांच एवं प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।उक्त जांच अभियान में इस तथ्य का विशेष परीक्षण किया जाएगा कि ऐसे विद्यालय जो बारंबार नोटिस प्रेषण के बावजूद अपने संस्थान के वाहनों का फिटनेस नहीं करा रहे हैं, उनके कारणों का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

# उत्साहित कार्यकर्ताओं के बल पर होगा सत्ता परिवर्तनः डॉ. मोहसिन खां




**देवरिया।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को बांस जिला कार्यालय के मुलायम सिंह यादव सभागार में जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव मंजूर हसन के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. मोहसिन खां ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र की मयार्दाओं और संवैधानिक मूल्यों को कमजोर करने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। एसआईआर के नाम पर विरोधी विचारधारा के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शानुसार प्रत्येक विधानसभा में 25 हजार नए मतदाता जोड़ने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी ताकत से जुटें। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकताओं के उत्साह और मेहनत के बल पर सत्ता परिवर्तन अवश्य होगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि देवरिया का प्रत्येक समाजवादी कार्यकर्ता एसआईआर अभियान को एक मिशन के रूप में लेकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता राष्ट्रीय नेतृत्व के हर निर्देश को पूरी गंभीरता के साथ धरातल पर उतारने के लिए संकल्पित है। जनपद में संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ मतदाता जागरूकता अभियान को भी तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने संगठन द्वारा विभिन्न स्तरों पर नियुक्त प्रभारियों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक सक्रिय होकर फार्म-6 भरवाने, नए मतदाताओं को जोड़ने तथा युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ने का कार्य तेज करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक लोगों का मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है।

जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार संपर्क अभियान चलाते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को गति दें और समय-समय पर अपनी प्रगति रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि संगठनात्मक स्तर पर अभियान की समीक्षा कर उसे और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती के बल पर जनपद देवरिया में समाजवादी पार्टी और अधिक सशक्त होकर उभरेगी।

सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने कार्यकताओं से सर्वसमाज को जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनता त्रस्त है और बदलाव चाहती है। पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह ने कहा कि भाजपा की नीतियों के कारण देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है ।

बैठक में पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा की घर वापसी पर जिलाध्यक्ष द्वारा उन्हें फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही मान्यवर कांशीराम की जयंती भव्य रूप से मनाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद कनकलता सिंह, पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा, पूर्व विधायक मनबोध प्रसाद, गेनालाल यादव, डॉ. रामनाथ चौहान, हृदयनारायण जायसवाल, अब्बास अंसारी, बेचुलाल चौधरी, प्रज्ञानंद चौधरी, विजय प्रताप यादव, वंदना पासवान, रामबिलास प्रजापति, अवधेश चौधरी, श्यामदेव यादव, मोहन गुप्ता, ऋषिकेश यादव, कमलेश पांडेय, शांति देवी, राजेंद्र प्रसाद, राजवंशी राजभर, इंद्रेश सिंह ह्यरामूह्ल, तेज प्रकाश जायसवाल, आजम खान, रामप्रताप चौहान, छेदीलाल यादव, सहित सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृषि/बीज गोदाम व किसान कल्याण केंद्र का शिलान्यास आज

भटनी (देवरिया)।स्थानीय विकासखंड के ग्राम खोसीबारी, रामपुर में किसानों के हित में प्रस्तावित कृषि/बीज गोदाम एवं किसान कल्याण केंद्र के निर्माण कार्य के शुभारंभ को लेकर रविवार को भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग) सूर्य प्रताप शाही मुख्य अतिथि तथा सुरेन्द्र चौरसिया क्षेत्रीय विधायक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के संयोजक मण्डल महामंत्री मुन्ना राय ने देते हुये बताया कि यह केंद्र किसानों को कृषि संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा बीज भंडारण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्थापित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि संसाधनों और योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्र, बूथ अध्यक्ष सुनील राय, शनिवेश राय, युवा समाजसेवी ऋषिकेश राय सहित अन्य कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना राय (मंडल मंत्री) होंगे।

आयोजकों के अनुसार भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा किसानों को कृषि क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी।

## 15 दिवसीय कार्यशाला के प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र और मेडल देकर किया गया सम्मानित




**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली स्थित राहुल शिशु शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा प्रायोजित और

मीरा सुरेश सेवा न्यास, कसया के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय

> ● मीरा सुरेश सेवा न्यास द्वारा संस्कृत संगीत कार्यशाला संपन्न

संस्कृत संगीत कार्यशाला का समापन हो गया। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा ह्लदेश रक्षणम्‍ राष्ट्र रक्षणम्ह्व सहित विभिन्न संस्कृत गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यशाला में अंशु चौरसिया, खुशी भारती, खुशी कुमारी, अर्पिता, शालू सिंह, मन्नत मणि, अम्बालिका सहितकुल 20 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिलासंघ चालक आरएसएस कुशीनगर रामाश्रय ने कहा कि संस्कृत हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इस प्रकार की कार्यशालाएँ नई पीढ़ी को भारतीय परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। मुख्य वक्ता सुरेश गुप्त ने संस्कृत भाषा और संगीत के महत्व पर प्रकाश डालाते हुए कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है, यह मधुर और पवित्र भाषा है।विशिष्ट अतिथि डॉ. रविशंकर प्रताप राव तथा दिनेश तिवारी ने भी संस्कृत और संगीत के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम के निदेशक जनार्दन ने कार्यशाला के महत्व को बताया। कार्यशाला का संचालन सुनील मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। संस्था के चीफ ट्रस्टी राजू मद्धेशिया ने सभी अतिथियों इसे शास्त्र और संस्कार से जुड़ी पहल बताया। अंत में मुन्ना मद्धेशिया ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण किया। अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किरण जयसवाल, गवीस उपाध्याय, रमेश मद्धेशिया, पवन गुप्ता, राम प्रताप चौरसिया, डा अमरीश विश्वकर्मा, पवन प्रजापति, कृष्ण मुरारी धर द्विवेदी, अमित मिश्रा, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज का पत्राचार केंद्र निरस्त

### जिम्मेदारों के गैरजिम्मेदाराना कार्य प्रणाली ने किया 700 छात्रों का भविष्य चौपट, विद्यालय पर गिरी गाज

**कुशीनगर।** जनपद में पत्राचार शिक्षा के नाम पर चल रहे खेल का पदार्फाश होने के बाद गंभीर अनियमितताओं और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने के आरोप में पडरौना नगर मे संचालित गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज, का पत्राचार पंजीकरण केंद्र तत्काल प्रभाव से

> ● 700 छात्रों के आवेदन में बड़ा खेल, तुलसीदास इंटर कॉलेज का पत्राचार केंद्र निरस्त

निरस्त कर दिया गया है। कहना ना होगा कि सत्र 2025-26 में करीब 700 छात्रों के आवेदन पत्रों में भारी गड़बड़ी मिलने के बाद अपर शिक्षा निदेशक पत्राचार शिक्षा ने यह कड़ा फैसला लिया है।बतादे कि मामले की जांचोपरांत माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के निर्देश पर गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक के खिलाफ निलंबन व मुकदमा दर्ज की कार्रवाई की जा चुकी है। जांच में यह पाया गया कि बड़ी संख्या में आवेदन पत्रों में जरूरी अभिलेख गायब थे, कई दस्तावेजों में अंतर था और नियमों के अनुसार सत्यापन भी नहीं किया गया।इतना ही नहीं, कई छात्रों द्वारा निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा न करने के बावजूद उनके आवेदन भेज दिए गए, जबकि नियमानुसार ऐसा करना पूरी तरह अवैध है। जांच में यह भी सामने आया कि नियमानुसार हर छात्र का चालान अलग-अलग जमा होना चाहिए, लेकिन यहां सभी छात्रों का चालान एक साथ जमा कर दिया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए।इसके अलावा वर्ष 2024 के पंजीकरण आवेदन भी समय से विभाग को नहीं भेजे गए, जिसे विभाग ने गंभीर लापरवाही माना है।

### प्रधानाचार्य की जगह क्लर्क ने किए हस्ताक्षर

मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि कई आवेदन पत्रों पर प्रधानाचार्य के बजाय प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक के हस्ताक्षर पाए गए। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए उन्हे निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है।

### कैसे फंसा 700 छात्रों का भविष्य

बताया जा रहा है कि पत्राचार पंजीकरण और परीक्षा से संबंधित औपचारिकताओं में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। समय से ऑनलाइन प्रविष्टियां, सत्यापन और आवश्यक अभिलेख अपलोड नहीं किए गए।

आरोप है कि नोडल अधिकारी ने निगरानी में कोताही बरती, जबकि प्रधान लिपिक स्तर पर कागजी कार्रवाई में भारी चूक हुई।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जो अंतिम सत्यापन की जिम्मेदारी निभाता है, समय रहते खामियों को पकड़ने और सुधारने में विफल रहा। परिणामस्वरूप बोर्ड स्तर पर छात्रों का प्रवेश पत्र जारी ही नहीं हो सका।

### अपर शिक्षा निदेशक पत्राचार ने किया आदेश

अपर शिक्षा निदेशक पत्राचार शिक्षा संस्थान प्रयागराज सीएल चौरसिया द्वारा गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज के प्रधानाचार्य को संबोधित जारी आदेश मे कहा गया है कि पत्राचार शिक्षा संस्थान, उ०प्र०, प्रयागराज के अंतर्गत गोस्वामी तुलसीदास इण्टर कॉलेज पडरौना कुशीनगर को पत्राचार पंजीकरण केन्द्र संख्या-901 के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी। जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर की जाँच आख्या दिनांक 13.01.2026 तथा सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० प्रयागराज के पत्र दिनांक 12.02.2026 में अल्लिखित तथ्यों के अनुसार सत्र 2025-26 में आपके केन्द्र द्वारा पंजीकृत 700 परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों में गंभीर अनियमितताएं की गई है, जिसमे निर्धारित समयावधि में स्वयंपाठियों द्वारा शुल्क जमा न किया जाना, आवेदन पत्रों में आवश्यक अभिलेखों का अभाव एवं भिन्नता, नियमानुसार सत्यापन न किया जाना, समयान्तर्गत 2024 में पंजीकरण आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रेषित न करना, आवेदन पत्रों पर प्रधानाचार्य के स्थान पर प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक द्वारा हस्ताक्षर किया जाना, आप द्वारा अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन में शिथिलता एवं उदासीनता बरतना, प्रत्येक छात्र का चालान करके एक साथ चालान जमा किया जाना आदि अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/सभापति) द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि पत्राचार पंजीकरण केन्द्र संख्या-901 गोस्वामी तुलसीदास इण्टर कॉलेज पडरौना कुशीनगर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाय। परिणाम स्वरूप गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज को पत्राचार पंजीकरण केन्द्र की सूची से निरस्त किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में पत्राचार पंजीकरण संबंधित तथा परीक्षा आवेदन संबंधी कोई भी कार्य सम्पादित न करें।

## गैस मूल्य के खिलाफ सपा का प्रदर्शन

बरहज,देवरिया। बरहज देवरिया बाईपास पर सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में लगातार हो रहे गैस मूल्य वृद्धि को लेकर प्रदर्शन किया। हाथों में गैस सिलेंडर लेकर विरोध में नारेबाजी किए। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि महंगाई कम नहीं हुई तो आंदोलन होगा। भाजपा की सरकार ने सरकार बनाने के पहले जनता से वादा किया था कि महंगाई कम होगी लेकिन इसके ठीक उल्टा काम भाजपा सरकार कर रही है। भाजपा सरकार बनने के बाद महंगाई आसमान छू रही हैं। महंगाई और गैस मूल्य वापस नहीं हुआ तो जनपद को जागरूक कर बड़े पैमाने पर आंदोलन होगा।

बरहज विधानसभा के पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार महंगाई की जननी हैं।

इस दौरान राहुल यादव, संजय सिंह, राकेश यादव, विकास यादव, सलीम खान, अनुप राजभर, अख़्तर आलम, अनरूद यादव, कृष्णा नन्द यादव, इस्लाम अंसारी, राम प्रसाद, अनिश अंसारी, दिनेश यादव, अनिल कुमार मौजूद रहे।

संक्षेप

## मां-बेटी पर केस दर्ज

सीतापुर। कथावाचक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मां-बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रेउसा थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव निवासी कथावाचक प्रशांत मिश्रा ने 27 फरवरी को अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस को मृतक के सूटकेस से एक सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में प्रशांत ने लिखा था कि करीब तीन वर्ष पहले वह सकरन थाना क्षेत्र के धानपुरिया गांव में कथा कहने गया था, जहां उसकी मुलाकात गांव की ही निवासी नीलम तिवारी से हुई। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गईं और फोन पर बातचीत के साथ आना-जाना भी शुरू हो गया। मृतक ने सुसाइड नोट में आरोप लगाया था कि नीलम तिवारी और उसकी मां पूर्ति तिवारी उसे ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठने लगीं और पैसे न देने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थीं। इसी मानसिक दबाव से परेशान होकर उसने आत्महत्या करने की बात लिखी। मामले में मृतक के पिता दीपूलाल मिश्रा की तहरीर पर रेउसा पुलिस ने नीलम तिवारी और उसकी मां पूर्ति तिवारी के खिलाफ धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सीतापुर। थाना हरगांव क्षेत्र के जोगीपुर मजरा सुरजीपारा गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार जोगीपुर मजरा सुरजीपारा निवासी अनिल गौतम (25) पुत्र रामसागर एक निजी स्कूल में बस चालक के रूप में कार्य करता था। करीब तीन वर्ष पहले उसका विवाह हुआ था। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। कुछ दिनों से उसकी पत्नी मायके में रह रही थी। बताया जा रहा है कि अनिल पत्नी को वापस घर लाने के लिए उसके मायके गया था, लेकिन पत्नी ने आने से इनकार कर दिया। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी भी हुई, जिससे वह काफी आहत होकर घर लौट आया। घर पहुंचने के बाद उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि मामला पारिवारिक कलह से जुड़ा है। फिलहाल परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

## हादसे में घायल किसान की मौत

महोली/सीतापुर। उरदौली गांव में शुक्रवार शाम पंचायत भवन के सामने हाईवे पर बने कट के पास सड़क हादसे में घायल किसान की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। उरदौली निवासी 55 वर्षीय शिवकुमार पुत्र गजराज खेत से सिंचाई कर बैलों की सहायता से पम्पिंग सेट लेकर घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां शनिवार दोपहर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। चैकी प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि वाहन पुलिस के कब्जे में है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 76 में से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनता की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील बिसवां में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर सुना गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से लाभार्थीपरक योजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाने और पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए। समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। तहसील बिसवां में कुल 76 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके अलावा तहसील सदर में 29 में से 5, मिश्रिख में 21 में से 4, सिधौली में 29 में से 6, महमूदाबाद में 21 में से 4, महोली में 22 में से 3 और लहरपुर में 28 में से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए एक सप्ताह के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए।

## डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी जब प्रसव कक्ष पहुंचे तो वहां अव्यवस्थाएं देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। मौके पर स्टाफ नर्स अनुपस्थित मिलने पर उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ड्यूटी पर चिकित्सक के अनुपस्थित पाए जाने पर उनका भी एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता और रख-रखाव की भी जांच की। जांच में फार्मासिस्ट द्वारा दवाओं का सही ढंग से रख-रखाव न किए जाने और दवाएं ठीक से प्रदर्शित न होने पर फार्मासिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने तथा एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पाई गई अन्य कमियों को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी बिसवां से स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी मरीजों को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी ने किया थानगांव थाने का निरीक्षण

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शनिवार को थाना थानगांव का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष समेत पूरे थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की गहन जांच की। इस दौरान एसपी ने अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर और फ्लाई शीट सहित अन्य अभिलेखों को चेक कर उनमें की गई प्रविष्टियों का भी निरीक्षण किया तथा अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में स्थापित मिशन शक्ति केंद्र का भी अवलोकन किया गया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक थानगांव को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप मिशन शक्ति केंद्र के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला पीड़ितों को इस केंद्र के माध्यम से अधिक से अधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। एसपी ने यह भी निर्देश दिए कि थाने पर आने वाली महिला पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण किया जाए।

## कमलापुर चीनी मिल को लेकर मार्ग चौड़ीकरण की मांग

सीतापुर। कमलापुर में प्रस्तावित चीनी मिल के संचालन को लेकर क्षेत्र में विकास की संभावनाएं बढ़ने लगी हैं। इसी क्रम में ग्राम व पोस्ट कमलापुर निवासी और प्रदेश महासचिव आर.पी. सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-30 से कल्याणपुर संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की है। पत्र में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और पिछले डेढ़ दशक से बंद पड़ी कमलापुर चीनी मिल को चालू कराने की प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। मिल शुरू होने के बाद क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे क्षेत्र का बहुआयामी विकास होगा। उन्होंने कहा कि एनएच-30 से कल्याणपुर संपर्क मार्ग पहले से ही व्यस्त रहता है और चीनी मिल चालू होने के बाद वाहनों का आवागमन और बढ़ जाएगा। ऐसे में जनहित को देखते हुए इस मार्ग का चैड़ीकरण कराए जाने की आवश्यकता है।

## महोली में अग्निशमन केंद्र की स्थापना सहित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सांसद को सौंपा

महोली/सीतापुर। तहसील क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शनिवार दोपहर महोली के चमरबाग में समाजवादी पार्टी के नेता रमेश चन्द्र शुक्ला ने धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं की ओर सांसद का ध्यान आकृष्ट कर उनके समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि महोली क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र न होने के कारण आग लगने की घटनाओं में दमकल को जिला मुख्यालय से आना पड़ता है, जिससे समय पर राहत कार्य नहीं हो पाता और अधिक नुकसान हो जाता है। इसलिए महोली तहसील स्तर पर अग्निशमन केंद्र की स्थापना की मांग की गई। शुक्ला ने बताया कि 17 मई 2016 को तत्कालीन विधायक अनूप गुप्ता द्वारा भी इस संबंध में मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा आग से प्रभावित लोगों को मिलने वाले आर्थिक मुआवजे में वृद्धि करने, दैवीय आपदाओं से पीड़ितों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक बजट देकर शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में प्राथमिक विद्यालयों की रसोइयों को समय पर मानदेय देने और उनका मानदेय बढ़ाने की मांग की गई। साथ ही निजी फैक्ट्रियों और चीनी मिलों में संविदा कर्मचारियों के शोषण का मुद्दा उठाते हुए उचित वेतन और श्रम कानूनों के पालन की मांग की गई।

# समाधान दिवस में सुनी गयीं 124 फरियादें



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु मार्च मास के प्रथम शनिवार को तहसील बिंदकी सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, जिलाधिकारी रविंद्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं ।प्रमुख उपलब्धियांविभिन्न विभागों में सीएम युवा उद्यमी आवेदन समाज कल्याण वृद्धा पेंशन दिव्यांगजन सशक्तिकरण उपकरण प्रमाण पत्र आदि प्राप्त हुए ।होम्योपैथिक एवं यूनानी दवा आयुष विभाग वितरित की गईं ।कृषि विभाग में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आवेदन तथा जिला पूर्ति में व्यक्तिगत शौचालय आवेदन लिए गए ।लगाए गए स्टालों पर नागरिकों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रहण की ।शिकायत निस्तारणकुल शिकायतें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेंशन, सिंचाई, राजस्व आदि प्राप्त हुईं। इनमें से मौके पर निस्तारण हो गया, जबकि प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंप समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी के निर्देशजिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है। लापरवाही बरतने पर अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सभी पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने हेतु ढिलाई न बरती जाए ।पुलिस अधीक्षक ने पुलिस संबंधी शिकायतों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।उपस्थित अधिकारीउप जिलाधिकारी बिंदकी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप निदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, ईओ, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे ।इस आयोजन से जिले में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में गति आएगी।

## एनएमएमएस परीक्षा में अंजलि को मिली 50वीं रैंक, विद्यालय का नाम किया रोशन



सीतापुर। श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, लोनियनपुरवा की कक्षा 8 की छात्रा अंजलि ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (एनएमएमएस) परीक्षा 2026-27 में जनपद स्तर पर 50वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

यह परीक्षा 9 नवंबर को परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, एलनगंज प्रयागराज द्वारा आयोजित की गई थी। परीक्षा में अंजलि ने सामान्य मानसिक योग्यता परीक्षण में 52 अंक और शैक्षिक अभिरुचि परीक्षण (विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और गणित) में 42 अंक प्राप्त कर कुल 94 अंक हासिल किए। इस परीक्षा में दोनों चरणों में 90-90 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं, जिन्हें हल करने के लिए 90-90 मिनट का समय निर्धारित होता है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित होता है और इसमें नकारात्मक अंकन नहीं किया जाता। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। अंजलि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। हाल ही में एचसीएल फाउंडेशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुए ट्रायल में उसका चयन हो चुका है। अंजलि को खेलों में प्रशिक्षण विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी के मार्गदर्शन में मिल रहा है। अंजलि की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 43 शिकायतों में 4 का मौके पर निस्तारण

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 19 मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जबकि 12 मामले पुलिस विभाग से और 9 अन्य विभागों से जुड़े रहे। उप जिलाधिकारी ने पिछली तहसील दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के बाद फरियादियों की समस्याएं एक-एक कर सुनीं। इस दौरान ग्राम पुरंदरपुर के पूर्व प्रधान उदयभान सिंह ने विद्युत पोल गिर जाने से बिजली के तार जमीन पर पड़े होने की शिकायत की। वहीं राजापुर पिपराहा निवासी सुरेश कुमार ने गांव के एक व्यक्ति द्वारा तालाब पाटकर बंजर भूमि पर कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा अन्य फरियादियों ने भी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। उप जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार गणेश सिंह, पूर्ति निरीक्षक मनोज राजवंशी, कानूनगो अजय प्रताप सिंह, दिनेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डुग्गू ने बिखेरे होली के रंग



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम धनकोली निहालखेड़ा स्थित पुष्प फाउंडेशन के मुख्य कार्यालय परिसर में होली का पावन पर्व हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हा बालक डुग्गू रहा, जिसने अपनी मासूमियत और ऊर्जा से पूरे वातावरण को रंगीन और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य भी देखने को मिला, जब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी व्यस्तताओं को विराम देकर नन्हे डुग्गू के साथ जमीन पर बैठकर होली खेली। डुग्गू ने न केवल गुलाल उड़ाया, बल्कि अपने प्रिय खेल ह्यगोली-कंचेह्न में भी अध्यक्ष को शामिल कर लिया, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बचपन की निश्चलता और होली के रंग हमें यह सिखाते हैं कि समाज सेवा का वास्तविक अर्थ मानवता और प्रेम को जीवित रखना है। बच्चों की मुस्कान ही किसी भी सामाजिक संस्था की सच्ची सफलता होती है।

## उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाओं को सम्मानित किया



उन्नाव (वीओएल)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नाबार्ड एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के संयुक्त तत्वावधान में दहीचैकी स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में महिला संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सहायक महाप्रबन्धक बैंक आफ इण्डिया अंजू कक्कड़ ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की वर्ष 2026 की थीम गिव टू गेन है जिसका उद्देश्य महिलाओ को स्वरोजगार, अधिकार, न्याय, कौशल विकास एवं वित्तीय समावेशन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना है। अग्रणी जिला प्रबन्धक आर0के0गौतम ने महिलाओ को स्वावलम्बी बनने हेतु प्रशिक्षण संस्थान में संचालित विभिन्न निःशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की। डीडीएम नाबार्ड ने महिलाओ के उत्थान में नाबार्ड की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि, अग्रणी जिला प्रबन्धक आर.के0गौतम, डी0डी0एम0 नाबार्ड सुमित कुमार, आरसेटी निदेशक गौरव कुमार ने महिला सिलाई केन्द्र संचालन के लिए नेहा सोहरामऊ, बीसी सखी दही चैकी कविता, कास्मेटिक शाप के लिए नीतू पुरवा, महिला जिम संचालन के लिए प्रिया बौद्ध औरास मोहान, जूट बैग एण्ड जूट प्रोडक्ट के लिए आरती बंथर, व्यूटीपार्लर के लिए शीला सैनी, कैण्डिल मेकिंग के लिए कंचन मोहान, बीसी सखी सौम्या पटेल को प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया ।

## डीएम ने सुनीं 93 शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

उन्नाव। डीएम गौरांग राठी व एसपी जय प्रकाश सिंह नें शनिवार को तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई से पहले जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों से जुड़े लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने तहसील दिवस में आए फरियादियों की शिकायतें एक-एक कर गंभीरता से सुनीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता के साथ लिया जाए। ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और शिकायत को उसी श्रेणी में दर्ज किया जाए जिस श्रेणी से वह संबंधित है। उन्होंने सभी विभागों को आईजीआरएस सेल को सक्रिय रखने और असंतुष्ट फीडबैक वाले मामलों पर गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी स्वयं शिकायतकताओं से फीडबैक लें और सारगर्भित टिप्पणी पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही चकरोड पैमाइश और अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायतों को उपजिलाधिकारी गंभीरता से लेकर मौके पर टीम भेजकर जांच कराएं और उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# श्रमिकों का कमलापुर शुगर फैक्ट्री के खिलाफ मोर्चा



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कमलापुर शुगर फैक्ट्री एक बार फिर विवादों में घिर गई है। कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी और प्रबंधन की कथित उदासीनता के विरोध में भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ, कमलापुर ने 11 मार्च से तीन दिवसीय धरना देने का ऐलान किया है। संगठन का कहना है कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

श्रमिक संगठन का आरोप है कि फैक्ट्री में लंबे समय से पुराने और स्थानीय कर्मचारियों की अनदेखी की जा रही है, जबकि संविदा और मेकअप स्टाफ की नियुक्तियों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। संगठन के अनुसार पिछले वर्ष 10 दिसंबर 2025 को भारतीय मजदूर संघ, कमलापुर के मंत्री अरुण कुमार तिवारी ने फैक्ट्री के महाप्रबंधक (गन्ना) अजित सिंह को पत्र देकर पुराने कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखने की मांग की थी। इस संबंध में यूनिट हेड पी.के. सालार के साथ कर्मचारियों की वार्ता भी हुई, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं निकल सका। अब संगठन ने प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 11 मार्च से फैक्ट्री गेट पर तीन दिन का धरना देने की घोषणा की है। संगठन का कहना है कि फैक्ट्री का अधिग्रहण होने के बाद कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण और पारदर्शिता की उम्मीद थी, लेकिन प्रबंधन की कार्यशैली से श्रमिकों में निराशा बढ़ रही है।

कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर हमने कई बार प्रबंधन से संवाद किया, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इसलिए 11 मार्च से तीन दिवसीय धरना शुरू किया जाएगा। यदि इसके बाद भी मिल मालिक की आंखें नहीं खुलीं, तो ऐसा बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी कल्पना भी प्रबंधन ने नहीं की होगी।

**अरुण कुमार तिवारी-सचिव भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ**

### ये हैं कर्मचारियों की प्रमुख मांगें:

सभी पुराने कर्मचारियों को तत्काल जॉइन कराया जाए।

कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।

बकाया भविष्य निधि (पीएफ) जमा कराई जाए।

फैक्ट्री बंदी के दौरान मृत कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी दी जाए और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।

## 45 परिषदीय विद्यालयों में लगेंगे स्मार्ट क्लास



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। मौरावा बीआरसी क्षेत्र के मौरावा में शुक्रवार को 45 परिषदीय विद्यालयों में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए जाने वाले स्मार्ट क्लासेस, आरओ वाटर सिस्टम, सोलर स्ट्रीट लाइट और साउंड सिस्टम परियोजना का लोकार्पण राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने किया। कार्यक्रम में मौरावा आदर्श पंचायत नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ भी मौजूद रहे। इंडियन आयल कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी के पदाधिकारी सुनील दत्ता ने परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा। इस दौरान राजीव रंजन और मनोज कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

बीएसए शैलेंद्र कुमार पांडे ने विद्यालयों को मिली इन सुविधाओं की सराहना करते हुए अन्य ब्लॉकों के स्कूलों में भी ऐसी व्यवस्था कराने की मांग राज्यसभा सांसद से की। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास की व्यवस्था होने से शहर की तरह ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आधुनिक शिक्षा से जुड़कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक डी.के. मिश्रा ने किया। इस अवसर पर अंजू अवस्थी, वंदना, उषा शुक्ला, सुनीता दीक्षित, नीरज कश्यप, कमलेश यादव सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पत्रकार सुनील मिश्रा, हरिराम यादव, शिवम चौरसिया और गौरी सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## संयुक्त शिक्षक महासंघ की ब्लॉक इकाई गठित



औरास, उन्नाव (वीओएल)। शिक्षकों की समस्याओं और अनिवार्य टीईटी जैसे मुद्दों को लेकर शनिवार को औरास के एक गेस्ट हाउस में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की ब्लॉक इकाई औरास का गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और 9 मार्च से व्यापक स्तर पर पोस्टकार्ड अभियान चलाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में ब्लॉक स्तर पर सभी संगठनों के ब्लॉक अध्यक्षों को ब्लॉक संयोजक तथा मंत्रियों को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अभियान के तहत मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और शिक्षा मंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर शिक्षकों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही ई-मेल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से भी शिक्षकों की आवाज सरकार तक पहुंचाने की रणनीति तय की गई। बैठक में पोस्टकार्ड का वितरण भी किया गया। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला एवं मांडलिक मंत्री प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए सभी संगठनों की एकता सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से शिक्षकों की आवाज को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा, ताकि समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने पड़ें। अटेवा के जिलाध्यक्ष अर्पित मिश्र ने अभियान के पहले चरण की रणनीति की जानकारी दी और बताया कि न्याय पंचायत स्तर तक अभियान को संगठित किया जाएगा। नरेंद्र सिंह ने सरकार द्वारा टीईटी जैसे गंभीर मुद्दे को लंबे समय तक स्पष्ट न करने पर सवाल उठाए। इम्तियाज हुसैन ने अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियों के स्पष्ट वितरण पर जोर दिया। उमेश कनौजिया ने पोस्टकार्ड वितरण को अभियान का महत्वपूर्ण चरण बताते हुए सभी से सक्रिय भागीदारी की अपील की। प्रदीप यादव ने सभी संगठनों और पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता बेहद जरूरी है। वहीं अनुदेशक कुलदीप यादव ने अनुदेशकों के लंबे संघर्ष का उल्लेख करते हुए एकता की ताकत पर बल दिया। बैठक में न्याय पंचायत स्तर पर अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रभारी भी नियुक्त किए गए। इस दौरान प्रदीप यादव, नरेंद्र सिंह, उमेश कनौजिया, इम्तियाज हुसैन, छत्रपाल रावत, सूफियान अहमद, राजेश कुमार, धनंजय, संदीप कुमार, अनुदेशक कुलदीप यादव, मोहित, जगरूप, विशाल, संध्या, कल्पना, रीता कुशवाहा, मोनिका, प्रियंका सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

संक्षेप

## युवक ने घरेलू कलह के चलते लगायी फांसी

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव में घरेलू कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दीपक उर्फ दीपू प्रजापति पुत्र दिनेश कुमार प्रजापति 18 ने परिजनों से नाराज होकर अपने खेत में लगे बबूल के पेड़ में साफी से फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को जानकारी होने पर उसे नीचे उतारा और पुलिस को जानकारी दी। भाई अभिषेक ने बताया कि घर में लड़ाई झगड़ा हो गया था जिसके चलते वह रात को खेत की ओर निकल गया। जब जाकर देखा तो वह बबूल के पेड़ में फांसी पर लटका हुआ था। नीचे उतारकर देखा तो सांसे रुक गई थीं। मृतक 1 साल से वापी में मजदूरी करता था, होली में गांव आया हुआ था। मां अभिलाषा का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अर्पित पांडे ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## प्रधान के घर घुसकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के सेमरिया मिर्दहा गांव में प्रधान के घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कई लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सेमरिया मिर्दहा निवासी ग्राम प्रधान शिवबरन पुत्र मईयादीन कुशवाहा ने कोतवाली अतर्रा में तहरीर देकर बताया है कि बीते 4 मार्च की शाम लगभग 5 बजे वह घर पर मौजूद थे, तभी गांव का ही जितेंद्र कुमार पुत्र शशिकांत उर्फ संतोष अपने दो अन्य अज्ञात साथियों के साथ उनके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने ग्राम प्रधान और उनके पिता मईयादीन के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर मचाने पर आस-पास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार तथा दो अज्ञात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग को भगाने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**बांदा।** पैलानी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना जसपुरा में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरी पुत्री बीते 5 मार्च को सुबह 8 बजे बिना बताए घर से चली गई थी। काफी देर तक वापस नही आई तो उसने तलाश शुरू की। घर वापस आते समय देखा कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री को गांव का अर्जुन पुत्र तुलसीदास बाइक में पीछे बैठाकर लिए जा रहा है। मैने लड़की को आवाज लगाई लेकिन अर्जुन ने अनसुना करते हुए बाइक नही रोकी। इसी दौरान गांव के कुछ लोग बाइक से आ रहे थे। उन्हे मैने घटना की जानकारी दी। वह बाइक का पीछा करके पकड़ने गये तो आरोपी मेरी बेटी को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

## सपा की बैठक, कांशीराम जयंती, एसआईआर पर चर्चा

बांदा। समाजवादी पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। शहर के बिजली खेड़ा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में मुख्य रूप से 15 मार्च को बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाने एवं एसआईआर को लेकर चर्चा हुई। बैठक में सपा के वरिष्ठ नेता विशंभर निषाद, लोक सभा प्रभारी उमेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा, राष्ट्रीय सचिव ओमनारायण त्रिपाठी विदित, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र वर्मा, किरन वर्मा व बड़ी संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चिकित्सक की हत्या के मामले में सुपारी किलर सहित 3 गिरफ्तार

शहजाद अंसारी (VoI)



**बिजनौर।** पुलिस ने दो दिन पूर्व नगीना में चिकित्सक की गोली मारकर हत्या की सनसनीखेज घटना का खुलासा कर दिया है। दूसरे चिकित्सक ने रंजिश रखते हुए रुपए देकर डा0 मनोज कुमार की हत्या कराई थी। पुलिस ने सुपारी किलर सहित हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने शनिवार को पुलिस लाइन के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि बीती 05 मार्च 2026 गुरुवार की शाम लगभग 7 बजे नगीना थाना क्षेत्र के धामपुर रोड स्थित शिवालय हेल्थ केयर सेंटर पहुंचकर विकास उर्फ छोटू पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम तिबड़ी थाना धामपुर जनपद बिजनौर ने फर्जी पैथोलॉजी रिपोर्ट दिखाने के बहाने चैम्बर में बैठे डा0 राजकुमार पुत्र धर्मपाल निवासी थाना नंदग्राम जनपद गाजियाबाद की गोली मार दी थी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। नगीना पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी एव घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान घटना में दो अन्य अभियुक्तगण आर्यन उर्फ राजन पुत्र सुनील कुमार निवासी मधी थाना धामपुर जिला बिजनौर हाल निवासी ग्राम जैतरा थाना धामपुर जनपद बिजनौर व डा0 नीरज कुमार पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम तिबडा थाना धामपुर जनपद बिजनौर के नाम प्रकाश में आयें।

**● खुलासा**

नगीना पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल आरोपी विकास उर्फ छोटू, आर्यन उर्फ राजन एंव डा0 नीरज कुमार गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त विकास उर्फ छोटू ने बताया कि वर्ष 2018 में गाजियाबाद स्थित यथार्थ हॉस्पिटल में डा0 नीरज (फिजिशियन) तथा डा0 राजकुमार (पीडियाट्रिशियन) एक साथ कार्य करते थे और आपस में मित्र भी थे। इसके बाद वर्ष 2022 में दोनों ने मिलकर नगीना क्षेत्र में धामपुर रोड पर सुमित्रा हॉस्पिटल खोला और आपस में यह बात तय हुई कि अस्पताल की आय से सबसे पहले डा0 नीरज के लोन का भुगतान किया जाएगा, किन्तु आपसी मनमुटाव के चलते डा0 राजकुमार वर्ष 2023 में बिना हिसाब-किताब किए अलग हो गए। डा0 राजकुमार ने अलग होने के बाद जनवरी 2024 में शिवालय हेल्थ केयर सेन्टर नाम से अपना अलग अस्पताल शुरू कर दिया, जिससे सुमित्रा हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों की संख्या कम हो गई और दोनों के बीच आपसी विवाद एवं तनाव बढ़ गया। इसी रंजिश के चलते डा0 नीरज कुमार ने डा० राजकुमार की हत्या करने की योजना बनाई। पूछताछ में अभियुक्त विकास उर्फ छोटू ने बताया कि वह डा0 नीरज ने डा0 राजकुमार की हत्या करने के लिए उसे 10 लाख रुपए देने तय किए थे, जिसमें से उसे लगभग दो लाख रुपए एडवांस मिल चुके थे तथा अभियुक्त विकास उर्फ छोटू ने घटना कारित करने के लिये तमंचा राजन से लिया था, जिसकी मुलाकात विकास उर्फ छोटू के दोस्त कार्तिकेय द्वारा राजन से कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक तमंचा दो जिन्दा कारतूस व एक पिस्टल 32 बोर व 02 कारतूस तथा दो लाख रुपये की नकदी नकदी बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में नगीना थानाध्यक्ष अवनीत मान, उ0नि0 सुक्रमपाल राणा, उ0नि0 अजीत कुमार, हे0का0 वरूण कुमार, हे0 का0 अंकित कुमार, कां0 सचिन कुमार, अंकित सैलानिया, प्रदीप कुमार, मोनू, जोगेन्द्र कुमार सर्विलॉस सेल व विशाल तोमर शामिल रहे।

# जनसामान्य की शिकायतों का समय से गुणवतापरक निस्तारण किया जाये: डीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नगीना में अवैध रूप से नर्सिंग होम एवं अस्पतालों के संचालन की कुछ शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि तत्काल इस प्रकरण की पूरी संवेदनशीलता के साथ जांच कराते हुए नगीना सीएससी में तैनात नोडल अधिकारी के कार्यकाल की अवधि की आख्या भी प्रस्तुत करें। शाइनिंग हाकी क्लब नगीना द्वारा नगीना के एमएम इंटर कॉलेज के खेल का मैदान गहराई में होने की वजह से पानी भरने की शिकायत के दृष्टिगत फील्ड का भराव करने का अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर उन्होंने उप जिलाधिकारी नगीना तथा उपयुक्त मनरेगा को एमएम इंटर कॉलेज के खेल मैदान का निरीक्षण कर तत्काल भराव के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील नगीना के हाल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस के मौके पर कुल 25 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 04 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी विजय शंकर, उप जिलाधिकारी न्यायिक आशुतोष जैसवाल, तहसीलदार अमरपाल सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

# श्रीमद्भागवत कथा और पार्थिव शिवलिंग निर्माण आज से

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** धर्मनगरी ललितपुर के प्रसिद्ध श्रीतुवन मंदिर प्रांगण में आगामी 8 मार्च से एक भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। पवन कुमार जैन नौरहकलां (पूर्व पार्षद एवं रेलवे ठेकेदार) की पुण्य स्मृति में नौरहकलां परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ आज रविवार को सुबह 10.30 बजे भव्य विशाल कलश यात्रा के साथ होगा, जो श्री तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी। आयोजन केसंरक्षक महंत रामलखनदासजी महाराज (उत्तराधिकारी महंत, श्री तुवन मंदिर) रहेंगे। आयोजन में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक होगा। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक। कथा व्यास के रूप में अयोध्या धाम के ओजस्वी वक्ता स्वामी बाल भरत महाराज अपने श्रीमुख से अमृत वर्षा करेंगे। ज्ञान अमृत वर्षा कार्यक्रम में सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक, जिसमें आचार्यश्री कामता प्रसादजी महाराज (प्रयागराज) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम और झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जिनमें मेक इन इंडिया, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी सशक्तिकरण जैसे सामाजिक संदेश भी शामिल रहेंगे। 11 मार्च को कवि सम्मेलन और 15 मार्च को सायं 4 बजे से विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम की पूणार्हुति होगी। आयोजक साधना जैन, समीक्षा जैन, प्रतीक जैन एवं समस्त नौरहकलां ने सभी धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। यह जानकारी तुवन मंदिर के महन्त रामलखन दासजी महाराज ने दी।

**● प्रतीक जैन एवं समस्त नौरहकलां ने सभी धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है**

# समाधान दिवस में आई 47 शिकायतें, 7 निस्तारित



जिला संवाददाता

**बांदा।** तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिली शिकायतों का समय पर गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। विद्युत, राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की 47 शिकायतें मिलीं। इनमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। कनवारा गांव के फरियादी ने जमीन पर अवैध कब्जा होने की शिकायत की, इस पर डीएम जे0 रीभा ने राजस्व निरीक्षक को पैमाइश करने के निर्देश दिए। लामा गांव में मनरेगा कार्य का भुगतान करने को लेकर फरियादी की शिकायत पर वीडियो बड़ोखर खुर्द को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत पिपरहरी गांव में पेयजल आपूर्ति के संबंध में शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता जल निगम को जलापूर्ति कराने के निर्देश दिए। आशा देवी ने लड़ाई-झगड़े की शिकायत की, इस पर एसएचओ मरका को कार्रवाई के निर्देश दिए। राजकीय नलकूप खराब होने तथा सैमरी गांव में लेखपाल के जमीन की पैमाइश ठीक तरह से न करने की शिकायत पर नायब तहसीलदार को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पुलिस विभाग की शिकायतों को सुनकर इनके निस्तारण के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, परियोजना निदेशक डीआरडीए, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार विकास पांडेय, नायब तहसीलदार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## शातिर चोर गिरफ्तार, 31 मोबाइल, रुपये बरामद




**बांदा।** कोतवाली नगर पुलिस ने दुकान में चोरी की खुलाशा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 4 मार्च की रात थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ज्योति नगर में संतोष विश्वकर्मा मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर तथा बिजली खेड़ा में दिनेश कुमार प्रजापति के लोहे व सरिये की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करने के बाद आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया था। कोतवाली नगर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद व संदिग्धों से पूंछताछ कर आरोपियों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को छोटा बाईपास से गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी के लगभग 10 लाख रुपये के 31 मोबाइल फोन, ईयरबड, एसबीआई चेक व नकद 20 हजार रुपए बरामद हुए हैं। इससे पहले भी बीते 8 मार्च 2025 को कोतवाली नगर क्षेत्र में नरैनी रोड केसीएनआईटी के पास एक फॉर्म हॉउस में चोरी की घटना को अंजाम दिया था और इसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तार आरोपी राजू उर्फ पिट्ठू, पिट्टी पुत्र रामकिशोर निवासी चांदी पट्टी थाना अजयगढ़ जनपद पन्ना मध्य प्रदेश का निवासी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में बलराम सिंह प्रभारी निरीक्षक, आशुतोष त्रिपाठी चैकी प्रभारी मण्डी समिति, उप निरीक्षक प्रीत कुमार पाण्डेय, महिला उप निरीक्षक रश्मि सिंह, कांस्टेबल सौरभ यादव, सतीश यादव व मनीष शुक्ला रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**बांदा।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को होगा। इसमें बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित मामले, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले, जन उपयोगी सेवाओं, वाणिज्यकर संबंधी मामले, राजस्व, चकबंदी, श्रम, चालानी वाद तथा शमनीय प्रकृति के लघु आपराधिक वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात संबंधी ई-चालान का निस्तारण, साथ ही ऋण वसूली, न्यायाधिकरण में लंबित मूल वादों, बैंकिंग, वित्तीय मामलों से संबंधित वाद के अधिक से अधिक निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश अल्पना करेंगी। 11, 12 व 13 मार्च को लघु आपराधिक वादों, विद्युत संबंधी वादों व धारा 138 से संबंधित वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन भी किया जा रहा है। विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिले की वादकारी जनता, विधि व्यवसायियों एवं अन्य लोगों से अपील की है कि वह अपने वादों के निस्तारण के लिए अधिक से अधिक संख्या में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत में तथा इससे पहले वादों को नियत कराते हुए निस्तारण कराकर अवसर का लाभ उठाएं।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** जनपद में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पाली अजय कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना नाराहट पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 44/2026 धारा 137(2), 65(1) बीएनएस तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त ग्राम गौना निवासी नेघराज पुत्र प्रकाश कुशवाहा (22 वर्ष) को 6 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद उसे विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना नाराहट की थानाध्यक्ष पारुल चंदेल, उपनिरीक्षक महराज सिंह, हेड कांस्टेबल हरिश्चंद्र तथा महिला आरक्षी ममता की अहम भूमिका रही।

## साधु के वेश में संदिग्ध बच्चा चोर को लोगो ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**ललितपुर।** नगर के प्रमुख स्थल तुवन चैराहा के पास से साधु के भेष में घूम रहे बच्चा चोर को स्थनीय लोगो ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थनीय लोगो ने बताया कि साधु के भेष में एक व्यक्ति तुवन मन्दिर आया जहाँ पर वह एक 11 वर्षीय बच्चे के साथ था। स्थनीय लोगो को साधु पर शक हुआ तो साधु से व बच्चा से पूछताछ की जिसमें बच्चा ने बताया कि यह व्यक्ति मुझे वृदावन से लेकर आया है। मैं राजस्थान के धौलपुर के बरखेड़ा गांव का हूँ। बच्चे से स्थनीय लोगों ने परिजनों का नम्बर लेकर बात की तो जानकारी मिली कि बच्चा 12 दिन से लापता है जिसकी सूचना सम्बंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई थी वहीं ललितपुर पुलिस ने साधु से जानकारी की तो उसने अपना नाम मड़ावरा के देवरान निवासी छोटू अहिरवार बताया पुलिस ने बच्चे से पूछताछ कर हेल्प डेक्स में भेज दिया है तथा साधु ने पूछताछ जारी है।

# आजादपुरा में दबंगों ने घर में घुसकर महिला और बच्चों को पीटा, तीन पर केस दर्ज

**ललितपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आजादपुरा टोरिया मोहल्ले में मामूली बात पर दबंगों ने एक घर में घुसकर महिला, उसकी बहू और बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट की। हमले में बेसबॉल बैट का इस्तेमाल किया गया, जिससे एक महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आजादपुरा टोरिया निवासी राजकुमारी पत्नी रामकिशन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 3 मार्च की शाम करीब 4 बजे वह अपने घर पर थीं। तभी पड़ोस में रहने वाले अरुण पुत्र पिंकी उर्फ प्रमोद, उसकी पत्नी प्रीति और सुखवती पत्नी पिंकी एकराय होकर आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने राजकुमारी पर लात-घूसों और बेसबॉल बैट से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब राजकुमारी की बहू रानी और बच्चे बीच-बचाव करने आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। मारपीट के दौरान बहू रानी के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि राजकुमारी और बच्चे भी घायल हुए हैं। जाते समय आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि ये लोग पहले भी कई बार उनके साथ मारपीट कर चुके हैं, जिससे मोहल्ले में दहशत का माहौल है। कोतवाली पुलिस ने 6 मार्च को प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपी अरुण, प्रीति और सुखवती के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## युवती को पीटा

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला पठापुरा में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। घर के बाहर शोर-शराबा और गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक युवती को घर के अंदर खींचकर बेरहमी से पीटा गया। बीच-बचाव करने आई मां के साथ भी अभद्रता की गई। पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पठापुरा निवासी पायल अहिरवार पुत्री जगभान अहिरवार ने पुलिस को बताया कि घटना की शुरूआत 4 मार्च की शाम 4 बजे हुई, जब पड़ोस के राजकुमार अहिरवार, मुन्नी, अंजना और छाया उनके घर के सामने डीजे बजाकर गाली-गलौज कर रहे थे।

# बकरी चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बार पुलिस ने बकरी चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बकरियां, एक अवैध तमंचा, कारतूस और घटना में प्रयुक्त टाटा सफारी गाड़ी बरामद की है। गौरतलब है कि बीती 6 मार्च को थाना बार में शिकायत दर्ज कराई गयी थी कि अज्ञात चोरों ने उसकी दो बकरियां चोरी कर ली हैं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में तीन टीमें गठित की गई थीं।

सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मैन्युअल साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने शनिवार को दो अभियुक्तों में ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी जमील खान उर्फ मुज्जी और जगदीश राय को हिरासत में लिया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने चैंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो ऐश-ओ-आराम की जिंदगी जीने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पहले ग्राम बसतगुवां में परशुराम के घर की रेकी की थी, जहां बकरियां बाहर बंधी रहती थीं। योजना के मुताबिक, वह रात में अपनी टाटा सफारी गाड़ी लेकर आए और बकरियां चोरी कर ले गए। शनिवार को वह इन बकरियों को बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने दोनों के पास से 02 चोरी की बकरियां, 01 अवैध तमंचा (315 बोर) व जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 टाटा सफारी गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों का पुराना अपराधिक इतिहास भी रहा है। जमील खान के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी और शस्त्र अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं, वहीं जगदीश राय पर मारपीट और एससी/एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। सफलतापूर्वक गिरफ्तारी करने वाली टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष बार अजमेर सिंह ने किया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं सहित शस्त्र अधिनियम (3/25 शस्त्र अधिनियम) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

**● अवैध तमंचा, कारतूस और चोरी की दो बकरियों समेत लग्जरी गाड़ी बरामद**

# राज्य स्तरीय मूल्यांकन टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिलापुरूष/महिला चिकित्सालय, ललितपुर में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवारकल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्वास के अंतर्गत राज्य स्तरीय मूल्यांकन 6 एवं 7 मार्च को शासन स्तर से गठित दो सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम (डा0 अमित कुमार एवं डा0 हरीशचन्द्र) द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर राज्य स्तर से आईमूल्यांकन टीम द्वारा चिकित्सालय की विभिन्न सेवाओं एवं व्यवस्थाओ का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, एसएनसीयू, प्रयोगशाला, फामेर्सी, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था एवं मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन टीम ने चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, संक्रमण नियंत्रण, दवा एवं उपकरणों की उपलब्धता, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन तथा गुणवत्तासुधार से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। इस दौरान चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन एवं चिकित्सालय के चिकित्सको तथा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीम को संस्थान में किए जा रहे गुणवत्ता सुधार कार्यों की जानकारी दी गई। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि एनक्वास कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा0 मयंककुमार शुक्ला, उप प्रधानाचार्य डा0 श्रुति सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 गजेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी/विभागध्यक्ष माइक्रो बायोलॉजी विभाग डा0 मधुरेन्द्र सिंह राजपूत सहित सभी मेडीकल स्टाफ मौजूद रहा।

संक्षेप

## संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में तहसील बूढ़नपुर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाए तथा दोनो पक्षों को बुलाकर वार्ता करें एवं शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान कुल 87 शिकायत प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 41, पुलिस के 24, विकास के 08 एवं अन्य के 14 मामले प्राप्त हुए। मौके पर 03 प्रकरण का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को निर्धारित समय मे गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर, तहसीलदार बूढ़नपुर, परियोजना निदेशक सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गूंजेगी महिलाओं की आवाज

सीतापुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सीतापुर में जागरूक महिलाओं द्वारा जनसभा और रैली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत महिलाएं सुबह जीआईसी मैदान में एकत्र होकर जनसभा करेंगी, जहां वे अपने हक-हुकूक, विशेष रूप से मनरेगा और रोजगार के अधिकार से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखेंगी। जनसभा के बाद सभी महिला साथी रैली के रूप में जीआईसी मैदान से गांधी पार्क होते हुए बाबा साहेब अम्बेडकर पार्क तक मार्च करेंगी, जहां रैली का समापन किया जाएगा। महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सामाजिक कार्यकर्ता ऋचा सिंह ने शहर की अधिक से अधिक जागरूक महिलाओं से इस जनसभा और रैली में शामिल होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की है।

## 5000 विद्यार्थियों को खेल-कूद सामग्री वितरण

जौनपुर। बदलापुर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय शाहपुरसानी में 5000 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षण एवं खेल-कूद सामग्री वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद एवं अभिनेता मनोज तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष/विशिष्ट अतिथि पूर्व गृहराज्य मंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह, विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सहित अन्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सांसद तिवारी ने कहा कि उन्हे हर्ष की अनूभति हो रही है क्योंकि इसी पावन धरती पर उन्हें नई पहचान मिली थी। कार्यक्रम में बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यही बच्चे देश का भविष्य हैं जितने अधिक बच्चे शिक्षित होंगे, आने वाला समाज उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने प्रत्येक बच्चे को आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दिया तथा पीली नदी के जीर्णोद्धार कार्य की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि बदलापुर विधानसभा क्षेत्र में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। शासन के द्वारा बच्चों को बैग, जूता, मोजा, भोजन आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सामुदायिक सहभागिता और कम्पोजिट विद्यालय शाहपुरसानी के पुरातन छात्र रहे सतीश तिवारी द्वारा 5000 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क शिक्षण एवं खेल-कूद सामग्री वितरण सराहनीय है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और खेल के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे आगे चलकर समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सकें।

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटायें शिकायतें

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में मार्च महीने प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जाँच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जाँच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी आदि ने 79 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 05 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 11 मामले निस्तारित हुए, बाकी 68 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार सदर अमित कुमार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। ओबरा में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार ओबरा आदि ने 37 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण का निस्तारण किया गया, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 05 मामले निस्तारित हुए, बाकी 32 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी व तहसीलदार घोरावल प्रवीण कुमार आदि ने 49 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण का निस्तारण किया गया, इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 08 मामले निस्तारित हुए, बाकी 41 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## महिला समूह की सदस्यों को राज्यपाल ने किया आमंत्रित



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में सोया मिल्क, पनीर उत्पादन का कार्य करने वाली समूह की महिलाओं को महिला रविवार के शुभ अवसर पर राज्यपाल द्वारा राज भवन में आमंत्रित किया गया है। इन महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर 10 महिलाओं को राजभवन लखनऊ के लिए रवाना किया। यह पहला मौका है जब जनपद सोनभद्र के समूह की महिलाओं को राजभवन में आमंत्रित किया गया है, जिससे न केवल महिलाओं के विकास के लिए नया मार्ग प्रशस्त हो रहा है बल्कि उन्हें आमदनी के साथ-साथ सम्मान भी प्राप्त हो रहा है।

जिलाधिकारी बद्रीनाथ के मार्गदर्शन में यह महिलाएं राजभवन जा रही हैं। सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी गई हैं। महिलाओं को राजभवन जाने की सारी व्यवस्था एनआरएलएम विभाग द्वारा की गई है इस मौके पर सरिता सिंह उपायुक्त स्वत रोजगार, डीएमएम एम जी रवि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में कार्यरत महिलाओं के योगदान को दर्शाने वाला एक लघु वीडियो प्रदर्शित किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अरुणिमा पात्रा, फाउंडर डायरेक्टर, तन्वी कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रा. लि. एवं राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर का प्रेरक सत्र रहा। उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता, वित्तीय जागरूकता और नेतृत्व विकास पर एक रोचक एवं उपयोगी सत्र लिया। मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान शक्ति वॉक द रुशी लिड्स भारत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अपने संबोधन में महिलाओं के समर्पण और नेतृत्व की सराहना की तथा ओएनजीसी और सेल जैसे संगठनों के उदाहरण देते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा), देवब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ एवं परियोजना), रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) तथा डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा अरुणिमा पात्रा तथा सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और अनम खान, ऑफिसर (मानव संसाधन) ने किया तथा आरएलआई, टीएडी और आईटी विभाग के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित होंगे डॉ. बृजेश महादेव

सोनभद्र। बेसिक शिक्षा विभाग के नवाचारी शिक्षक एवं समाजसेवी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ह्लमहादेवह्व का चयन ग्लोबल डायमंड आइकॉन अवॉर्ड 2026 के लिए किया गया है। यह सम्मान भव्य फाउंडेशन, जयपुर (राजस्थान) द्वारा आयोजित ग्लोबल डायमंड आइकन अवॉर्ड एवं अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन के अवसर पर 5 अप्रैल 2026 को प्रदान किया जाएगा। फाउंडेशन की निदेशक डॉ. निशा माथुर व संस्थापक शैलेंद्र माथुर ने ई-मेल के माध्यम से डां बृजेश महादेव के चयन की जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में देश-विदेश के कई विशिष्ट अतिथि, शिक्षाविद् तथा मंत्रीगण उपस्थित रहेंगे।

सोनभद्र जनपद के निवासी डॉ. बृजेश महादेव, जो वर्तमान में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां में सहायक अध्यापक तथा ब्लॉक स्काउट मास्टर नगवां के रूप में कार्यरत हैं, को यह सम्मान शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में दीर्घकालीन योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जा



● जयपुर में 5 अप्रैल को मिलेगा सम्मान

रहा है। डॉ. बृजेश महादेव एक प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। प्रारंभ से ही वे शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहे हैं। उनकी शैक्षणिक रुचि शोध, नवाचार और समाजोपयोगी ज्ञान के विकास की ओर केंद्रित रही है। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान केवल कक्षा शिक्षण तक सीमित न रहकर शैक्षिक संस्थानों के विकास, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान तक विस्तृत है।

उन्हें शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से भी सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें प्रमुख हैंकृ एशियन एजुकेशन अवॉर्ड, नेशनल बिल्डर्स अवॉर्ड तथा राज्य आईसीटी अवॉर्ड। वे एक सक्रिय स्काउट मास्टर के रूप में भी विशिष्ट सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।डॉ. बृजेश महादेव ने समाज के शैक्षिक और बौद्धिक विकास के लिए एक दर्जन से अधिक विद्यालयों एवं पुस्तकालयों की स्थापना और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही उनके द्वारा एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन व प्रकाशन भी किया गया है, जो शिक्षा, समाज और विचार-जगत में उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। उनका व्यक्तित्व सरल, कर्मठ और प्रेरणादायक है। वे मानते हैं कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उनका जीवन शिक्षा, सेवा और संस्कारों के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। डॉ बृजेश महादेव राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सोनभद्र के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भी हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षकों, समाजसेवियों और शुभचिंतकों ने उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

## तेंदुए के हमले में बालक की मौत ग्रामीणों ने किया विरोध- प्रदर्शन

बहराइच। जिले में कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के कारीकोट गांव में तेंदुए के हमले में आठ वर्षीय एक बालक की मौत हो गई, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अपूर्व दीक्षित ने शनिवार को बताया कि कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के निशानगाढ़ा वन रेंज के अंतर्गत कारीकोट गांव में शुक्रवार शाम करीब सात बजे रामविलास पटवा का पुत्र रघुवीर (आठ) घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच घर के सामने गेहूं के खेत से निकलकर आए तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर दिया। तेंदुआ बच्चे को खींचकर ले जा रहा था, लोगों ने शोर मचाते हुए तेंदुए का पीछा किया तो बच्चे को छोड़कर वह खेतों में चला गया। थोड़ी ही देर में गंभीर रूप से घायल बच्चे की मृत्यु हो गई। परिजन बच्चे को स्थानीय सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएफओ ने बताया कि इस घटना की खबर मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी रात में ही मौके पर पहुंचे थे। प्रदर्शनकारी ग्रामीण काफी आक्रोशित थे, उन्हें समझा-बुझाकर शांत किया गया।उन्होंने बताया कि तेंदुए से ग्रामीणों के बचाव हेतु वन विभाग की टीमें गठित कर घटनास्थल के आसपास के इलाके में निगरानी तेज कर दी गई है। ग्रामीणों को सावधान रहने व शाम के समय खासतौर पर बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों अथवा अन्य लोगों को भी अनावश्यक घर से न निकलने की हिदायत दी जा रही है। ग्रामीणों को समझाया गया है कि बहुत जरूरी होने पर झुंड में घर से बाहर निकलें। तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव के नजदीक पिंजरा लगाने हेतु उच्चाधिकारियों से अनुमति मांगी गयी है। अनुमति मिली तो आज शनिवार देर रात तक पिंजरा लगा दिया जाएगा। बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पीड़ित परिजनों को दस हजार रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता राशि मुहैया करा दी गयी है। शासन द्वारा अनुमन्य पांच लाख रुपये की सहायता राशि हेतु औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तथा अन्य औपचारिकताएं पूरी होने पर सहायता राशि दी जाएगी। डीएफओ के अनुसार गांव में शांति है और स्थिति अब पूरी तरह से सामान्य है। गांव में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## अधिवक्ता से दुर्व्यवहार , कार्रवाई की मांग

जौनपुर। केराकत तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता दिवाकर सोनकर के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार ने अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश की लहर पैदा कर दी। इस घटना के विरोध में बार एसोसिएशन ने एकजुटता दिखाते हुए शुक्रवार को पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया, जिससे तहसील परिसर की समस्त न्यायिक गतिविधियाँ पूर्णतः ठप रहीं।तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार राम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें पुलिसकर्मियों के अभद्र व्यवहार को अधिवक्ता समुदाय की गरिमा के खिलाफ बताया गया। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई।अधिवक्ताओं के अनुसार, अधिवक्ता दिवाकर सोनकर बीते 4 मार्च को अपने घर पर थे। आरोप है कि किसी झूठी शिकायत पर रात में अनेक पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और गाली गलौज की और उनके साथ अशोभनीय व्यवहार किया।बार एसोसिएशन को इस घटना की जानकारी शुक्रवार को कोर्ट खुलने पर हुई तो अधिवक्ताओं ने सामूहिक विरोध का निर्णय ले लिया। दिनभर न्यायिक कार्य ठप रहने से पक्षकारों और वादियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। एसडीएम ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए मामले की जाँच का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि अधिवक्ता के साथ पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मामला उस समय तेजी से तूल पकड़ लिया जब घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया।वीडियो सामने आने के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश फूटा वीडियो बावन सेकेंड का है वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि पुलिस कुछ लोगों पर लाठी, लात व थप्पड़ों की बौछार कर रहे है। अधिकारियों का कहना है कि घटना की वास्तविकता की जांच कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

भदोही। जिले की ऊंज थाना पुलिस ने एक युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और कथित नाबालिग बेटे के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शनिवार को बताया कि इस मामले में 20 साल की युवती की तहरीर पर चौरा कलां गांव के आशीष तिवारी, उसके बेटे और पत्नी प्रतिमा के खिलाफ ऊंज थाना में शुक्रवार शाम को मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसपी मांगलिक ने बताया कि ऊं ज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का शौच करते हुए आशीष तिवारी नाम के व्यक्ति के बेटे ने कई बार वीडियो बनाया था। इसके कुछ दिन बाद खुद को नाबालिग बताने वाले लड़के के पिता आशीष तिवारी ने शुक्रवार को भी युवती का शौच करते समय आपत्तिजनक वीडियो बनाने लगा और इसका विरोध करने पर उसे भद्दी गालियां दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस बात की शिकायत युवती ने आशीष की पत्नी प्रतिमा तिवारी से की तो उसने उलटा युवती को ही गाली गलौज दी। मांगलिक ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आशीष तिवारी के बेटे के नाबालिग या बालिग होने की विस्तृत जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एनसीएल में खान सुरक्षा पर मैराथन संवाद कार्यक्रम आयोजित

सोनभद्र। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में शुक्रवार को खनन कार्यों में सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एमडीआई, सीईटीआई, सिंगरौली में एक मैराथन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीजीएमएस, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) तथा एनसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ संविदा एजेंसियों के प्रतिनिधियों, जेसीसी सदस्यों और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया। सीईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में नीरज कुमार, डीडीजी, डीजीएमएस नॉर्दर्न जोन, गाजियाबादय अच्युत घटक, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेडय आशुतोष द्विवेदी, निदेशक (तकनीकी), एनसीएलय राजीव कृष्णकुमार, डीएमएस (माइनिंग), वाराणसी रीजनय के.



विजय कुमार, डीएमएस (मैकेनिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबादय बी. बेहरे, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबादय सी.पी. गर्ग, ईडी (सेफ्टी एंड रेस्क्यू), सीआईएलय के. जीवन कुमार, डीडीएमएस (माइनिंग), वाराणसी रीजन तथाय.के. साहू, डीडीएमएस (मैकेनिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद सहित एनसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत तीन चरणों में संवाद सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधक, माइन मैनेजर, प्रोजेक्ट इंजीनियर, सेफ्टी अधिकारियों एवं अन्य ने भाग लिया, जिसमें खान संचालन से जुड़ी सुरक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं तथा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया।दूसरे सत्र में एचओई संविदाकार व कोयला परिवहन के संविदाकारों के साथ चर्चा हुई, जिसमें सुरक्षित खनन संचालन सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर की समस्याओं और उनके मूल कारणों पर विशेष रूप से विचार किया गया। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित तीसरे संवाद सत्र में जेसीसी, सीएमओएआई एवं सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ विशेष बातचीत की गई। इस सत्र में एनसीएल के सीएमडी श्री बी. साईराम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान जेसीसी सदस्यों, सीएमओएआई प्रतिनिधियों और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने सुरक्षित खनन संचालन से जुड़े अपने अनुभव और अवलोकन साझा करते हुए कई व्यावहारिक सुझाव दिए।

निदेशक (तकनीकी), सीआईएल अच्युत घटक ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में डीजीएमएस द्वारा दिए गए सुझावों का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि सुरक्षा तभी मजबूत होगी जब संगठन में दो-तरफा संवाद की संस्कृति विकसित हो और निरीक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना से सीखते हुए रूट कॉज एनालिसिस के माध्यम से रोड मैप के साथ स्थायी समाधान विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग भी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में दुर्घटनाओं का मूल कारण, व्यवहार संबंधी पहलू, प्रभावी संचार, बैक शिफ्ट निरीक्षण, प्रशिक्षण, तकनीक का उपयोग, सेफ्टी टॉक, एसओपी का प्रभावी क्रियान्वयन तथा गुणवत्ता निरीक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## जन औषधि स्वस्थ और समृद्ध भारत की अहम कड़ीः रूबी प्रसाद

जिला संवाददाता

सोनभद्र। आम जनता को कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराने के पीएम मोदी की कोशिशों के साथ शनिवार को एक और मजबूत कड़ी जुड़ी, 8वें जन औषधि दिवस के रूप में। करकी माइनर के अलावा राबर्ट्सगंज रोडवेज रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर हुए समारोह में जन औषधि पर परिचर्चा के साथ ही जन औषधि मित्र अभियान का भी कारवां आगे बढ़ा।

रोडवेज रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर तरनि फाउंडेशन फार लाइफ की ओर से हुए मुख्य समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने आम जन को कारगर और किफायती दवाओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के लिए पीएम मोदी की ओर से किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। पिछले आठ सालों में जन औषधि के जरिए आम जनता को मिल रहे फायदों के बारे में लाभार्थियों से जानकारी की। पालिका



अध्यक्ष ने कहा कि आम जन को सस्ती दवा उपलब्ध कराने की पीएम मोदी की यह मुहिम करोड़ों गरीब परिवारों के लिए वरदान बन गई है। आज जन औषधि स्वस्थ एवं समृद्ध भारत की अहम कड़ी बन गई है। उन्होंने आम जन और सोनभद्रवासियों की तरफ से इसके लिए पीएम मोदी का आभार जताया।

पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद को जन औषधि मित्र सम्मान से नवाजा गया। पालिकाध्यक्ष के अलावा यहां अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बियार, अनिल कुमार सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, पियूष कुमार वर्मा, अजय कुमार मौर्य, आनंद कुमार जायसवाल, रमेश जायसवाल एवं मोहम्द खुर्शीद आलम खान को जन औषधि मित्र सम्मान दिया गया। उधर, करकी माइनर में दिनेश प्रताप सिंह, पंडित उमाकांत मिश्र, उमेश प्रताप सिंह, वीर बहादुर उर्फ बेलाल सिंह, रमेशप्रताप सिंह, लाल मिश्रा, मोहम्मद सईद एवं मोहम्मद जमालुद्दीन खान को इस मौके पर जन औषधि मिश्र सम्मान से सम्मानित किया गया।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

सोनभद्र। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति के अध्यक्ष सांसद छोटेलाल खरवार की अध्यक्षता में शकनवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की गयी। बैठक में दिशा समिति की पूर्व बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या पर चर्चा की गयी। सांसद द्वारा सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि विभागों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए मिलने वाली धनराशि, क्या काम कराया गया और कितना व्यय किया गया, इसकी सूचना जनप्रतिनिधिगण को दी जाय। विकास कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मानक समय सीमा निर्धारित की जाय तथा उसी अवधि में कार्य पूर्ण कराया जाय। यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं हो रहा है तो उसका कारण बताया जाय। बैठक में समस्त संबंधित अधिकारीगण की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय, जिससे आम जनता से प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान पर चर्चा की जा सके। इसके अतिरिक्त जन प्रतिनिधियों जैसे विधायकगण, प्रमुखगण आदि भी उपस्थित हों जिससे इस समिति के माध्यम से जनता की समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान कराया जा सके।



सांसद द्वारा पटवध से बसुहारी सम्पर्क मार्ग के अभी तक पूर्ण नहीं हो सकने पर चिन्ता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि उस सम्पर्क मार्ग को यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय। सम्पर्क मार्ग के निर्माण से उस क्षेत्र के ग्रामीणों को बहुत राहत मिलेगी। यदि कोई समस्या है तो सम्बन्धित विभाग समन्वय कर समाधान निकालें। अध्यक्षा नगर पालिका परिषद द्वारा बताया गया कि नगर विभिन्न स्थानों पर बिजली के तार एवं खम्भे जर्जर हो गये हैं। उन्हें तत्काल ठीक कराया जाय। इसके अतिरिक्त जो ग्राम नगर पालिका परिषद में शामिल हुए हैं उनमें विद्युतीकरण एवं पेयजल हेतु कनेक्शन की व्यवस्था की जाय। समिति के नामित सदस्य द्वारा बताया गया कि अभी भी नगवां क्षेत्र के कुछ इलाकों में मोबाइल टावर काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण संकट के समय ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती है। एसडीओ दूरसंचार द्वारा अवगत कराया गया कि समस्या का समाधान कराया जा रहा है और इसके लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। सांसद द्वारा निर्देशित किया गया कि उन्हें भी सूचित किया जाय जिससे उनके स्तर से भी समस्या के समाधान हेतु प्रयास किया जा सके। किन्तु उसे विभाग द्वारा ठीक नहीं कराया गया है। विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तत्काल इसे ठीक करायें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी गावों में लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो। सांसद द्वारा लोढ़ी में टोल प्लाजा के संबंध में निर्देशित किया गया कि टोल प्लाजा के कारण आये दिन जाम लगता रहता है जिसके कारण आम जनमानस को परेशानी होती है। इसके लिए ट्रकों के लिए अलग लेन तथा आम जनमानस एवं एम्बुलेन्स आदि के लिए अलग लेन बनायी जाय। रात में अक्सर गाड़ियों की लाइन लग जाती है जिसके रोका जाय। नामित सदस्य रामनिहोर द्वारा अनपरा में निर्मित 100 बेड के अस्पताल को सही तरीके से संचालित कराये जाने एवं उस अस्पताल में पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की मांग की गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने डाक्टरों एवं अन्य स्टाफ की कमी की बात बतायी। सांसद द्वारा निर्देशित किया गया कि उन्हें इसके लिए शासन को लिखे गये पत्र की प्रति उपलब्ध करायी जाय जिससे वे अपने स्तर से प्रयास कर सकें। विकास खण्ड बभनी एवं म्योरपुर में चिकित्सा व्यवस्था को और दुरुस्त कराये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत राधिका पटेल, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्षरूबी प्रसाद, ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मानसिंह गौड़, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहें।

संक्षेप

## 19 मार्च को रहेगा स्थानीय अवकाश

**अमेठी।** एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जारी अवकाश तालिका के प्रस्तर-2 (11) के अंतर्गत 2 मार्च 2026 को होलिका दहन तथा 4 मार्च को होली का सार्वजनिक अवकाश पूर्व से ही घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि होली पर्व के पावन अवसर को देखते हुए शासन स्तर पर निर्णय लेते हुए 3 मार्च 2026 को भी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। एडीएम ने बताया कि जनपद अमेठी की 2026 की अवकाश सूची में डीएम के अनुमोदन के क्रम में पहले 3 मार्च 2026 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। अब उक्त तिथि को घोषित स्थानीय अवकाश को निरस्त करतउसके स्थान पर 19 मार्च 2026 को वसंत नवरात्र पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि तदनुसार इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए जारी अवकाश तालिका को उक्त सीमा तक संशोधित माना जाएगा।

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न

**रायबरेली।** समाजसेवी प्रतुल सिंह व धर्मेन्द्र सिंह, आर्यव्रत हॉस्पिटल के सौजन्य से ग्राम रतासों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण वऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 379 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 32 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त 157 लोगों को निःशुल्क चश्मे दिये गए तथा 233 मरीजों को आई ड्रॉप्स व दवाइयाँ निःशुल्क वितरित की गईं। क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के इस प्रयास में सभी डॉक्टरों, सहयोगियों एवं ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर प्रतुल सिंह के अलावा सुरेश सिंह, राजेश सिंह, अंशु सिंह, कुलदीप, कादेदीन, दीपक सिंह, अंसार अंसारी, शोभा गुप्ता, लवकुश पटेल, रिजवान अहमद, मेहंदी हसन और गोलू सरोज का विशेष सहयोग रहा। हॉस्पिटल की ओर से डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. शिवम, डॉ. दिलीप, डॉ. शिवानी, डॉ. मुस्कान, डॉ. किरण, डॉ. सुमित व डॉ. मोहित ने अपनी सेवाओं से शिविर की ओपीडी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटायें अधिकारी

**रायबरेली।** सीडीओ अंजूलता व एसपी रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सीडीओ ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। सीडीओ ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट कर अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। सीडीओ ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 50, पुलिस 10 एवं अन्य 15 कुल 75 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 4 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

# सीएचसी में धूमधाम से मना पीएम जन औषधि दिवस

### जन औषधि योजना से सस्ती दवाएं मिलने पर लोगों ने जतायी खुशी




**कूरेभार, सुलतानपुर।** प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार परिसर स्थित भारतीय जन औषधि केंद्र पर पीएम जन औषधि दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान केंद्र पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया और बड़ी संख्या में मरीजों, स्थानीय लोगों तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह रहे। उनके साथ डॉ. शैलेश प्रताप सिंह, डॉ. प्रियेश दीक्षित, डॉ. स्वेता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जन औषधि योजना के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई और बताया गया कि इस योजना के माध्यम से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह महत्वाकांक्षी योजना आम जनता के लिए काफी लाभकारी साबित हो रही है। पहले जहां महंगी दवाओं के कारण गरीब मरीजों को इलाज में कठिनाई होती थी, वहीं अब जन औषधि केंद्रों के माध्यम से उन्हें सस्ती दरों पर दवाएं मिल रही हैं। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। चिकित्सकों ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाएं गुणवत्ता के मामले में पूरी तरह मानक के अनुरूप होती हैं और इनकी कीमत बाजार में मिलने वाली दवाओं की तुलना में काफी कम होती है। इसलिए मरीजों को इनका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मरीजों और स्थानीय लोगों ने भी योजना की सराहना की और कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से उन्हें सस्ती दवाएं मिल रही हैं, जिससे इलाज का खर्च काफी कम हो गया है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, मरीज और स्थानीय लोग उपस्थित रहे तथा सभी ने प्रधानमंत्री जन औषधि योजना की प्रशंसा की।

## सांसद खेल प्रतियोगिता के ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल महानिदेशालय के निर्देश के क्रम में जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल/चयन हुआ। जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल की देख रेख में आयोजित ट्रायल में आज वॉलीबॉल एथलेटिक्स कबड्डी जूडो कुश्ती बैडमिंटन फुटबॉल भारोत्तोलन में पांच विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। वॉलीबॉल सब जूनियर बालिका में कामाक्षी, साक्षी, छाया, लक्ष्मी, रोशनी, अंशिका, आद्या और वैभवी का चयन हुआ, सीनियर बालिका में प्रियांशी यादव चारु अंशिका कशिश समृद्धि काजल साजिया का चयन हुआ। 100 मीटर सब जूनियर बालिका में अनुश्री, जूनियर में शालू वहीं सीनियर में सेजल पाल विजेता रही। वहीं 100 मीटर बालक संवर्ग में जूनियर में अंश चैरसिया सीनियर में प्रियांशु पाठक विजेता रहे। जूनियर बालक बैडमिंटन एकल में आकाश तिवारी विजेता रहा, सब जूनियर बालक बैडमिंटन एकल मे अंशुमान गुप्ता विजेता रहे सब जूनियर बालिका बैडमिंटन एकल मे अंजलि विजेता रही। सब जूनियर बालिका बैडमिंटन युगल मे वैष्णवी और पारुल गौतम विजेता रही सीनियर बालक बैडमिंटन शुभम विजेता रहे। सीनियर बालक बैडमिंटन युगल मे हर्षित वर्मा और शुभम विजेता रहे। सब जूनियर बालक बैडमिंटन युगल मे प्रियांशु और अंशुमान गुप्ता विजेता रहे देर शाम तक ट्रायल संपन्न हुए स संचालन पूर्व युवा कल्याण अधिकारी आरबी पाण्डेय राजेश वर्मा ने किया निर्णायक एवं खेल प्रभारी विभिन्न ब्लॉक के युवा कल्याण अधिकारी चांद मोहम्मद पूजा यादव स्मृति प्रजापति प्रियंका मौर्य सिंटू सिंह राहुल जायसवाल नन्हकू वर्मा, अवधेश मिश्रा कोच प्रदीप यादव प्रवीण मिश्रा श्याम धर ओझा आनंद श्रीवास्तव आशा राम नरेश रहे। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, मुनेंद्र मिश्र, दीपू मिश्रा, अर्जुन यादव, अनुराग पांडेय आदि मौजूद रहे।

● पांचों विधानसभा के विजेता खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

## एनएसपीएस त्रिपुला में परीक्षा प्रगति पत्र वितरित




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति व गेस्ट ऑफ ऑनर की भूमिका में उपस्थित अभिभावकों के साथ माँ सरस्वती का पूजन अर्चन और दीप प्रज्जवलन के साथ किया।

डॉ.शर्मा ने रैंकर्स और उनके अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी साथ ही अन्य छात्र/छात्राओं को भी अपनी कमियों का आकलन कर अच्छे परीक्षा परिणाम प्राप्त करने की प्रेरणा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि विद्यालय परिवार उनके बच्चों के उत्कृष्ट भविष्य के लिए हमेशा समर्पित रहेगा। जूनियर विंग के घोषित परीक्षा परिणामों में कक्षा 6 से सार्थक, अर्णव एवं आदित्य यादव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, कक्षा 7 में आरुष राय और प्रिया पाल संयुक्त रूप से प्रथम एवं कुशाग्र श्रीवास्तव और अभिनव कुमार क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 8 में माही, अहमद हबीब खान और आदित्य राजपूत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर बाजी मारी। वंही सीनियर विंग के घोषित परीक्षा परिणामों में कक्षा 9 में विराट यादव प्रथम, परिधि सिंह द्वितीय एवं आसफिया बनो और जीनत फातिमा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान तथा कक्षा 11 में भूपेंद्र यादव, सोनिया पटेल एवं अब्दुल अहद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में सीनियर विंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 9 के विराट यादव और जूनियर विंग में कक्षा 7 के आरुष राय और प्रिया पाल संयुक्त रूप से स्कूल टॉपर रहे, जिन्हे संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सम्मानित किया। साथ ही शिक्षा के प्रति अपनी लगन को कायम रखते हुए विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने वाले छात्र/छात्राओं को अवार्ड दिया गया।

## पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव आयोजित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. आर.ए. वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सभासद रमेश सिंह टुन्नू की विशेष उपस्थिति रही। क्रीड़ा महोत्सव में जिले के कई अतिथि शामिल हुए। इनमें भाजपा जिला अध्यक्ष अमेठी सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, पूर्व सांसद व इसौली के विधायक मोहम्मद ताहिर खान, जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. दिनकर राजभर, कमला नेहरू संस्थान के प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस क्रीड़ा महोत्सव में 13 खेल विधाओं में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सूर्य प्रकाश सिंह तथा जिला समन्वयक अखिलेश पांडे द्वारा प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इससे अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जयप्रकाश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि संचालन लालमणि दुबे और डॉ. पंकज सिंह ने किया। विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## हॉकी में जिले से 8 खिलाड़ियों का मंडल के लिए चयन

**सुलतानपुर।** खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित जूनियर समन्वय हॉकी प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के ट्रायल जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में संपन्न हुए। मंडल में कल खिलाड़ी क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या में शामिल होंगे, जिसमें मो फैजान, साहिब, मो कामरान, अदनान अहमद, गजेंद्र कुमार, प्रभाकर, विष्णु कुमार, अमित कुमार का चयन हुआ। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया कि खिलाड़ियों के मंडल ट्रायल में चयन के उपरांत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा जोकि 13 से 18 मार्च के मध्य आयोजित होगी। इस अवसर पर सचिव हॉकी सुलतानपुर तारिक वसीम मौजूद रहे। चयन ट्रायल में स्टेडियम कोच प्रदीप यादव आनंद श्रीवास्तव प्रवीण मिश्रा मौजूद रहे।

# एप्सटीन फाइल में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम आने पर मांगा इस्तीफा



**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी की अध्यक्षता में आहुत की गई, बैठक में विषेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा, ब्लाकों में मासिक बैठक सम्पादित किए जाने, मनरेगा बचाओं संग्राम कार्यक्रम पर चर्चा एवं स्थानीय जन समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने एस.आई.आर. एवं मनरेगा बचाओ संग्राम पर विषेश रुप से चर्चा कर आगे की रणनीति को कांग्रेस कमेटी के साथ साझा किया और कांग्रेसजनों से जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की बात कहीं।

एक अन्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेष कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष षैलजा सिंह के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एप्सटीन फाईल में आने पर उनसे इस्तीफा मांगा गया, बड़ी संख्या में कांग्रेसी महिलाओं ने काले कपडे पहनकर जबरदस्त विरोध-प्रदर्शन किया और मोदी सरकार षर्म करो के नारे लगाये। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि बड़े षर्म की बात है कि इस घिनौनी एप्सटीन फाईल में केन्द्रीय मंत्री का नाम आने के बाद भी मोदी सरकार ने इसके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की, जिस देष में महिलाओं की पूजा की जाती है, उस देश का मंत्री यौन अपराधी के साथ सम्बन्ध निभाता हो, ऐसे घृणित अपराध में नाम आने पर तुरन्त हरदीप पुरी को मंत्री पद से हटाया जाये।

विरोध-प्रदर्षन करने वाली महिलाओं में मुख्य रुप से लक्ष्मी सिन्हा, ममता सिंह, रेखा विष्वकर्मा, गुड़िया, तारा देवी, परबीन बानो, अंजू यादव, मंजू पासवान, गीता, सरला, ज्ञानवती, षालिनी, जायसवाल, शीला देवी, पूनम यादव, सहित बड़ी संख्या में महिलायें उपस्थित रही।

## महिलाओं को संरक्षण देने वाली शक्ति बनकर आगे आना चाहिएः शांतिलता

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के बी.एड. विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020ः महिला शिक्षिकाओं की भूमिका और चुनौतियाँ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण और शिक्षा में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर शांतिलता कुमारी ने कहा कि महिलाएँ यदि अपनी नारी-सुलभ जिम्मेदारियों के निर्वहन में गर्व का अनुभव करें तो समाज को सकारात्मक दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को केवल संरक्षित रहने की मानसिकता से बाहर निकलकर सशक्त बनना चाहिए और समाज में संरक्षण देने वाली शक्ति के रूप में आगे आना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि महिलाओं को अपने कर्मक्षेत्र के अनुरूप मूल्य आधारित भूमिका निभानी चाहिए। जब व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करता है, तो अधिकार स्वतः प्राप्त हो जाते हैं। वहीं डॉ. संतोष सिंह अंश ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम अधिकार, न्याय और कार्रवाई- सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए है। उन्होंने कहा कि समाज में वास्तविक समानता तभी संभव है जब महिलाओं को शिक्षा, अवसर और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी मिले। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी की। प्रिया, अभिषेक कुमार, आदर्श दीक्षित और वर्षा यादव ने महिला शिक्षा और सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन वर्षा यादव ने प्रभावी ढंग से किया।

## स्वामी जी ने धर्म युद्ध शंखनाद यात्रा को अमेठी में भी दी धार



**अमेठी, गौरीगंज।** गो संरक्षण और सनातन धर्म के मुद्दे को लेकर निकाली जा रही गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध शंखनाद यात्राके साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती शनिवार को बनारस से चलकर अमेठी जिले के गौरीगंज तहसील पहुंचे जहां उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह यात्रा देशभर में गौमाता के संरक्षण और सम्मान के उद्देश्य से निकाली जा रही है। जिस देश में गौ माता वी ब्राह्मणों का सम्मान नहीं होगा वहां की स्थिति अच्छी नहीं हो सकती, उन्होंने बिना नाम लिए ही सरकार पर भी निशाना साधा कहा कि गलत करने वाले को देश की जनता जवाब देगी। उन्होंने यह भी कहा कि अखिलेश यादव हिंदू है और हिंदू गो माता का समर्थन भी करते हैं। कार्यक्रम में लगभग 3 घंटे देरी से पहुंचने के बाद गौरीगंज में संत-समाज और स्थानीय श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि गोवंश की रक्षा और सनातन परंपराओं की प्रतिष्ठा के लिए समाज को जागरूक होना होगा। शंकराचार्य जी ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति और आस्था का केंद्र है, इसलिए उसके संरक्षण के लिए समाज और सरकार दोनों को गंभीर कदम उठाने चाहिए। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में साधु-संत और श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए।

## गंभीर बीमारियों से पीड़ित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दिलायी सहायता



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र में फरवरी माह के दौरान गंभीर बीमारियों से पीड़ित 17 जरूरतमंद लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 21,06,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि आम जन जीवन में और जन कल्याण के लिए उन्हें जीवन देने के लिए योगी सरकार का संकल्प पूर्णतया साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब कभी निर्बल असहाय की मदद के लिए जरूरत पड़ी तो यह कि सरकार ने भरपूर मदद की। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सरकार की योजना जो गाँव गाँव और शहर तक लोगों की मदद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह कदम संवेदनशील शासन, त्वरित राहत और जनकल्याण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## संजय गांधी अस्पताल में दवा के नाम पर मनमानी वसूली का आरोप, सीएमओ से की शिकायत

**अमेठी।** संजय गांधी अस्पताल में दवाओं के नाम पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा वसूलने का आरोप लगा है। इस संबंध में मरीज के परिजन ने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) को लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की है। अमेठी निवासी अतुल पाल ने सीएमओ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके भतीजे सुनील पाल के पिता केवल पाल का इलाज मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। आरोप है कि अस्पताल में दी जाने वाली एक दवा, जिसकी कीमत करीब चार रुपये बताई जा रही है, उसे 40झ50 रुपये तक में दिया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उन्होंने वही दवा अपने स्वयं के मेडिकल स्टोर से देने की बात कही तो अस्पताल प्रशासन ने मना कर दिया और कहा कि बाहर की दवा नहीं चलेगी। साथ ही अस्पताल से ही एक कोड लिखकर दवा लाने को कहा जाता है। उनका आरोप है कि यदि मरीज के लिए बाहर से दवा लाने की कोशिश की जाती है तो मना कर दिया जाता है। पीड़ित ने सीएमओ से पूरे मामले की जांच कराकर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि मरीजों से हो रही कथित मनमानी वसूली पर रोक लग सके। मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है, शिकायत सही पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## ईंधन की कमी की अफवाहों पर ध्यान न दें, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : पुलिस

**अमेठी।** सोशल मीडिया पर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर अमेठी पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार के ईंधन की कोई कमी नहीं है। अमेठी पुलिस की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पेट्रोल-डीजल व एलपीजी सिलेंडर की कमी होने की अफवाहें प्रसारित की जा रही हैं, जो पूरी तरह भ्रामक हैं। जनपद में सभी प्रकार के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पुलिस ने जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि ऐसी अफवाहों पर विश्वास न करें और पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। साथ ही किसी भी भ्रामक या अपुष्ट खबर को प्रसारित या अग्रसारित न करें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## समाजवादी पार्टी की बैठक में संगठन की मजबूती और नये वोटरों पर जोर




**अमेठी।** सपा की मासिक बैठक शनिवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव अरशद अहमद ने किया। बैठक की जानकारी जिला प्रवक्ता राजेश मिश्रा ने दी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कार्यकताओं से कहा कि सभी लोग बूथ स्तर पर विशेष ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी नया मतदाता वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अल्पसंख्यक और ओबीसी वर्ग के मतदाताओं के नाम काटने की हो सकती है, इसलिए कार्यकताओं को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहेंगे और जनता के बीच काम करेंगे, वही भविष्य में विधानसभा टिकट के हकदार होंगे। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते लूट और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। बैठक में राकेश यादव, संग्राम सिंह, राम प्रसाद, अभिषेक प्रजापति, दीपु तिवारी, चंद्रशेखर यादव, गुलशेर अली खान व शिव दर्शन यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंत स्टेडियम में जिला स्तरीय हुआ ट्रायल विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से शनिवार को पंत स्टेडियम में जनपद स्तरीय खेल ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में जिले की विभिन्न विधानसभाओं से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजित ट्रायल में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, जूडो, फुटबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन तथा कुश्ती जैसी विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों ने अपने-अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनकताओं को प्रभावित किया। ट्रायल के आधार पर प्रत्येक विधानसभा से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और टीमों का चयन किया जाएगा, जो आगामी जोन स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह ट्रायल जिला युवा कल्याण अधिकारी सुलतानपुर तथा जिला क्रीड़ाधिकारी की देखरेख में संपन्न कराया गया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को पहचान देना तथा उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना रहा। इस अवसर पर पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राघवेंद्र भूषण पांडेय, राजेश वर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रियंका मौर्य, स्मृति प्रजापति, चांद मोहम्मद एवं सिंटू सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही कोच मुनेंद्र मिश्रा, नन्हकू वर्मा और महेश कुमार ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। ट्रायल में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी से पंत स्टेडियम का माहौल खेल उत्साह से भर गया और चयनित खिलाड़ियों में जोन स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने का उत्साह देखा गया।

# होली मिलन समारोह में जुटे सपाई, भाईचारे का दिया संदेश



**रायबरेली।** सपा के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में रंग, उमंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार छटा देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा विशिष्ट अतिथि श्याम सुन्दर भारती विधायक बछरावां, राहुल लोधी विधायक हरचंदपुर, जिला अध्यक्ष सपा ई.वीरेंद्र यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनपद के वरिष्ठजन, समाजसेवी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा सर्व समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लेकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सांस्कृतिक माहौल में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक फाग गीतों से हुई, जिनकी मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को होली के रंग में सराबोर कर दिया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण की होली की आकर्षक झांकी और नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। ब्रज संस्कृति की झलक दिखाती इन प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोग झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के दौरान आयोजित लघु काव्य गोष्ठी भी आकर्षण का केंद्र रही।

कवियों ने हास्य, व्यंग्य और श्रृंगार रस से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविताओं से होली के रंग, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सपा हमेशा सामाजिक समरसता और भाईचारे की राजनीति करती आई है, ऐसे आयोजनों से कार्यकताओं के बीच आपसी संवाद बढ़ता है और संगठन को मजबूती मिलती है। मंच से अन्य वक्ताओं ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो समाज में आपसी दूरियों को मिटाने का संदेश देता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सांस्कृतिक माहौल में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पारंपरिक होली मिलन का स्वाद भी देखने को मिला। आयोजन स्थल पर उपस्थित अतिथियों और लोगों के लिए गुझिया, पापड़, दही बड़े तथा विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की विशेष व्यवस्था की गई थी। सभी ने आपसी मेल-मिलाप के साथ इन पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और होली के उल्लास को साझा किया।

संक्षेप

## यमुना में बहता मिला महिला का शव

**मथुरा।** थाना नौहझील क्षेत्र अंतर्गत यमुना नदी में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। अड्डा फिरोजपुर गांव के समीप नदी में तैरता शव देखने से ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। पुलिस मृतका की पहचान स्थापित करने की कोशिशों में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 10 बजे जब स्थानीय ग्रामीण नदी की ओर से गुजर रहे थे तभी उन्हें एक महिला का शव पानी में तैरता दिखाई दिया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई और तत्काल इसकी जानकारी इलाका पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची नौहझील पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को किनारे लगवाया और कब्जे में लिया। पुलिस ने बताया कि मृतका की उम्र करीब 30 से 32 वर्ष के आसपास लग रही है। महिला ने हरे रंग की कुर्ती और सफेद रंग की सलवार पहने हुयी है। वहीं उसके गले में मंगलसूत्र, नाक में बाली और पैरों में पायल मौजूद है। महिला की दाईं आंख के नीचे चोट का एक गहरा निशान भी देखा गया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, क्योंकि महिला के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महिलाओं को सम्मानित करेंगे विधायक

**मथुरा।** बृज यातायात अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति समाज के लिए सराहनीय काम करने वाले व्यक्तियों को समय-समय पर सम्मान करती रहती है । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को आयोजित किया जाएगा समिति की तरफ से सम्मान समारोह इस सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली युवतियों को दिया जाएगा सम्मानित । महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने कहा इस महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर गहन विचार विमर्श के बाद 6 युवक्तियों को सम्मान समारोह में शामिल किया गया है जिनके द्वारा समाज के लिए सराहनीय कार्य के लिए सम्मान किया जाएगा।

## वृन्दावन में एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी

**मथुरा।** वृंदावन मथुरा गेट चैकी क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त को चुनौती देते हुए एक ही रात में तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया। गौरतलब यह है कि वारदात स्थल से कुछ ही दूरी पर थाना और विद्युत सब-स्टेशन स्थित है। बावजूद इसके चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देकर फरार हो गए। संभवतः पुलिस सब के मुखिया की सुरक्षित अगवानी सुनिश्चित करने में मशरूफ थी और इधर चोरों ने अपने बुलंद हौसलों की बानगी पेश कर दी। शनिवार रात रंगजी मंदिर बड़ा बगीचा स्थित विद्युत सब-स्टेशन के समीप अज्ञात चोरों ने दो खोखों के ताले तोड़े। पीड़ित खोखा संचालक ने बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ा था, लेकिन शटर फंस जाने के कारण वे अंदर प्रवेश नहीं कर सके और चोरी होने से बच गई। हालांकि, वहीं सामने स्थित बृजेश के खोखे का ताला तोड़कर चोरों ने गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बलराम ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि थाने के इतने नजदीक चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। वहीं तीसरी वारदात चार संप्रदाय आश्रम रोड पर हुई। यहां स्थित विष्णु बघेल की जनरल स्टोर की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने गल्ले में रखी नकदी और कीमती सामान पार कर दिया। यह भी कोतवाली से बमुश्किल 500 मी. की दूरी पर है।

# चौमुंहा हुरंगे में छड़ियों की मार के आगे बेबस हुए हुरियारे



**मथुरा।** कान्हा की नगरी में होली का खुमार उतरने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में कस्बा के ऐतिहासिक तकिया मैदान में विशाल हुरंगे का भव्य आयोजन किया गया। सतरंगी रंगों और गुलाल के बादलों के बीच जब हुरियारिनों ने छड़ियां बरसाना शुरू किया, तो दृश्य देखते ही बन रहा था। इस पारंपरिक उत्सव को देखने के लिए क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हुरंगे की शुरूआत होते ही कस्बा के मारूफ, दाऊद, मनी, जुझार और थमू थोक की हुरियारिनें अपने-अपने दल के साथ मैदान में उतरीं। ब्रज के लोक गीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जब हुरियारों ने हुरियारिनों पर रसियाओं का रंग डाला, तो जवाबी कार्रवाई में हुरियारिनों ने अपनी प्रेम पगी छड़ियों से उन्हें जमकर छकाया। हुरियारों की ढालें भी हुरियारिनों के जोश के आगे फीकी नजर आईं।

कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि मुख्य मंच पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों का जमावड़ा लगा रहा। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे विशिष्ट आगंतुकों का साफा पहनाकर और माला अर्पण कर भव्य स्वागत किया गया। आयोजन समिति ने हुरंगे में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने वाली और बेहतर कौशल दिखाने वाली विजेता महिलाओं को उचित इनाम देकर सम्मानित किया। साथ ही, सभी प्रतिभागी हुरियारिनों का मुँह मीठा कराने के लिए मिठाई का वितरण किया गया। नगर पंचायत चेयरमैन सुषमा सिसोदिया ने संबोधित करते हुए कहा ब्रज की यह प्राचीन संस्कृति और हुरंगे की परंपरा हमारी अमूल्य विरासत है। चैमुंहा का यह तकिया मैदान गवाह है कि कैसे सदियों से हम अपनी जड़ों को संजोए हुए हैं। यहाँ का हर थोक अपनी विशिष्ट पहचान और जोश के साथ इस पर्व की गरिमा को बढ़ाता है।ह्न ?वहीं, समाजसेवी कालू पहलवान ने हुरंगे की सराहना करते हुए कहा हुरंगा केवल एक खेल नहीं, बल्कि आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश है। आज जिस प्रकार सभी थोक की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया है, वह काबिले तारीफ है। इस आयोजन का उद्देश्य हमारी लोक संस्कृति को जीवित रखना और नई पीढ़ी तक पहुँचाना है। चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा ने कहा कि प्राचीन संस्कृति से समाज में भाईचारे की भावना जीवंत हैं। ?देर शाम तक चले इस उत्सव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद रहा। शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम ने एक बार फिर ब्रज की होली के अनूठे रंगों से सबको सराबोर कर दिया। देवो काका, नारायण सिंह, ऋतिक सिसोदिया, हरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र, सौदान सिंह, लोकेश, भारतपाल मुंशी, भूपेंद्र पंडित, महावीर, बाँके सिंह, राजू सिंह, जोली सेठ, पप्पू मुखिया, जोली सेठ आदि मौजूद रहे।

## सामौर बाबा महोत्सव में आज होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**फिरोजाबाद।** सिरसागंज के ग्राम करहरा स्थित प्रसिद्ध सामौर बाबा धाम पर चल रहे सात दिवसीय सामौर बाबा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी, कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सामौर बाबा महोत्सव क्षेत्र की आस्था संस्कृति साहित्य और परंपरा को एक साथ जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सांस्कृतिक और साहित्यिक वातावरण को मजबूत करते हैं। युवाओं को भारतीय परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। सामोर बाबा महोत्सव हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन जैसे आयोजन साहित्यकारों और श्रोताओं को एक मंच पर लाने का काम करते हैं। इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और युवाओं को साहित्य से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है।'

● सामौर बाबा महोत्सव हमारी आस्था साहित्य और संस्कृति का उत्सव : जयवीर सिंह

### मंच पर गूंजेगा हास्य और वीर रस

कवि सम्मेलन में पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध हास्य कवि सुनील जोगी अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। वहीं, वीर रस के प्रख्यात कवि राम भदावर ओजपूर्ण काव्य पाठ कर देशभक्ति का जोश भरेंगे। इसके अलावा गौरव चौहान, पद्मिनी शर्मा, योगिता चौहान, हेमंत पांडे और मुकेश मणिकांचन सहित कई ख्याति प्राप्त कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियां देंगे।कवि सम्मेलन को लेकर क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों और आगंतुकों में खासा उत्साह है। सामौर बाबा धाम परिसर को कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यह कवि सम्मेलन महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

## संस्कारों की मशाल लेकर वैचारिक क्रांति की राह पर: अर्चना प्रिय आर्य



**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज हम एक ऐसी शख्सियत की चर्चा कर रहे हैं, जिन्होंने आधुनिकता की चकाचैंध के बीच समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का बीड़ा उठाया है। मथुरा की ताराधाम कॉलोनी निवासी डॉ. अर्चना प्रिय आर्य आज उन हजारों महिलाओं और लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहती हैं। डॉ. अर्चना के इस सफर की शुरूआत एक गहरी टीस के साथ हुई। समाज में बढ़ते कुसंस्कारों के कारण बिखरते परिवार, नशे की गिरफ्त में फंसता बचपन और अपनों से दूर होते बुजुर्गों की पीड़ा ने उन्हें झकझोर कर रख दिया। उन्होंने महसूस किया कि इन सभी समस्याओं का जड़ से समाधान केवल ह्लसंस्कारों की पुनस्थापनाह्व ही है। इसी संकल्प के साथ उन्होंने ह्लसंस्कार जागृति मिशनह्व की स्थापना की और सनातन वैदिक संस्कृति को घर-घर पहुँचाने के अभियान में जुट गईं। संस्कारों के प्रति यह प्रेम डॉ. अर्चना को विरासत में मिला। वे बताती हैं कि लगभग 28 वर्ष पूर्व उनके पैतृक गाँव ऊँचागाँव में आर्य समाज का एक कार्यक्रम हुआ था। वहाँ आए विद्वानों की ओजस्वी वाणी ने उनके बाल मन पर गहरा प्रभाव डाला। अपने पिता आचार्य सत्यप्रिय आर्य और माता सरोज रानी आर्य के मार्गदर्शन में मात्र 10 वर्ष की आयु से ही उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती की विचारधारा और वैदिक संस्कृति का प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया था। डॉ. अर्चना ने केवल भावनात्मक स्तर पर नहीं, बल्कि बौद्धिक स्तर पर भी इस अभियान को पुख्ता किया। उन्होंने तीन वर्षों तक संस्कारों के महत्व और उनके सामाजिक प्रभावों पर गहन शोध किया। आज जब वह मंच से अपनी ओजस्वी वाणी में भाषण शुरू करती हैं, तो श्रोता न केवल मंत्रमुग्ध हो जाते हैं, बल्कि अपने परिवारों में पुनः वैदिक संस्कारों को अपनाने का संकल्प भी लेते हैं।

## वृंदावन में खुला हाईटेक पर्यटन थाना, सीएम योगी ने किया उद्घाटन



**मथुरा।** ब्रज तीर्थ धाम में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ कर दिया है। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वृंदावन में नवनिर्मित पर्यटन थाने का भव्य उद्घाटन किया। यह थाना न केवल अपराध नियंत्रण, बल्कि तीर्थयात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा और सहायता प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

वृंदावन का यह नया पर्यटन थाना देशी और विदेशी पर्यटकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। थाने में तैनात पुलिसकर्मी अंग्रेजी सहित कई विदेशी और प्रांतीय भाषाओं में पारंगत हैं, ताकि वे बाहरी पर्यटकों की समस्याओं को आसानी से समझ सकें। थाने में एक 24ॐ7 सहायता केंद्र और विशाल स्वागत हॉल बनाया गया है, जहां यात्री विश्राम कर सकते हैं और जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सुरक्षा के मोर्चे पर यह थाना बेहद खास है। इसे ह्लसेफ सिटीह्व प्रोजेक्ट के तहत अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस और स्मार्ट निगरानी प्रणाली से जोड़ा गया है। थाने में एक साइबर सेल भी बनाया गया है, जो डिजिटल ठगी और सोशल मीडिया से जुड़े मामलों पर नजर रखेगा। पर्यटकों के साथ होने वाली चोरी या ठगी जैसी घटनाओं की अब यहां सीधे रिपोर्टिंग और त्वरित जांच सुनिश्चित की जाएगी। पर्यटन थाने के भीतर ही एक सूचना केंद्र स्थापित किया गया है। यहां श्रद्धालुओं को क्षेत्र के प्रमुख होटलों, गेस्ट हाउसों, धर्मशालाओं और मंदिरों के समय व स्थान की सटीक जानकारी मिलेगी। साथ ही होटलों और धर्मशालाओं के पंजीकरण की सुविधा भी यहां उपलब्ध कराई गई है, जिससे यात्रियों को रुकने के लिए सुरक्षित और प्रमाणित स्थान मिल सके। सरकार ने इस थाने में समावेशी व्यवस्था पर विशेष जोर दिया है। महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए यहां विशेष महिला हेल्प डेस्क बनाई गई है, वहीं दिव्यांगजन के लिए बाधारहित पहुंच (रैम्प) और आधुनिक शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पर्यटन थाना के उद्घाटन से पूर्व मुख्यमंत्री ने गीता शोध संस्थान व रासलीला अकादमी परिसर में निर्माणधीन स्वामी हरिदास प्रेक्षागृह का निरीक्षण भी किया तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## नारी शक्तिः समानता, सम्मान व स्वावलंबन सशक्त राष्ट्र का आधार



**फिरोजाबाद।** राज्य महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने कहा कि 8 मार्च को विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के योगदान अधिकारों सम्मान और उनके सशक्तिकरण के संकल्प को पुनः स्मरण करने का महत्वपूर्ण अवसर है।भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव शक्ति, करुणा और सृजन का प्रतीक माना गया है। वह परिवार की आधारशिला होने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक माँ के रूप में वह पीढ़ियों को संस्कार देती है, एक शिक्षिका के रूप में ज्ञान का प्रकाश फैलाती है और एक कर्मशील नागरिक के रूप में राष्ट्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान देती है।आज के परिवर्तित समय में महिलाएँ शिक्षा विज्ञान प्रशासन राजनीति, खेल उद्यमिता और सामाजिक सेवा जैसे प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। यह परिवर्तन केवल महिलाओं की प्रगति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विकास का प्रतीक है। जब महिलाएँ सशक्त होती हैं, तब परिवार सशक्त होता है और जब परिवार सशक्त होता है, तब राष्ट्र प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है।फिर भी हमें यह स्वीकार करना होगा कि समाज के कुछ हिस्सों में अभी भी महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा से वंचित होना तथा आर्थिक निर्भरता जैसी चुनौतियाँ आज भी अनेक महिलाओं के सामने उपस्थित हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल कानूनों से ही नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक सोच और संवेदनशीलता से संभव है।महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल अधिकार प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता से सशक्त बनाना है। जब समाज महिलाओं को समान अवसर सम्मान और सुरक्षा प्रदान करता है, तब वे अपनी क्षमता का पूर्ण विकास कर राष्ट्र निर्माण में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाती हैं।इस अवसर पर हम सभी का दायित्व है कि हम नारी सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हों। परिवार, समाज और शासन तीनों स्तरों पर समन्वित प्रयासों से ही एक ऐसा वातावरण निर्मित किया जा सकता है,जहाँ प्रत्येक महिला निर्भीक आत्मविश्वासी और स्वाभिमानी जीवन जी सके।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि नारी केवल समाज का एक अंग नहीं, बल्कि उसकी सबसे सशक्त प्रेरणा है।आइए इस अवसर पर हम सभी मिलकर ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें, जहाँ प्रत्येक महिला को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्राप्त हो तथा वह अपने सपनों को साकार कर सके।

## पीएच स्कूल में मना महिला दिवस

**उरुवा, गोरखपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कला सरोकार सोसायटी ऑफ आर्ट लवर एवं पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कुशलदेइया उरुवा बाजार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रियंका वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधक मनोज कुमार उमर वैश्य व प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और संचालन अमन कुमार सिंह ने किया। आयोजक मंडल द्वारा महिला दिवस पर उरुवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं में मिशन शक्ति अभियान की उरुवा थाने की प्रभारी कृति पांडे, स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ सोनम यादव, शिक्षा के क्षेत्र में संगीता गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विद्या गुप्ता, पत्रकारिता के क्षेत्र में अंजली शुक्ला को तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में राधिका एवं पुष्पा को माल्हनपार की जूडो-कराटे में कुड्डू शालू को सम्मानित किया गया।

## गैंगलीडर की 4 लाख रुपये की चार पहिया गाड़ी कुर्क



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में थाना मटसेना पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंगलीडर अभियुक्त की 04 लाख 10 हजार रुपए की चल सम्पत्ती एक चार पहिया रेनोल्ट ट्राईबर गाडी को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत आदतन एवं संगठित होकर गम्भीर अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अभियुक्तों को विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मटेसना पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार पर पंजीकृत गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित गैंगलीडर अभियुक्त दौजीराम पुत्र शिवचरन निवासी दतौजीखुर्द थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद की अन्तर्गत धारा 14(1) गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में चल सम्पत्ती एक चार पहिया गाडी रेनोल्ट ट्राईबर जिसकी बाजारू कीमत 04 लाख 10 हजार रुपए को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। गैगलीडर अभियुक्त दौजीराम द्वारा जूआ सट्टा आपराधिक कार्यों से अवैध धन अर्जित किया गया है, जिस पर जनपद के विभिन्न थानों में जूआ सट्टा से सम्बन्धित आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

## थाना एएचटी ने रेस्क्यू कर दो बच्चों को बालभिक्षावृत्ति से मुक्त कराया

**फिरोजाबाद ।** थाना एएचटी द्वारा बालभिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान में शामिल बच्चों के साथ अप्रिय घटना घटित न होने की आशंका के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत पूर्व मे की गयी रेकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर थाना क्षेत्र शिकोहाबाद के मैनपुरी चौराहा फिरोजाबाद में बालभिक्षावृत्ति का चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दोरान थाना क्षेत्र शिकोहाबाद पर दो बच्चों को बालभिक्षावृत्ति से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू की कार्यवाही की गयी। तथा रेस्क्यू किए गए बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया गया और उनके आदेश के क्रम में बच्चों को बाल संप्रेषण गृह में संवासित कराया गया। रेस्क्यू करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विपिन कुमार थाना ए0एच0टी0 फिरोजाबाद, उ0नि0 सोबरन सिंह, रविशंकर निषाद, म0मु0आ0 सुप्रिया, म0का0 प्रियंका का0 अक्षय त्यागी, शामिल रहे।

## मऊ से मथुरा के संरक्षण केंद्र लाया गया बीमार हाथी वीर

**मथुरा।** मथुरा में संरक्षण केन्द्र में मऊ से एक बीमार हाथी को लाया गया है जिसका नाम वीर रखा गया है। वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाली गैर-सरकारी संस्था वाइल्ड लाइफ एसओएस द्वारा शुक्रवार को वन विभाग के सहयोग से 26 वर्षीय बीमार नर हाथी को सुरक्षित बचाकर चुरमुरा गांव स्थित हाथी संरक्षण केंद्र पर ले आया गया, जिसका नाम वीर रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार हाथी की हालत बेहद गंभीर है और उसका अगला बायां पैर खराब है तथा वह पैरों की विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त है। गैर-सरकारी संस्था की पशु चिकित्सा सेवाओं के निदेशक डॉ. एस इलैयाराजा ने बताया कि वीर गंभीर रूप से टखने की कमजोरी (एंकिलोसिस), बाएं पैर में असहनीय दर्द और अंगों की गंभीर क्षति से पीड़ित है। ये सभी समस्याएं उससे वर्षों जबरन श्रम और दुर्व्यवहार का परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि एलिफेंट हॉस्पिटल कैंपस में वीर को उसकी स्थिति के अनुरूप उपचार मिलेगा, जिसमें जोड़ों की सूजन, दर्द कम करना, घावों की देखभाल, पोषण संवर्धन और दीर्घकालिक सहायता को लक्षित किया जाएगा। यह सब वाइल्ड लाइफ एसओएस की विशेषज्ञ पशु चिकित्सा टीम की चौबीसों घंटे की निगरानी में होगा।

## रंगनाथ मंदिर में वार्षिक ब्रहमोत्सव का शुभारंभ

**मथुरा।** उत्तर भारत में दक्षिण भारतीय स्थापत्य कला के केंद्र, सुप्रसिद्ध श्री रंगनाथ मंदिर में दस दिवसीय वार्षिक ब्रहमोत्सव का शुभारंभ शनिवार को धार्मिक उल्लास और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। उत्सव के प्रथम दिन भगवान रंगनाथ अपनी शक्ति माता गोदा (लक्ष्मी जी) के साथ स्वर्ण निर्मित पूर्ण कोठी में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने निकले। ब्रह्मोत्सव की औपचारिक शुरूआत मंदिर के श्रीमहंत गोवर्धन रंगाचार्य जी महाराज के सानिध्य में ध्वजारोहण के साथ हुई।



मंदिर के पुरोहित विजय मिश्रा ने वैदिक ऋचाओं के बीच भगवान के वाहन गरुड जो का पूजन किया। मान्यता है कि गरुड जो इस ध्वजा के माध्यम से समस्त देवी देवताओं को ब्रह्मोत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण देते हैं। पूजन के पश्चात स्वर्ण स्तंभ पर गरुड जी की ध्वजा फहराई गई और उत्सव की बागडोर उन्हें सौंपी गई। परंपरा के अनुसार, मुख्य सवारी से पूर्व शुक्रवार को भगवान के सेनापत्ति विष्वक्सेन जी ने चांदी की पालकी में सवार होकर मंदिर परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने ब्रह्मोत्सव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, जिसके बाद गाजे-बाजे और दक्षिण भारतीय वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। स्वर्ण पूर्ण कोठी में विराजमान होकर जब भगवान रंगनाथ मंदिर से बाहर निकले, तो पूरा मार्ग जय रंगमन्नार के उद्घोष से गूंज उठा। घोडे और बैंड बाजों के साथ यह सवारी मंदिर से बड़े बगीचा पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर ठाकुर जी का स्वागत किया। बगीचे में कुछ समय विश्राम और भोग सेवा के उपरांत सवारी पुनः मंदिर लौटी। रंगनाथ मंदिर को दिव्य देश की उपाधि प्राप्त है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस उत्सव की शुरूआत स्वयं ब्रहमा जी ने भगवान नारायण की आराधना के लिए को थी। वृंदावन में यह परंपरा वर्षों से चलो आ रही है, जो प्रतिवर्ष होली के बाद कृष्ण पक्ष में प्रारंभ होती है। दस दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का समापन 16 मार्च को पुष्पक विमान की सवारों के साथ होगा।

## नर्सिंग होम में प्रसूता व नवजात की मौत पर बवाल

**मथुरा।** शहर के नया बस स्टैण्ड स्थित रोडवेज वर्कशॉप के सामने स्थित नर्सिंग होम में उपचार के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा। बीती शाम हुई इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने डॉक्टरों पर इलाज में ढिलाई बरतने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गयी। मिली जानकारी के अनुसार गोवर्धन क्षेत्र के ग्राम पाडल निवासी खेमचंद की पत्नी दीपा (32) को प्रसव पीड़ा होने पर कल सुबह ब्रज नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार दिनभर चिकित्सक स्थिति को सामान्य बताते रहे और सुरक्षित प्रसव का भरोसा देते रहे। शाम करीब 6:30 बजे अस्पताल प्रशासन ने अचानक जच्चा और बच्चा दोनों की मृत्यु की सूचना दी। मौत की खबर सुनते ही घरवाले और साथ आए ग्रामीण भड़क गए। लगभग एक घंटे तक अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। परिजनों ने कहा कि यदि डॉक्टर समय रहते सही जानकारी देते, तो शायद दीपा की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों के अनुसार मृतका दीपा की यह तीसरी डिलीवरी थी, जबकि इससे पहले के दोनों बच्चे पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य प्रक्रिया से हुए थे। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले खेमचंद के सिर पर अब दो मासूम बच्चों की जिम्मेदारी आ गई है, जिन्होंने अपनी मां को खो दिया है। वहीं इस संबंध में अस्पताल के डॉक्टर अवधेश अग्रवाल ने कहा कि महिला को बेहद गंभीर स्थिति में हमारे पास लाया गया था। इससे पहले उसे गोवर्धन के किसी अन्य निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां गर्भमें ही शिशु की मृत्यु हो चुकी थी।

# जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें

● `प्राप्त 78 शिकायतों में 12 का मौके पर निस्तारण किया गया

**फिरोजाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु तहसील टूंडला में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित जनपद स्तर के समस्त अधिकारी मौजूद रहे, समाधान दिवस के दौरान टूंडला एवं आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से राजस्व, कानून व्यवस्था विद्युत, राशन कार्ड नगर पालिका परिषद से सम्बन्धित मामले छाए रहें, जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए, इस



दौरान प्रार्थी रामपूर्ति ने राशन कार्ड में नाम दर्ज न होने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक टूंडला को तत्काल प्रभाव से नाम दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु आदेशित किया, इसी तरह अलीपुर निवासी एवज सिंह ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की, इस पर जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने और समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए, प्रार्थी एम0पी0 सिंह ने शिकायत की, कि दाखिला खारिज के आदेश होने के बावजूद रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा उसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की जांच उप जिलाधिकारी को सौंपी और रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह नेपाल सिंह नामक व्यक्ति ने गलत विद्युत बिल के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एक्स0ई0एन0 हाइडल को बिल संशोधन कर राहत प्रदान करने हेतु निर्देशित किया, इस तरह जिलाधिकारी के समक्ष कुल 78 समस्याएं आई, जिसमें 12 का मौके पर ही समाधान प्रस्तुत किया और शेष बची समस्याओं का समाधान निस्तारित करने हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिया कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शीथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाना है, शिकायतों का निस्तारण कागजों पर नही बल्कि धरातल पर करना सुनिश्चित करें, इस दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सीएम और गोस्वामियों तथा विपक्षियों के बीच दीवार बना प्रशासन

**मथुरा।** ब्रज के विकास और पर्यटन को नए पंख देने के लिए शनिवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ मथुरा-वृन्दावन के दौरे पर पहुंचे तो प्रशासन द्वारा इसके पुख्ता इंतजाम किए गए कि विपक्षी पाटियों के कार्यकर्ता और बांकेबिहारी मंदिर कॉरीडोर का विरोध कर रहे सेवायत उनसे न मिल सकें। इसके लिए इन्हें इनके घरों में ही नजरबंद कर दिया गया। सूबे के मुख्यमंत्री ओर ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अध्यक्ष योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मथुरा-वृन्दावन पहुंचकर यहां हुए विकास और भविष्य में होने वाली उन्नति के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विचार मंथन कर निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर यमुना के प्रदूषित हालातों और धरातल पर हो रहे विकास की हकीकत को लेकर जहां कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसी विपक्षी पाटियों के कार्यकर्ता सीएम से मिलकर अपनी बात कहना चाहते थे। तो वहीं बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत कॉरीडोर निर्माण और वृन्दावन के मौलिक स्वरुप के संरक्षण के बाबत अपना पक्ष सीएम के सामने रखना चाहते थे लेकिन प्रशासन द्वारा इसके पुख्ता इंतजाम किए गए कि इनकी बात सूबे के मुखिया तक सीधे न पहुंच सके। राजनेताओं को नजरबंद करने की कार्यवाही मथुरा और वृन्दावन दोनों ही नगरों में हुई। इसके साथ ही बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत गोस्वामियों के घर के बाहर पुलिस तैनात कर उन्हें सुबह से ही नजरबंद कर दिया गया। सेवायत नीलम गोस्वामी, सुनीता गोस्वामी, राधा मिश्रा, रेनू गोस्वामी और हिमांशु गोस्वामी को नजरबंद कर दिया। इसपर गोस्वामियों ने कहा कि सीएम हम सभी के हैं, हमें उन तक सीधे अपनी बात पहुंचाने का पूरा हक है। आखिर हम जानना चाहते हैं, कि सीएम को हमसे कौन सा ऐसा खतरा है, जिसे लेकर प्रशासन द्वारा हमें नजरबंद कर दिया गया है। हम अपने दैनिक दायित्वों और अपने आराध्य के दर्शन भी नहीं कर पा रहे हैं।

संक्षेप

### पश्चिम एशिया संकट: मंत्रालय ने बंदरगाहों से शुल्क माफ करने पर विचार करने को कहा

मुंबई। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए शुल्क में कटौती, छूट या माफी (जैसे जहाज शुल्क में बदलाव) के अनुरोधों पर विचार करें। इसके साथ ही मंत्रालय ने बंदरगाहों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है। शुक्रवार को सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद जारी की गई इस एसओपी के तहत प्रत्येक बंदरगाह विभाग के प्रमुख या उप-प्रमुख स्तर के एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी बंदरगाहों पर विचार के लिए आने वाले मुद्दों के समाधान के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा। एसओपी के अनुसार, बंदरगाहों के चेयरपर्सन को पोत परिवहन मार्गों, निर्यातकों, टर्मिनल संचालकों और सीमा शुल्क जैसे हितधारकों के साथ समय-समय पर बैठकें करनी चाहिए। इसका उद्देश्य स्थिति की बारीकी से निगरानी करना और जायज चिंताओं को दूर करना है।

### अधिकांश महिलाएं अब स्वतंत्र निवेश निर्णय लेती हैं : डीएसपी म्यूचुअल फंड

नई दिल्ली। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने YouGov के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी Winvestor Pulse 2025-26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है। महिलाएँ अपने वित्तीय निर्णयों की जिम्मेदारी का प्रभार तेजी-से ले रही हैं, यहाँ तक कि निवेशक के आत्मविश्वास और संरचित वित्तीय योजना के बीच एक चौड़ी खाई उभर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने भारतीय महिलाओं को अपनी वित्तीय यात्रा में भागीदारी से स्वामित्व की ओर बढ़ते हुए देखा है। Winvestor Pulse के इस संस्करण में जो बात अलग है वह न केवल स्वतंत्र निर्णय करने में वृद्धि है, बल्कि सूचित स्वतंत्रता में भी वृद्धि है। महिलाएं ज्ञान और जानकारी की तलाश कर रही हैं, बाजारों के साथ जुड़ रही हैं, सलाहकारों से परामर्श कर रही हैं और अपनी शर्तों पर आकांक्षाओं को आकार दे रही हैं। डीएसपी में हमारे लिए यह विश्वास, पारदर्शिता और दीर्घकालिक साझेदारी में निहित पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की अहमियत को मजबूत करता है। हर तीन साल में, Winvestor Pulse सर्वेक्षण एक आईने के रूप में काम करता है। संदेश बहुत ही आसान है: जब महिलाएँ आत्मविश्वास के साथ निवेश करती हैं, तो परिवार अधिक सुरक्षित हो जाते हैं और दीर्घकालिक परिणाम बेहतर होते हैं।

### जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाली महिलाओं का सम्मान

नोएडा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भारत के प्रारंभिक बाल्यावस्था तंत्र के केंद्र में हैं। छोटे बच्चों और उनके परिवारों के साथ अपने दैनिक जुड़ाव के माध्यम से वे मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता को मजबूत करने तथा आगे की शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके योगदान का सम्मान करने के लिए मैरिको लिमिटेड के निहार शांति पाठशाला फनवाला प्रोग्राम और सेसमी वर्कशॉप इंडिया ने महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले, हुजूरपुर ब्लॉक के आंगनवाड़ी कार्यकताओंके साथ लखनऊ में कार्यक्रम आयोजित किया। इस साझेदारी के तहत 100 आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। बहराइच के ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं को महिला एवं बाल विकास- उत्तर प्रदेश की एडिशनल चीफ सेक्रेटरी लीना जोहरी से संवाद करने का अवसर भी मिला।

### तेल-तिलहन के दाम मजबूत

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट की वजह से आपूर्ति प्रभावित रहने की आशंका के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शुक्रवार को सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतों में सुधार जारी रहा। गर्मियों में मांग कुछ प्रभावित रहने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में शुक्रवार का कारोबार दोपहर 3.30 बजे लगभग 3.5 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हो गया जबकि शिकॉगो एक्सचेंज में भी सुधार जारी है। सरसों की बढ़ती आवक से न्यूनम समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद 28 मार्च से करने की घोषणा करके सरसों किसानों के पक्ष में माहौल बना दिया है।

# अमेरिका में पिछले महीने 92000 नौकरियां घटीं, बेरोजगारी दर बढ़कर 4.4 प्रतिशत पर



वाशिंगटन। अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की है, जो इस बात का संकेत है कि वहां का श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इसके साथ ही बेरोजगारी दर मामूली रूप से बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई है।

श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में नियुक्तियों की स्थिति जनवरी के मुकाबले खराब रही। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने।,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नयी नौकरियों की उम्मीद जताई थी। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर और जनवरी के पेरोल से भी 69,000 नौकरियां कम कर दी गई हैं। फरवरी में रोजगार की यह कमजोर स्थिति ईरान के साथ युद्ध के कारण पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता को दर्शाती है। इस युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आया है और व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं पर अप्रत्याशित लागत का बोझ बढ़ा है। नेवी फेडरल क्रेडिट यूनियन की मुख्य अर्थशास्त्री हेदर लॉन्ग ने कहा, नौकरी का बाजार कई विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहा है। कंपनियां इस वसंत में तब तक भर्ती करने में हिचकिचाएंगी जब तक कि युद्ध समाप्त नहीं हो जाता। मेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है। वर्ष 2025 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों और उच्च ब्याज दरों के कारण रोजगार बाजार सुस्त रहा था। जनवरी की बेहतर नियुक्तियों के बाद 2026 में सुधार की उम्मीद जगी थी, लेकिन ताजा रिपोर्ट ने उन उम्मीदों को झटका दिया है। जब ऐसा लग रहा था कि श्रम बाजार स्थिर हो रहा है, तभी इस रिपोर्ट ने उस धारणा को धराशायी कर दिया है। यह हर लिहाज से बुरी खबर है। ईरान के साथ युद्ध के कारण रोजगार बाजार और पूरी अर्थव्यवस्था का परिदृश्य अनिश्चितता के बादलों से घिरा हुआ है। मौद्रिक नीति के लिए यह संभवतः सबसे खराब परिदृश्य है। उनके अनुसार, कम नियुक्तियों और मुद्रास्फीति (महंगाई) के बढ़ते दबाव ने फेडरल रिजर्व के सामने एक अत्यंत कठिन स्थिति पैदा कर दी है, जहां उसे यह तय करना होगा कि रोजगार बाजार को सहारा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की जाए या कीमतों पर लगाम लगाने के लिए उन्हें मौजूदा स्तर पर ही रखा जाए।

# पश्चिम एशिया संकट: सरकार ने निर्यातकों को दायित्व पूरा करने के लिए दी राहत

नयी दिल्ली। सरकार ने निर्यातकों को उनके निर्यात दायित्वों को पूरा करने के लिए कुछ विशेष रियायतें दी हैं। एक अधिसूचना के अनुसार, यह कदम पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण माल की आवाजाही में आ रही दिक्कतों को देखते हुए उठाया गया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा, अंतरराष्ट्रीय पोत परिवहन मार्गों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित करने वाले मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को देखते हुए और निर्यातकों की सुविधा के लिए कुछ विशिष्ट अग्रिम अधिकार पत्रों और ईपीसीजी अधिकार पत्रों की निर्यात दायित्व अवधि को बढ़ा दिया गया है। डीजीएफटी के अनुसार, जिन निर्यातकों के निर्यात दायित्व की अवधि एक मार्च, 2026 से 31 मई, 2026 के बीच समाप्त हो रही है, उन्हें अब



बिना किसी अतिरिक्त शुल्क या जुर्माने के स्वतः ही 31 अगस्त, 2026 तक का विस्तार दे दिया गया है। निर्यात संवर्धन पूंजीगत वस्तु (ईपीसीजी) योजना के तहत घरेलू कंपनियों को शुल्क मुक्त मशीनों के आयात की अनुमति दी जाती है, लेकिन इसके बदले उन्हें एक निश्चित समय सीमा में निर्यात का लक्ष्य पूरा करना होता है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह राहत विदेश व्यापार नीति के तहत शुल्क भुगतान के साथ उपलब्ध मौजूदा सुविधाओं के अतिरिक्त है। निर्यातक लंबे समय से इन दायित्वों को पूरा करने के लिए समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। निर्यात समुदाय पहले से ही अमेरिका के उच्च शुल्कों का सामना कर रहा था। पिछले महीने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले से शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट ने उनकी चुनौतियां और बढ़ा दी हैं। इस संघर्ष के कारण जहाजों की आवाजाही बाधित हुई है। इस तनाव ने समुद्री और हवाई माल ढुलाई दरों को भी बढ़ा दिया है, जबकि बीमा प्रीमियम में भी उछाल आया है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो वैश्विक बाजारों में भारतीय वस्तुओं की कीमत प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है। देश का निर्यात जनवरी में 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर रहा, जबकि व्यापार घाटा तीन महीने के उच्चतम स्तर 34.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## भारत तलाश रहा ऊर्जा के नये विकल्प, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश

नयी दिल्ली। भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि यह मार्ग भारत के कच्चे तेल के आयात का एकमात्र रास्ता नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, पश्चिम एशिया और गैर-खाड़ी मध्य पूर्वी मार्गों से आपूर्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी एक गलियारे में व्यवधान होने पर आपूर्ति बनी रहे। सूत्रों ने बताया कि भारत के कच्चे तेल के आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य आपूर्ति मार्गों से आता है जो अप्रभावित रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण वैश्विक उथल-पुथल या महामारी के दौरान भी भारतीय उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कोई कमी नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.88 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा था।

इससे पूर्व इस वर्ष 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 56.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 573.12 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के



रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.14 अरब डॉलर बढ़कर 131.63 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 15.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.87 अरब डॉलर हो गया।

## न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये करने की मांग को लेकर ईपीएस-95 पेंशनभोगी करेंगे प्रदर्शन

नयी दिल्ली। सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनभोगी मौजूदा।,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे नौ मार्च को जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।

एक बयान में कहा गया कि केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सहकारीनिजी क्षेत्रों, मिलों और मीडिया प्रतिष्ठानों के लगभग 81 लाख पेंशनभोगी ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों के लिए पिछले नौ वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। समिति ने कहा कि प्रधानमंत्री, सभी केंद्रीय मंत्रियों और सभी दलों के सांसदों से अपील की गई है, लेकिन सरकार बुजुर्ग पेंशनभोगियों की पुकार की अनदेखी कर रही है। इसमें कहा गया कि 30 से 35 साल की सेवा के दौरान ईपीएफओ के साथ नियमित रूप से पेंशन अंशदान जमा करने के बाद भी पेंशनभोगियों को अभी भी औसतन।,171 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है। हालांकि, विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत बिना किसी अंशदान के पेंशन बांटी जा रही है। समिति ने आरोप लगाया कि इतनी कम पेंशन और मुफ्त चिकित्सा देखभाल की कमी के कारण देश भर में हर दिन औसतन 200-250 पेंशनभोगियों की असामयिक मृत्यु हो रही है।

# प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत को अमेरिका से सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता मिला: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देश एक बेहद शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं।

गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता। रायसीना संवाद 2026 में अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, यह एक शानदार सफर रहा है। हमारे संबंध बेहतरीन हैं। आपने पिछले एक साल



में देखा होगा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अच्छी बातें कही हैं। वहां हमारे समकक्षों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा, एक परिवार के भीतर भी कभी-कभार कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। यह स्वाभाविक है। मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत एक बहुत ही शक्तिशाली रिश्ता साझा करते हैं। प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में हमें सबसे अच्छा समझौता मिला है। मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका रणनीतिक साझेदार हैं और दोनों दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों पर बड़ी जिम्मेदारी है। अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था है, कोई भी उन्हें अनदेखा नहीं कर सकता। व्यापार समझौते की व्याख्या करते हुए गोयल ने कहा कि यह अनिवार्य रूप से अपने प्रतिस्पर्धियों पर वरीयता प्राप्त करने के बारे में है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण में अमेरिका ने भारत पर पारस्परिक शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। हालांकि, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे रद्द किए जाने के बाद ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके चलते समझौते के कानूनी पाठ को अंतिम रूप देने वाली मुख्य वार्ताकारों की बैठक फिलहाल टल गई है।

# सरकार ने 2026-27 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.03 करोड़ टन तय किया

नयी दिल्ली। सरकार ने आगामी रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.03 करोड़ टन निर्धारित किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के सचिव की अध्यक्षता में यहां राज्य खाद्य सचिवों की बैठक में यह लक्ष्य तय किया गया। गेहूं की अधिकांश खरीद अप्रैल और जून के बीच की जाती है, जबकि अन्य फसलों की खरीद मार्च तक चलती है। वर्ष 2025-26 (रबी फसल) के लिए धान की खरीद चावल के रूप में 76 लाख टन अनुमानित है। इसके साथ ही राज्यों द्वारा मिलेट्स (श्रीअन्न) सहित लगभग 7,79,000 टन मोटे अनाज की खरीद का भी अनुमान लगाया गया है।



रिकॉर्ड 3.34 करोड़ हेक्टेयर में बुवाई और अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण गेहूं का उत्पादन पिछले साल के रिकॉर्ड 11.79 करोड़ टन को पार कर 12 करोड़ टन तक पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास एक अप्रैल, 2026 तक गेहूं का स्टॉक लगभग 1.82 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो घरेलू आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने फरवरी में गेहूं और गेहूं उत्पादों के निर्यात पर लगा चार साल पुराना प्रतिबंध हटा दिया था। सरकार ने शुरुआती तौर पर 25 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी है।

## पेज एक का शेष

### ईरान ने इजरायल

की राजधानी लंदन में हजारों लोगों ने ईरान पर हो रहे हमलों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पुलिस के मुताबिक इस मार्च में करीब 5,000 से 6,000 लोग शामिल हुए। लोगों ने मिलबैंक से मार्च शुरू किया और अमेरिकी एंबेसी की तरफ बढ़े। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि ईरान पर बमबारी बंद की जाए। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने समुद्र में एक तेल टैंकर पर ड्रोन हमला किया। ईरान के मुताबिक जिस जहाज को निशाना बनाया गया उसका नाम लुईस पी है। यह जहाज मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था। ईरानी सेना का कहना है कि यह जहाज अमेरिका से जुड़ा हुआ था, इसलिए इसे निशाना बनाया गया। यह घटना फारस की खाड़ी के बीच समुद्र में हुई। अभी यह साफ नहीं है कि इस हमले में जहाज को कितना नुकसान हुआ या कोई घायल हुआ है या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज ईरान को बहुत भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर कहा कि ईरान अब मिडिल ईस्ट का दबंग नहीं, बल्कि 'लूजर' बन गया है। यह हालात तब तक रह सकते हैं जब तक ईरान सरेंडर न कर दे या पूरी तरह कमजोर न हो जाए। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान मिडिल ईस्ट पर कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन अब पहली बार उसे अपने आसपास के देशों से हार का सामना करना पड़ा है।

### ईरान ने

चाहिए। राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने यह टिप्पणी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक पूर्व रिकॉर्डेड संबोधन में की। उन्होंने क्षेत्र के देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी और कहा कि तेहरान हमलों को रोक देगा। उन्होंने संकेत दिया कि ये हमले सैन्य अधिकारियों के बीच सूचनाओं के गलत संचार के कारण हुए थे।

क्षेत्र में लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन ने इज़राइल को 15.1 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी। ट्रंप ने कहा कि ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने तक उससे कोई बातचीत नहीं होगी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि देश अपनी रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

एक वीडियो फुटेज में पश्चिमी तेहरान के ऊपर विस्फोटों से धुएं के गुबार दिखाई दिए, जबकि इजराइल ने कहा कि उसने व्यापक हमलों का नया दौर शुरू किया है। इजराइली सेना ने कहा कि वह ईरान से दागी गई नयी मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही है।

### यूपी बना

सरकार व समाज मिलकर कार्य करते हैं तो परिणाम कई गुना आता है। इस क्षेत्र में निजी निवेश आज की आवश्यकता है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक है कि सरकार भी प्रयास करे और निजी क्षेत्र भी आगे आए। निजी क्षेत्र की तरफ से सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के लिए सरकार नई पॉलिसी लेकर आ रही है। नए मेडिकल कॉलेज के लिए भी कोई निवेश करता है तो सरकार सहयोग कर रही है। सीएम ने यथार्थ ग्रुप का आह्वान किया कि किसी जनपद में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए आगे आएं। सीएम ने कहा कि मेडिकल काउंसिल ने अपनी शर्तों को सरल किया है। यह सबसे अच्छा समय है, जब नए मेडिकल संस्थान स्थापित करके नौजवानों के लिए यूपी को मेडिकल की उच्चतम शिक्षा का केंद्र बना सकते हैं। सरकार हर सहयोग के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यथार्थ ग्रुप का आठवां हॉस्पिटल है। अष्टसिद्धि के रूप में आगरा के अंदर हॉस्पिटल की स्थापना की है। अष्टसिद्धि होती है तो नवनिधि भी प्राप्त होती है, यह हॉस्पिटल उसका प्रतीक बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि पहले देश में एक एम्स था, अटल जी ने इसकी संख्या छह और मोदी जी ने 23 तक पहुंचा दी। आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, ट्रिपल आईटी की लंबी श्रृंखला खड़ी हुई। जब देश बढ़ रहा है तो सबसे बड़ी आबादी का राज्य भी पीछे नहीं है। 2017 के पहले यूपी में केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, आज 81 मेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा है। पहले प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया हावी थे। पहले सरकारों की सोच माफिया तक सीमित थी तो उन्होंने माफिया पैदा किए, जबकि डबल इंजन सरकार ने हर जनपद को मेडिकल कॉलेज दिया। आज प्रदेश में दो एम्स (रायबरेली व गोरखपुर) संचालित हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार ने विकास व वेलफेयर स्कीम लागू की हैं।

### अयोध्या की

की नीति का हिस्सा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्रज की पवित्र भूमि भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीलाओं से जुड़ी हुई है और भगवान की कृपा से जिस तरह राम मंदिर अयोध्या में बना, उसी तरह मथुरा में भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने मथुरा पहुंचकर सबसे पहले श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर में दर्शन किए। मंदिर परिसर में उन्होंने विधि-विधान से पूजा की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों और संतों के साथ बैठक कर ब्रज क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा की।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज की होली पूरे देश और दुनिया में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि चाहे मथुरा हो, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, नंदगांव या गोवर्धन पूरे ब्रज में होली का उत्सव आस्था और संस्कृति का अद्भुत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु हर साल यहां आकर इस उत्सव में भाग लेते हैं और यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद की 8वीं बोर्ड बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में ब्रज क्षेत्र के पर्यटन, धार्मिक स्थलों के विकास और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई।

### रसोई गैस

बताया कि इस बढ़ोतरी के बावजूद वर्तमान दर लागत के बराबर होने के लिए आवश्यक।,050 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से काफी कम है।

सूत्रों ने तर्क दिया कि एक परिवार में सालाना 4-5 सिलेंडर की औसत खपत को देखते हुए, यह वृद्धि एक परिवार के लिए 80 पैसे प्रतिदिन या प्रति व्यक्ति केवल 20 पैसे प्रतिदिन के बराबर है। उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद भारत में एलपीजी काठमांडू (1,207 रुपये), श्रीलंका (1,241 रुपये) और पाकिस्तान (1,046 रुपये) जैसे पड़ोसी देशों से सस्ती है। अधिकारियों ने बताया कि खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतें अप्रैल 2022 से स्थिर बनी हुई हैं और वर्तमान में आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी कंपनियां इस अंतरराष्ट्रीय दबाव को झेलने की स्थिति में हैं। यह वृद्धि पिछले सप्ताहांत ईरान पर हुए हमलों के बाद पश्चिम एशिया में फैले सैन्य संघर्ष का परिणाम है। इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से टैंकरों की आवाजाही लगभग रुक गई है, जो तेल और गैस निर्यात के लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है।

### हादसे में

नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही हवाई अड्डा प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। हेलीकॉप्टर की तकनीकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि धुआं निकलने की वजह क्या थी। पार्टी नेताओं ने बताया कि मौर्य बिल्कुल ठीक और सुरक्षित हैं और वह अन्य हेलीकॉप्टर से बाद में कौशांबी जाएंगे।

### गुरमीत राम

था। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति को अक्टूबर 2002 में उनके घर के बाहर गोली मार दी गई थी, जब उनके अखबार पूरा सच ने एक गुमनाम पत्र प्रकाशित किया था जिसमें सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय में महिला अनुयायियों के कथित यौन शोषण का जिक्र किया गया था। पत्रकार की बाद में मृत्यु हो गई थी और एक मामला दर्ज किया गया जिसमें राम रहीम को साजिशकर्ता के रूप में नामित किया गया। यह मामला 2006 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया था। राम रहीम और तीन अन्य को जनवरी 2019 में पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने हरियाणा के सिरसा में पत्रकार की हत्या के मामले में दोषी ठहराया था। राम रहीम ने उच्च न्यायालय में सजा को चुनौती दी थी। डेरा प्रमुख के वकील जितेंद्र खुराना ने बताया, मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने शनिवार को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में उन्हें (राम रहीम को) बरी कर दिया। बहरहाल पीठ ने मामले में तीन अन्य आरोपियों की सजा बरकरार रखी है। इस मामले में विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। पत्रकार के बेटे अंशुल छत्रपति ने डेरा प्रमुख को बरी किए जाने के इस फैसले को अपने परिवार के लिए एक झटका बताया, जो एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ रहा है और कहा कि वे इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे।

### हिंदू व सिख

लेकर आज तक नागरिकता से वंचित रखा गया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इस देश पर बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन शरणार्थियों का उतना ही अधिकार है, जितना (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी का अधिकार है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को चुनौती देते हुए शाह ने कहा कि अपना धर्म और परिवार की महिलाओं का सम्मान बचाने के लिए ढेर सारी यातनाएं झेल कर हमारे देश में आए इन शरणार्थियों को नागरिकता जरूर दी जाएगी। उन्होंने कहा राहुल बाबा, जितना विरोध करना है, कर लो। हम नागरिकता दे कर रहेंगे आप हमें नहीं रोक सकते।

### भारत अपनी

क्षेत्र में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा टॉरपीडो दागकर ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना को डुबोए जाने से कुछ दिन पहले ईरान की ओर से आइरिस लावन के संबंध में भारत से संपर्क किया गया था। इसके बाद, भारतीय नौसेना ने इस पोत को अपने यहां खड़े होने की अनुमति दे दी थी। आइरिस लावन चार मार्च को कोच्चि में खड़ा हो गया। यह पोत वर्तमान में कोच्चि में ही है और इसके चालक दल के 183 सदस्यों को मानवीय आधार पर भारतीय नौसेना के परिसरों में ठहराया गया है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) का पालन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। हिंद महासागर क्षेत्र की स्थिति और भारत की विकास गाथा का विश्लेषण करते हुए जयशंकर ने कहा, जो लोग हमारे साथ काम करते हैं, उन्हें जाहिर तौर पर अधिक लाभ मिलेगाअ मैं यह नहीं कह रहा हूं कि भारत के उदय में कोई चुनौतियां नहीं हैं, चुनौतियां तो हैं। लेकिन भारत के विकास की दिशा बिल्कुल स्पष्ट है। एक तरह से, यह रुकने वाला नहीं है।

### एसआईआर में

संबंध में कहा कि छह जनवरी से छह मार्च के बीच प्रपत्र-सात के तहत 2,68,682 आवेदन जमा किए गए थे। इनमें से।,58,027 प्रपत्र पुरुष मतदाताओं,।,10,645 प्रपत्र महिला मतदाताओं और 10 प्रपत्र तीसरे लिंग के मतदाताओं के नाम हटाने के संबंध में हैं। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर, 2025 से छह मार्च, 2026 तक प्रपत्र-सात के अंतर्गत कुल 3,18,140 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पुरुष मतदाताओं के लिए।,86,362, महिला मतदाताओं के लिए।,31,766 और तीसरे लिंग के मतदाताओं के लिए 12 आवेदन शामिल हैं। रिनवा ने कहा कि छह जनवरी को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची में 12.55 करोड़ मतदाता थे, जिनमें 6.88 करोड़ पुरुष (54.8 प्रतिशत), 5.67 करोड़ महिलाएं (45 प्रतिशत) और 4,119 तृतीय लिंग मतदाता (0.01 प्रतिशत) शामिल हैं। 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनके विवरण के सत्यापन की आवश्यकता है।

# मुर्मू ने ममता को छोटी बहन बताया

## नाराजगी पर जतायी हैरानी



कोलकाता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ममता बनर्जी को अपनी छोटी बहन बताया और हैरानी जताई कि क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री किसी बात को लेकर नाराज हैं, क्योंकि उत्तर बंगाल दौरे के दौरान उनका स्वागत करने के लिए न तो मुख्यमंत्री आईं और न ही कोई अन्य मंत्री मौजूद था।

मुर्मू ने सिलीगुड़ी के पास बिधाननगर में आदिवासियों की एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। इससे पहले राष्ट्रपति दिन में बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में एक कार्यक्रम में शामिल हुई थीं। राष्ट्रपति ने कहा, ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें। उन्होंने आदिवासी समुदाय के वार्षिक कार्यक्रम के आयोजन स्थल को बिधाननगर से गोशाईपुर स्थानांतरित किए जाने पर भी सवाल उठाया, जहां कथित तौर पर उपस्थिति कम रही। मुर्मू ने कहा, अगर कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता, तो बेहतर होता। राष्ट्रपति ने कहा, वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है। मुर्मू ने कहा, शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। मुर्मू को आदिवासी समुदाय के वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। अधिकारियों ने हालांकि, सुरक्षा और अन्य व्यवस्था संबंधी कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया। शनिवार दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो वहां केवल कुछ ही लोग मौजूद थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।

प्रोटोकॉल के अनुसार, राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए आमतौर पर मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है। कोलकाता में ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से मनमाने ढंग से नाम हटाए जाने के विरोध में लगातार दूसरे दिन भी अपना धरना जारी रखा।

### शिक्षित और सशक्त महिलाएं प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं : राष्ट्रपति

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। शनिवार को जारी एक संदेश में राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की नींव हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया है। शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त महिलाओं के एक समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि युवा महिलाएं एक नए भारत के सपनों को आकार दे रही हैं, और उन्हें उचित अवसरों, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा, आइए हम सब मिलकर एक ऐसे समाज की दिशा में काम करें जहां महिलाओं को समान अवसर मिलें और वे अपनी क्षमताओं के आधार पर आगे बढ़ सकें और सफलता प्राप्त कर सकें। मुर्मू ने महिला दिवस के सफल आयोजन और सभी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# तृणमूल कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का करेंगे समर्थन



नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह मुद्दा सोमवार को संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन सदन में उठेगा।

तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी लोकसभा के कई विपक्षी सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के साथ हमेशा से खड़ी थी। विपक्षी दलों के कम से कम 118 सांसदों ने ओम बिरला को सदन के अध्यक्ष पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने का नोटिस दिया है। बिरला पर आरोप है कि उन्होंने पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। तृणमूल कांग्रेस नेता ने बताया, हम हमेशा से अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में थे। हम इसे जल्दबाजी में नहीं लाना चाहते थे और इसीलिए बजट सत्र के पहले चरण के अंतिम भाग में हमने कहा था कि इसे तीन दिन बाद पेश किया जाए। नेता ने कहा कि सोमवार को जब नोटिस पर विचार किया जाएगा तब बीमार सांसदों को छोड़कर तृणमूल कांग्रेस के लगभग सभी सांसद लोकसभा में उपस्थित रहेंगे। तृणमूल कांग्रेस के नेता इस मुद्दे पर इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के अन्य नेताओं के भी संपर्क में हैं। लोकसभा ने ओम बिरला को अध्यक्ष पद से हटाने से संबंधित प्रस्ताव पेश करने के लिए विपक्षी सदस्यों के एक नोटिस को सोमवार के लिए सूचीबद्ध किया है। सोमवार की कार्यसूची में केवल इसी प्रस्ताव को शामिल किया गया है। सोमवार को अध्यक्ष द्वारा नाम पुकारे जाने पर सदन के 50 सदस्यों के खड़े होने पर प्रस्ताव को स्वीकृत मान लिया जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी और उस पर मतदान कराया जाएगा। यदि 50 सदस्य नोटिस के समर्थन में खड़े नहीं होते हैं, तो प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने लोकसभा सदस्यों को इस मुद्दे पर विचार-विमर्श के दौरान सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

**संक्षेप**

### समाज में महिलाओं के स्थान के बारे में सही धारणा स्थापित करें

नयी दिल्ली। भारतीय समाज में महिलाओं के स्थान के बारे में एक ‘सही दृष्टिकोणै स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख वी. शांता कुमारी ने शनिवार को कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को बहुत महत्व दिया गया है, लेकिन कुछ लोग कुछ धार्मिक ग्रंथों का उपयोग करके यह जताते हैं कि देश में उनका शोषण होता है। विज्ञान भवन में महिला विचारकों के दो-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कुमारी ने कहा कि भारत में महिलाएं अंतरिक्ष विज्ञान से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। समिति प्रमुख ने कहा, ‘हम सभी जानते हैं कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को बहुत महत्व दिया गया है। स्त्री समाज की आधारशिला और एक सशक्त शक्ति है। इसलिए, नारी से वह नारायणी में रूपांतरित हो सकती है। फिर भी कुछ लोग कुछ धर्मग्रंथों और मनु जैसे कुछ व्यक्तियों के नामों का हवाला देते हुए यह चर्चा छेड़ देते हैं कि यहां शोषण हो रहा है। भारती - नारी से नारायणी नामक सम्मेलन का आयोजन भारतीय विद्वत परिषद द्वारा राष्ट्र सेविका समिति और शरण्या के सहयोग से यहां विज्ञान भवन में किया जा रहा है।

# रात भर हुई भारी बारिश में 23 लोगों की मौत, सेना को तैनात किया गया

केन्या। केन्या की राजधानी में शनिवार को भारी बारिश के कारण 23 लोगों की मौत हो गई, उड़ानें बाधित हुईं और हालात के मद्देनजर सेना को तैनात किया गया।

भारी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर जाने से वाहन चालक घंटों तक फंसे रहे। पुलिस प्रमुख जॉर्ज सेडा ने शनिवार को बताया कि कुछ लोग डूब गए और कुछ की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि खोज एवं बचाव अभियान जारी है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। 100 से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से कुछ सड़क किनारे और पार्किंग स्थलों पर पलट गए। केन्या एयरवेज ने शनिवार को बताया कि उड़ानें बाधित हुईं, कुछ उड़ानों को तटीय शहर मोम्बासा की ओर मोड़ दिया गया और यह व्यवधान कई घंटों तक जारी रहेगा।

आपातकालीन बचाव सेवाओं की सहायता के लिए सेना तैनात की गई और स्थानीय टोल रोड संचालक ने रोड के लिए शुल्क माफ कर दिया।

# एसआईआर के बाद मतदाताओं के नाम हटाना बंगाल को विभाजित करने का प्रयासः ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि एसआईआर के बाद मतदाता सूचियों से मतदाताओं के नाम हटाने का उद्देश्य राज्य को विभाजित करना है। राज्य में मतदाता सूची से कथित रूप से मनमाने तरीके से लोगों के नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहीं ममता बनर्जी ने इस दौरान प्रदर्शन स्थल पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा पर बांग्ला भाषी लोगों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। इससे पहले वह रात में यहीं धरना स्थल पर रुकी थीं।

बनर्जी ने प्रदर्शन स्थल पर आरोप लगाया, उनका इरादा बंगाल को बांटना है। भाजपा बंगाल को विभाजित करके वोट छीनने की साजिश रच रही है। वे (भाजपा नेता) अन्य राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को परेशान कर रहे हैं और पश्चिम बंगाल के लोगों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक दिन पहले उन्होंने एक ट्वीट में देखा था कि बंगाल और बिहार को विभाजित करके एक केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर उनमें हिम्मत है तो बंगाल को हाथ लगाकर दिखाएं। यह उनकी साजिश है। उन्होंने बिहार में झारखंड बनाकर ऐसा किया था, और अब वे फिर से ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची से लाखों नाम कथित तौर पर हटाए जाने पर निर्वाचन आयोग की आलोचना करते हुए बनर्जी ने कहा कि दीनहाटा जैसे एक ही विधानसभा क्षेत्र से 36,000 नाम हटा दिए गए।

# मुनीर ने सऊदी अरब के रक्षा मंत्री से मुलाकात की

इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर सऊदी अरब पहुंचे और वहां रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान से मुलाकात कर सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की।

सऊदी अरब, ईरान के हमलों के निशाने पर आ गया है, जिससे पिछले वर्ष इस्लामाबाद और रियाद के बीच हुए पारस्परिक रक्षा समझौते की परीक्षा हो रही है। इस समझौते के तहत यदि किसी तीसरे देश द्वारा हमला होता है, तो दोनों देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए बाध्य हैं। यह रक्षा समझौता पहली बार ऐसे समय में परखा जा रहा है जब 26 फरवरी को अफगान तालिबान ने पाकिस्तान पर हमला किया। इसके बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा था कि दोनों देशों के बीच खुला युद्ध चल रहा है। इसी दौरान अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सऊदी अरब की ओर कथित तौर पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं। यदि ईरान के साथ औपचारिक युद्ध शुरू होता है।

# पश्चिम एशिया संकट से निपटने में नीतिगत कदम उठायेंगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार मौजूदा पश्चिम एशियाई संकट से निपटने में घरेलू निर्यातकों की मदद के लिए सभी नीतिगत और सहायक उपायों का इस्तेमाल करेगी।

गोयल ने कहा कि सरकार ने दैनिक आधार पर मुद्दों पर विचार करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है। गोयल ने आईआईएफटी वाइस चांसलर कॉन्क्लेव के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि सरकार हमारे निर्यातकों को समर्थन देने के लिए हर नीतिगत उपाय और निर्यात प्रोत्साहन मिशन का उपयोग करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपने निर्यातकों को सहूलियत देने के लिए कुछ तरीकों को औपचारिक रूप देंगे। ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए संयुक्त हमले के बाद निर्यातकों को पश्चिम एशिया में खेप की आवाजाही के संबंध में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर दिन अंतर-मंत्रालयी समूह निर्यातकों से बात करता है...वे प्रतिक्रिया लेते हैं और हम किसी भी तरह से अपने निर्यातकों का समर्थन करने में पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपने उद्योगों द्वारा विदेशों के खरीदारों से किए गए सभी समझौतों और वादों को पूरा करता रहेगा, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों। वाणिज्य मंत्रालय इस मुद्दे पर पोत परिवहन मंत्रालय और शिपिंग कंपनियों से भी लगातार बातचीत कर रहा है, ताकि निर्यातकों की समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। जब उनसे माल ढुलाई के बढ़ते खर्च के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस पर भी काम कर रहा है और यह देख रहा है कि निर्यातकों पर पड़ने वाले बोझ को कैसे कम किया जाए।

# टी20 विश्व कप फाइनल के लिए नयी दिल्ली-अहमदाबाद विशेष ट्रेन चली



नयी दिल्ली। उत्तर रेलवे शनिवार रात 11:45 बजे नयी दिल्ली से अहमदाबाद के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा ताकि क्रिकेट प्रशंसक टी20 विश्व कप का फाइनल मैच देखने के लिए जा सकें। उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने कहा, अहमदाबाद जाने के इच्छुक यात्रियों की संख्या बढ़ने और फ्लाइट टिकट महंगे होने तथा सामान्य ट्रेन टिकट उपलब्ध नहीं होने के कारण हमने क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिए नयी दिल्ली से विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा, 19 कोचों वाली यह विशेष ट्रेन आज रात 11:45 बजे नयी दिल्ली से रवाना होकर दिल्ली कैंट, गुरुग्राम और जयपुर के रास्ते कल दोपहर 2:30 बजे साबरमती पहुंचेगी।

**इंटरटेनमेंट...**

# बादशाह ने आपत्तिजनक बोल व दृश्यों के लिए मांगी माफी



चंडीगढ़। रैपर-संगीतकार बादशाह के हाल ही में रिलीज हुए हरियाणवी गाने टटीरी में कथित आपत्तिजनक बोल और दृश्यों को लेकर मामला दर्ज किये जाने के एक दिन बाद पुलिस ने संगीतकार (बादशाह) को देश छोड़कर जाने से रोकने के लिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस बीच, बादशाह ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने नये गाने से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचने के लिए माफी मांगी। पंचकूला पुलिस ने बादशाह को तत्काल पेश होने को लेकर औपचारिक नोटिस जारी किया है। हरियाणा पुलिस ने शनिवार को एक बयान में बताया कि बादशाह की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए कई पुलिस टीम गठित की गई हैं और विभिन्न संभावित स्थानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। बयान में बताया गया आरोपी के देश छोड़ने का प्रयास करने की संभावना के मद्देनजर बादशाह के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने पंचकूला के एक निवासी की शिकायत के आधार पर बादशाह के हाल ही में रिलीज हुए संगीत वीडियो में आपत्तिजनक बोल और दृश्यों के इस्तेमाल के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। बादशाह के खिलाफ महिला अश्लील चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा तीन व चार और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बयान में बताया सोशल मीडिया और गानों में आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए हरियाणा पुलिस ने गायक आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ बादशाह के खिलाफ बड़ी कार्वाई शुरू की है। इसके अलावा, वीडियो को सभी सोशल मीडिया मंचों से हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। गायक ने एक वीडियो संदेश में कहा मेरा नया गाना टटीरी रिलीज हुआ है। मैं देख रहा हूं कि गाने के एक हिस्से के बोल और दृश्य के कारण हरियाणा के बहुत से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं भी हरियाणा से हूं। जो लोग मुझे जानते हैं, मेरी बोली, खान-पान और रहन-सहन, मेरी पहचान हरियाणा से है। मुझे हरियाणवी होने पर गर्व है।

उन्होंने कहा, मेरा कभी भी ऐसा कोई इरादा नहीं था कि मैं किसी भी बच्चे, महिला के बारे में बेहूदी बात करूं। मैं हिप-हॉप जॉनर से हूं, जहां गाने के बोल उनके प्रतिद्वंदी के लिए होते हैं और ये न तो बच्चे के लिए और न ही किसी महिला के लिए। मैं ऐसा कभी नहीं करूंगा। बादशाह ने कहा, मैंने हमेशा हरियाणवी बोली और संस्कृति को नई उंचाइयों पर ले जाने का प्रयास किया है। लेकिन अगर किसी को ठेस पहुंची हो तो मैं तहे दिल से क्षमा चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि आप मुझे हरियाणा का बेटा मानकर माफ करेंगे।

## दुबई से सुरक्षित भारत वापस लौटीं सुभाश्री गांगुली

मुम्बई। पश्चिम एशिया में इन दिनों भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में कई सिलेब्रिटीज भी दुबई में फंसे हुए थे, जिनमें से ज्यादातर सितारे वापस भारत सुरक्षित लौट आए हैं। अब आज सुभाश्री भी दुबई से सुरक्षित भारत लौटीं, जिसके बाद उन्होंने वहां के हालातों के बारे में जानकारी दी। ऐसी दुबई तो सपने में भी नहीं सोची थीः ओमान से आई चार्टर्ड फ्लाइट में लौटे कई परिवार, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सुभाश्री गांगुली हाल ही में दुबई में फंसे रहने के बाद सुरक्षित भारत लौट आई हैं। भारत पहुंचने के बाद उन्होंने वहां की स्थिति को बहुत डरावना बताया।

# तेलुगु अभिनेता अल्लू सिरीश ने नयनिका संग रचायी शादी



नयी दिल्ली। तेलुगु अभिनेता अल्लू सिरीश अपनी प्रेमिका नयनिका के साथ हैदराबाद में शादी के बंधन में बंध गए। इस विवाह समारोह में कई जाने-माने फिल्मी सितारों भी शामिल हुए। तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन के भाई और प्रमुख निर्माता अल्लू अरविंद के बेटे सिरीश ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम के जरिए यह जानकारी साझा की।

उन्होंने शादी की कुछ झलकियां भी अपलोड कीं। सिरीश और नयनिका ने शुक्रवार यानी छह मार्च को शादी की। यह वही तारीख है जब अर्जुन ने 2011 में स्नेहा रेड्डी से शादी की थी। अभिनेता ने आइवरी रंग की शेरवानी पहनी थी, जिस पर बारीक कढ़ाई की गई थी।

# 19 मार्च को रिलीज होगी धुरंधर-2




नयी दिल्ली। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधरः द रिवेंज के निर्माताओं ने शनिवार को इसका बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया। ट्रेलर में रणवीर सिंह एक आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए एक जोखिम भरे मिशन पर निकलते हैं और प्रतिशोध लेने की कोशिश करते हैं। रणवीर सिंह इस तीन मिनट 25 सेकंड के ट्रेलर से दमदार वापसी करते नजर आ रहे हैं। इसमें वह जसकीरत सिंह रांगी और हमजा अली मजारी के दोहरे अवतार में नजर आ रहे हैं। साथ ही यह दिखाया गया है कि रांगी कैसे गिरोह के भीतर से काम करते हुए एक आतंकी संगठन को खत्म करने की कोशिश करता है। ट्रेलर के अंत में सिंह कहते हैं, अब भारत पाकिस्तान का भविष्य तय करेगा। यह फिल्म धर की 2025 में आई फिल्म धुरंधर की अगली कड़ी है, जिसने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ आर माधवन रणनीतिकार अजय सान्याल की भूमिका में, अर्जुन रामपाल आईएसआई मेजर इकबाल के रूप में और संजय दत्त एसपी चौधरी असलम का किरदार निभाते नजर आए थे। यह फिल्म कंधार विमान अपहरण, 2001 का संसद हमला और 26।11 के मुंबई हमलों जैसी भू-राजनीतिक और आतंकी घटनाओं की पृष्ठभूमि पर आधारित खुफिया अभियानों की कहानी है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com